राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 330
लखनऊ, शनिवार 1 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित





samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



एडीजी-डीआईजी ने किया पांचाल घाट का निरीक्षण 10

उपाधि व पदक लेने में छात्राएं आगे : राज्यपाल 03


**-: सर्राफा बाजार :-**

| | |
|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = 1,44,750/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = 1,32,700/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = 1,08,600/10 ग्राम |
| चांदी | = 3,35,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय कर्मचारियों को जुलाई से मिल सकता है तीन फीसद डीए हाइक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए राहत भरी खबर है। जुलाई 2026 से महंगाई भत्ते में 3 फीसदी बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। इससे देशभर के एक करोड़ से अधिक केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स को लाभ मिलने की उम्मीद है। केंद्र सरकार साल में दो बार जनवरी और जुलाई से महंगाई भत्ते में संशोधन करती है। जनवरी 2026 में डीए में 2 फीसदी की बढ़ोतरी के बाद यह मूल वेतन का 60 फीसदी हो गया था। अब जुलाई से इसमें 3 फीसदी इजाफा होने की संभावना है।

### पश्चिम बंगाल में जैश का संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने पूर्वी बर्धमान जिले से जैश-ए-मोहम्मद के एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 23 वर्षीय हामिम मंडल के रूप में हुई है। जांच एजेंसियों का दावा है कि आरोपी मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्था की रेकी कर रहा था। उसके मोबाइल फोन और किराये के मकान से मिले दस्तावेजों के आधार पर कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। अदालत ने आरोपी को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### स्पेन में घुसने की कोशिश में 18 की मौत

**स्यूटा (स्पेन)।** यूरोप में प्रवेश की कोशिश कर रहे अफ्रीकी प्रवासियों की भीड़ के बीच स्पेन के स्वायत्त शहर स्यूटा में बड़ा हादसा हो गया। मोरक्को से स्पेन की सीमा में जबरन घुसने का प्रयास कर रहे प्रवासियों में मची भगदड़ और अफरा-तफरी में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक स्पेनिश और मोरक्को के सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब गुरुवार तड़के करीब 3,000 प्रवासियों ने एक साथ सीमा पार करने की कोशिश की।

### पाकिस्तान पीएम मोदी को देगा न्योता

**नई दिल्ली/इस्लामाबाद।** पाकिस्तान अगले वर्ष इस्लामाबाद में आयोजित होने वाले शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को औपचारिक निमंत्रण भेजेगा। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, मेजबान देश होने के नाते सभी सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों और सरकार प्रमुखों को प्रोटोकॉल के तहत आमंत्रित किया जाएगा। इसी प्रक्रिया के तहत भारत के प्रधानमंत्री को भी निमंत्रण भेजा जाएगा। हालांकि, निमंत्रण भेजे जाने का अर्थ यह नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी सम्मेलन में व्यक्तिगत रूप से शामिल होंगे।

# दिल्ली दंगा : आईबी अफसर के पांच हत्यारों को उम्रकैद

- हत्याकांड में शामिल था आप पार्षद ताहिर हुसैन
- कोर्ट बोला, समाज को झकझोर देने वाला आपराध

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

वर्ष 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के दौरान खुफिया ब्यूरो (आईबी) के अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने शुक्रवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए पूर्व आम आदमी पार्टी पार्षद ताहिर हुसैन समेत पांच दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने इस घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि यह ऐसा अपराध था जिसने पूरे समाज को झकझोर दिया।

सजा पाने वालों में ताहिर हुसैन के अलावा नाजिम, काशिम, अनस और जावेद शामिल हैं। अदालत ने इससे पहले 13 जुलाई को सभी पांच आरोपियों को हत्या, अपहरण, दंगा और सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने का दोषी करार दिया था। वहीं, इसी मामले में आरोपित छह अन्य लोगों को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया गया था।

सजा सुनाते हुए अदालत ने कहा कि ताहिर हुसैन उस हिंसक भीड़ का हिस्सा थे, जो सांप्रदायिक नफरत से प्रेरित होकर दंगा, आगजनी और लूटपाट के उद्देश्य से एकत्र हुई थी। अदालत के अनुसार, इसी भीड़ ने बेरहमी से हमला कर आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या की।

दिल्ली पुलिस ने अदालत से दोषियों को मृत्युदंड देने की मांग की थी। अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि अंकित शर्मा की हत्या अत्यंत क्रूर, सुनियोजित और अमानवीय तरीके से की गई। पुलिस ने कहा कि मौत के बाद भी उनके शरीर पर हमला जारी रखा गया, इसलिए यह मामला रेयरेस्ट ऑफ रेयर श्रेणी में आता है।

ताहिर हुसैन के वकील ने अदालत में कहा कि प्रत्येक हत्या का मामला मृत्युदंड योग्य नहीं होता। उन्होंने तर्क दिया कि सभी दोषियों की व्यक्तिगत भूमिका स्पष्ट रूप से अलग-अलग स्थापित नहीं की गई है, इसलिए इसे रेयरेस्ट ऑफ रेयर नहीं माना जाना चाहिए।



### नाले में मिला था अंकित शर्मा का शव

25 फरवरी 2020 को आईबी अधिकारी अंकित शर्मा घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। अगले दिन उनका शव चांदबाग पुलिया के पास खजूरी खास इलाके के नाले से बरामद हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनके शरीर पर 51 चोटों के निशान पाए गए थे। अंकित शर्मा के पिता रविंदर कुमार ने दयालपुर थाने में दर्ज कराई शिकायत में आरोप लगाया था कि तत्कालीन आप पार्षद ताहिर हुसैन और उसके साथियों ने हत्या कर शव को नाले में फेंक दिया।

### सीएए विरोध प्रदर्शन के दौरान भड़की थी हिंसा

उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 23 फरवरी 2020 को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के समर्थन और विरोध में प्रदर्शन कर रहे समूहों के बीच हिंसक झड़पें शुरू हुई थीं। यह हिंसा 26 फरवरी तक चली, जिसमें 53 लोगों की मौत हुई थी और 250 से अधिक लोग घायल हुए थे। मृतकों में 38 मुस्लिम और 15 हिंदू शामिल थे। दंगों में सैकड़ों मकान, दुकानें और अन्य संपत्तियां भी जलकर नष्ट हो गई थीं।

### 2025 में चुनाव भी लड़ा था ताहिर

जेल में बंद रहने के बावजूद ताहिर हुसैन ने वर्ष 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में एआईएमआईएम के टिकट पर मुस्तफाबाद सीट से चुनाव लड़ा था। चुनाव प्रचार के लिए उन्हें कस्टडी पैरोल मिली थी। हालांकि, वह चुनाव हार गए और तीसरे स्थान पर रहे। भाजपा उम्मीदवार मोहन सिंह बिष्ट ने इस सीट पर जीत दर्ज की थी।

# नेपाल में तनाव, सप्तरी में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू

### भारत-नेपाल सीमा पर पहचान पत्र अनिवार्य

**एजेंसी, काठमांडू।**

नेपाल के तराई क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। सुनसरी जिले से शुरू हुई हिंसा अब सप्तरी, धनुषा और सिराहा तक फैल गई है। हालात को देखते हुए नेपाल प्रशासन ने भारत से सटे सप्तरी जिले के राजबिराज नगर क्षेत्र के कुछ हिस्सों में शुक्रवार सुबह से अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया है। इसके साथ ही भारत-नेपाल सीमा से आने-जाने वाले लोगों के लिए वैध पहचान पत्र साथ रखना भी अनिवार्य कर दिया गया है।



प्रशासन के अनुसार, सुनसरी में हुई हिंसा के विरोध में विभिन्न संगठनों द्वारा प्रदर्शन और तनाव बढ़ने की आशंका को देखते हुए एहतियाती कदम उठाए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए नेपाल पुलिस, सशस्त्र पुलिस बल और सेना की अतिरिक्त टुकड़ियां तैनात की गई हैं। सप्तरी में कर्फ्यू लागू होने के बाद अब सुनसरी, धनुषा, सिराहा और सप्तरी के विभिन्न हिस्सों में प्रतिबंध लागू हैं। अधिकारियों के मुताबिक अब तक हिंसा में तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि पुलिसकर्मियों सहित कई लोग घायल हुए हैं। प्रशासन का कहना है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

## प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भाजपा को कहा अलविदा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि अभी तक भाजपा या पूनावाला की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन उनके सोशल मीडिया प्रोफाइल में बदलाव के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। महाराष्ट्र के पुणे में वर्ष 1987 में जन्मे शहजाद पूनावाला पेशे से वकील और सामाजिक कार्यकर्ता रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2008 में कांग्रेस से राजनीति की शुरुआत की।

# जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र में बदले नियम दो साल बाद कोर्ट की अनुमति जरूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। लोकसभा ने शुक्रवार को विपक्ष के हंगामे के बीच जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक-2026 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। नए प्रावधानों के तहत जन्म या मृत्यु के पंजीकरण में ज्यादा देरी होने पर प्रक्रिया पहले से अधिक सख्त हो जाएगी।

संशोधन विधेयक के अनुसार, यदि जन्म या मृत्यु की सूचना दो साल से अधिक समय बाद दी जाती है तो प्रमाणपत्र जारी कराने के लिए प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश की आवश्यकता होगी। यानी ऐसे मामलों में लोगों को न्यायालय की प्रक्रिया से गुजरना पड़ सकता है। वर्तमान व्यवस्था में एक साल से अधिक देरी होने पर जिला मजिस्ट्रेट, उपखंड मजिस्ट्रेट या अधिकृत कार्यपालक मजिस्ट्रेट के आदेश से पंजीकरण कराया जा सकता है। नए नियम लागू होने के बाद एक साल से अधिक और दो साल तक की देरी वाले मामलों में यह व्यवस्था जारी रहेगी, लेकिन दो साल से ज्यादा विलंब पर न्यायिक मजिस्ट्रेट की अनुमति अनिवार्य होगी।

### किसान परिवारों के मेधावी बच्चों को ज्यादा सहूलियत देने की तैयारी

# सीएम कृषक छात्रवृत्ति योजना का बढ़ेगा दायरा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री कृषक छात्रवृत्ति योजना का दायरा बढ़ाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों और खेतिहर मजदूरों के मेधावी बच्चों को मिलने वाली इस योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाए। उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 172वीं बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के विस्तार के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर किसान परिवारों के प्रतिभाशाली बच्चों को शिक्षा में सहयोग मिल सके।

बैठक में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना और मुख्यमंत्री खेत-खलिहान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना को भी जारी रखने का निर्णय लिया गया। इन योजनाओं की अवधि एक जुलाई 2025 से 30 जून 2030 तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। वर्ष 2026-27 के लिए किसान कल्याण, कृषि विपणन और मंडी व्यवस्था से जुड़े कई प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री ने मंडियों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने पर जोर देते हुए कहा कि मंडी स्थलों का आधुनिकीकरण और पुनरोद्धार किया जाए। किसानों को बेहतर विपणन व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जाए। योगी आदित्यनाथ ने मंडी परिसरों में पीपीपी मॉडल पर कृषि उपज प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि प्रसंस्करण से किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की अधिक से अधिक मंडियों को ई-नाम (राष्ट्रीय कृषि बाजार) प्लेटफॉर्म से जोड़ने और राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन को गति देने के निर्देश दिए। इसके अलावा हर जिले में जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए मंडी परिषद के 3025.49 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी गई। इसमें मंडी स्थलों के निर्माण और विस्तार, संपर्क मार्गों की मरम्मत, ग्रामीण हाट, किसान बाजार, गोवंश आश्रय स्थल, छात्रावास निर्माण और भूमि क्रय जैसे कार्यों के लिए प्रावधान किए गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश की मंडी समितियों की आय में भी वृद्धि हुई है। वर्ष 2024-25 में जहां आय 1991.33 करोड़ रुपये थी, वहीं वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 2305.80 करोड़ रुपये हो गई। यह करीब 15.79 प्रतिशत की वृद्धि है।

इसके अलावा मूल्य समर्थन योजना के तहत दलहन और तिलहन खरीद को प्रभावी बनाने के लिए सहकारी संस्थाओं को ब्याजमुक्त कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।



- सीएम योगी ने दिए अधिक छात्रों को लाभ देने के निर्देश
- मंडियों के आधुनिकीकरण पर भी दिया जोर
- किसान कल्याण योजना के लिए बजट मंजूर

## सदन में हंगामे के बीच दोनों सदन तीन अगस्त तक स्थगित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव और तेज हो गया। एक ओर विपक्ष ने अयोध्या के राम मंदिर के चढ़ावे में कथित गड़बड़ी के मुद्दे पर संसद परिसर में अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया, वहीं दूसरी ओर सदन के भीतर लगातार हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही समय से पहले स्थगित करनी पड़ी। इसी बीच केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस को लेकर भी राजनीतिक विवाद गहरा गया। हंगामा जारी रहने पर लोकसभा व राज्यसभा की कार्यवाही 3 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### मुसलमानों में एक से अधिक विवाह करने पर रोक लगाने का मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

मुस्लिम समुदाय में एक से अधिक विवाह (बहुविवाह) पर रोक लगाने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। याचिका में बहुविवाह प्रथा को संविधान में दिए गए समानता के अधिकार के खिलाफ बताया गया है।

याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है, लेकिन मुस्लिम महिलाओं को बहुविवाह की वजह से समानता और सम्मान का अधिकार नहीं मिल पा रहा है। याचिका में दावा किया गया है कि एक से अधिक विवाह की अनुमति महिलाओं के अधिकारों और लैंगिक समानता के सिद्धांतों के विपरीत है।



सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर इस मुद्दे पर अपना पक्ष रखने को कहा है। अदालत ने फिलहाल किसी तरह का अंतिम आदेश नहीं दिया है।

याचिका में मांग की गई है कि बहुविवाह जैसी प्रथाओं की संवैधानिक वैधता की समीक्षा की जाए और सभी धर्मों में विवाह से जुड़े कानूनों में समानता सुनिश्चित की जाए।

गौरतलब है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत पुरुषों को चार निकाह तक की अनुमति का प्रावधान माना जाता है, जबकि भारत में हिंदू, ईसाई और अन्य कई समुदायों के लिए एक विवाह की व्यवस्था लागू है। इसी अंतर को लेकर समय-समय पर बहस होती रही है। सुप्रीम कोर्ट में दायर इस याचिका के बाद अब केंद्र के जवाब पर आगे की सुनवाई होगी।

# एलएसी के पास चीन की बड़ी तैनाती, दो एयरबेस पर स्टील्थ फाइटर जेट तैनात

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत-चीन सीमा के पास चीन ने अपनी वायु शक्ति बढ़ाते हुए दो प्रमुख एयरबेस पर 12 जे-20 स्टील्थ फाइटर जेट तैनात किए हैं। नई सैटेलाइट तस्वीरों के आधार पर यह जानकारी सामने आई है। यह तैनाती चीन की ओर से ऊंचाई वाले सीमावर्ती इलाकों में अपनी सैन्य क्षमता मजबूत करने के प्रयास के रूप में देखी जा रही है। कमर्शियल सैटेलाइट कंपनी वेंटर की 9 जुलाई को ली गई तस्वीरों में शिनजियांग के होतान एयरबेस पर आठ जे-20 'माइटी ड्रैगन' लड़ाकू विमान दिखाई दिए हैं। वहीं, 25 जून की तस्वीरों में तिब्बत के डामशुंग एयरबेस पर चार जे-20 विमान नजर आए थे। होतान एयरबेस भारत के दौलत बेग ओल्डी एयरबेस से करीब 245 किलोमीटर और लेह से लगभग 389 किलोमीटर दूर है। जबकि डामशुंग एयरबेस अरुणाचल प्रदेश के तवांग क्षेत्र से करीब 344 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। जे-20 चीन का पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ फाइटर जेट है, जिसे रडार और निगरानी प्रणालियों से बचने की क्षमता के लिए जाना जाता है। इन एयरबेस पर जे-20 के अलावा केजे-500 अर्ली वार्निंग विमान, ड्रोन और अन्य लड़ाकू विमान भी तैनात रहते हैं।

# अमेरिकी सीनेट में ईरान पर सैन्य कार्रवाई रोकने वाला प्रस्ताव एक वोट से गिरा

- राष्ट्रपति के अधिकार बरकरार

**एजेंसी, वॉशिंगटन/तेहरान/तेल अवीव।**

ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई पर राष्ट्रपति की शक्तियों को सीमित करने का प्रस्ताव अमेरिकी सीनेट में बेहद करीबी मुकाबले में एक वोट से खारिज हो गया। गुरुवार को हुई वोटिंग में प्रस्ताव के पक्ष में 49 और विरोध में 50 वोट पड़े।

रिपब्लिकन सांसद डेव मैककॉर्मिक मतदान में शामिल नहीं हुए। प्रस्ताव गिरने के बाद फिलहाल अमेरिकी राष्ट्रपति को ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए कांग्रेस की पूर्व मंजूरी लेने की बाध्यता नहीं होगी। यह प्रस्ताव उन सांसदों की ओर से लाया गया था, जो मानते हैं कि किसी भी बड़े सैन्य अभियान का अंतिम फैसला अमेरिकी कांग्रेस को करना चाहिए। यदि यह पारित हो जाता, तो राष्ट्रपति एकतरफा सैन्य कार्रवाई नहीं कर सकते थे।



# भारत के मुक्केबाजी में चार व जूडो में तीन पदक पक्के

**एजेंसी, ग्लासगो।**



कॉमनवेल्थ गेम्स

कॉमनवेल्थ गेम्स के आठवें दिन भारत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बॉक्सिंग में चार भारतीय मुक्केबाजों ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बना ली, जिससे भारत के कम से कम चार रजत पदक पक्के हो गए हैं। वहीं जूडो में भी तीन भारतीय खिलाड़ियों ने फाइनल में पहुंचकर पदक सुनिश्चित कर लिए हैं।

महिलाओं की 70 किग्रा बॉक्सिंग स्पर्धा में अरुंधति चौधरी ने वेल्स की रोजी एक्लेस को 4-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसके अलावा प्रीति पवार (54 किग्रा), जैस्मीन लम्बोरिया (57 किग्रा) और पुरुष वर्ग में अंकुश पंघाल (80 किग्रा) ने भी अपने मुकाबले जीतकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। जूडो में हर्ष सिंह ने पुरुषों के 60 किग्रा वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया, जबकि अस्मिता डे (48 किग्रा) और यामिनी मौर्या (57 किग्रा) ने भी फाइनल में पहुंचकर भारत के लिए पदक पक्का कर दिया। अब तक भारत कॉमनवेल्थ गेम्स में 17 पदक जीत चुका है।

उत्साहवर्धक

### स्वच्छ ऊर्जा की ओर बड़ा कदम, केंद्र सरकार का कैबिनेट निर्णय लायेगा बदलाव

# जलाशयों पर तैरेंगे सोलर प्लांट, हर साल बनेगी 37 अरब यूनिट बिजली

- 2031 तक 5,000 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर क्षमता विकसित होगी
- 5,070 करोड़ रुपये होंगे खर्च

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना' को मंजूरी दे दी है। योजना के तहत देशभर के जलाशयों, बांधों और औद्योगिक तालाबों पर 5,000 मेगावाट क्षमता के फ्लोटिंग (पानी पर तैरने वाले) सोलर प्लांट स्थापित किए जाएंगे। सरकार इस योजना पर 5,070 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसका लक्ष्य वर्ष 2026-27 से 2030-31 के बीच परियोजनाओं को पूरा करना है।
सरकार के अनुसार, इन फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं से हर साल करीब 37 अरब यूनिट बिजली का उत्पादन होगा, जिससे लखनऊ जैसे लगभग पांच बड़े शहरों की वार्षिक बिजली जरूरत पूरी की जा सकेगी। प्रत्येक परियोजना के साथ कम से कम दो घंटे की क्षमता वाला ऊर्जा भंडारण (एनर्जी स्टोरेज) सिस्टम भी लगाया जाएगा, ताकि जरूरत के समय बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।
योजना के तहत परियोजना पूरी करने वाली कंपनियों को प्रति मेगावाट एक करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता मिलेगी, जबकि प्रारंभिक सर्वे और व्यवहार्यता अध्ययन के लिए 50 लाख रुपये तक की आर्थिक मदद दी जाएगी। यह योजना सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होगी।
वर्तमान में देश में फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं की क्षमता करीब 700 मेगावाट है। नई योजना के बाद इसे बढ़ाकर 5,700 मेगावाट तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। जलाशयों पर सोलर प्लांट लगाने से कृषि योग्य भूमि का उपयोग नहीं होगा, जबकि पानी की सतह से मिलने वाली ठंडक के कारण सोलर पैनलों की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। साथ ही जलाशयों से पानी का वाष्पीकरण कम होगा और जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।
सरकार का अनुमान है कि इस योजना से हर वर्ष करीब एक करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी। साथ ही 16 से 17 हजार लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। सोलर पैनल, बैटरी और फ्लोटिंग सिस्टम जैसे उपकरणों के घरेलू निर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार का मानना है कि यह योजना देश को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने और वर्ष 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।



### किसानों और खेलो इंडिया को भी बड़ी सौगात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में किसानों और खेल क्षेत्र को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने किसानों को आर्थिक मजबूती देने के लिए 3.16 लाख करोड़ रुपये की सहायता को मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ाना, किसानों को आर्थिक सहयोग देना और खेती को अधिक लाभकारी बनाना है। कैबिनेट ने खेलो इंडिया योजना के विस्तार को भी मंजूरी दी है। इसके लिए अगले पांच वर्षों के लिए 29,000 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। इस राशि से खेल सुविधाओं के विकास, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, नई प्रतिभाओं की पहचान और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारियों को मजबूती दी जाएगी। सरकार का कहना है कि इन फैसलों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और भारत में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। कैबिनेट के ये निर्णय कृषि और खेल क्षेत्र में दीर्घकालिक सुधारों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माने जा रहे हैं।

### नौ समितियों ने जमा की पूरी धनराशि, शेष सचिवों पर गिरेगी गाज

# धनराशि जमा न करने वाले सचिवों पर होगी कार्रवाई

- एक सप्ताह की मिली अंतिम मोहलत
- भुगतान न करने वालों के विरुद्ध दर्ज होगी एफआईआर




**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**

जनपद में सहकारिता विभाग द्वारा वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने एवं बकाया धनराशि की वसूली के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 18 जुलाई,2026 को कुल 28 सचिवों को धनराशि जमा करने के संबंध में नोटिस जारी की गई थी। विभाग द्वारा प्राप्त अद्यतन प्रगति रिपोर्ट के अनुसार 9 समितियों के सचिवों ने निर्धारित सम्पूर्ण धनराशि जमा कर दी है, जबकि 5 सचिवों द्वारा आंशिक धनराशि जमा की गई है। इसके अतिरिक्त 11 सचिवों द्वारा अभी तक कोई भी धनराशि जमा नहीं की गई है तथा शेष सचिवों द्वारा भी निर्धारित धनराशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया गया है। विभाग द्वारा सभी मामलों की समीक्षा करते हुए वसूली प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक (एआर कोआपरेटिव) रविशंकर चौधरी को निर्देशित किया कि सभी संबंधित सचिवों की अद्यतन स्थिति का विस्तृत एवं तथ्यात्मक प्रतिवेदन तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन सचिवों द्वारा नोटिस जारी होने के बाद भी अपेक्षित धनराशि जमा नहीं की गई है, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विभागीय स्तर पर किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक प्रकरण की नियमित निगरानी की जाएगी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि जिन सचिवों द्वारा आगामी एक सप्ताह के भीतर सम्पूर्ण बकाया धनराशि जमा नहीं की जाएगी, उनके विरुद्ध तत्काल विभागीय कार्रवाई प्रारम्भ की जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ऐसे सचिवों के विरुद्ध नियमानुसार एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई भी पूर्ण की जाए।

उन्होंने कहा कि सरकारी धन की सुरक्षा एवं वित्तीय जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर अनियमितता या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# खाकी पर दाग : पीड़ित को मिली एनकाउंटर की धमकी

- करनैलगंज में पकड़ा गया हेड कांस्टेबल
- मण्डलायुक्त से एफआईआर दर्ज कराने की मांग
- पीड़ित ने कहा, दो नाबालिग बच्चों के साथ जान को खतरा



**बड़ा आरोप : पुलिस टीम ने एनकाउंटर की दी धमकी**

पीड़ित का सबसे गंभीर आरोप है कि पुलिस टीम ने उसे ही धमकी दी। आरोप है कि पुलिस वालों ने कहा, अगर कहीं शिकायत की तो एनकाउंटर करवा देंगे। पीड़ित ने बताया कि उसके दो नाबालिग बच्चे हैं और वह इस धमकी के बाद काफी डरा हुआ है। पीड़ित ने मण्डलायुक्त से मांग की है कि मामले में निष्पक्ष जांच कराकर आरोपी पुलिसकर्मी और उसकी पत्नी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कराई जाए। मामले में सीओ कर्नलगंज से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई आधिकारिक बयान नहीं मिल सका।

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र में एक पुलिसकर्मी पर महिला से अवैध संबंध और घर में घुसकर बदसलूकी का गंभीर आरोप लगा है। मामले में पीड़ित पक्ष ने देवीपाटन मण्डलायुक्त को प्रार्थना पत्र देकर उच्चस्तरीय जांच और एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।

शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी शादी 2014 में हुई थी। आरोप है कि उसकी पत्नी के संबंध थाना करनैलगंज में तैनात 100 नम्बर (112) पर तैनात एक हेड कांस्टेबल कुलदीप से हो गए।

हेड कांस्टेबल आए दिन फोन पर बात करता था और पति की गैरमौजूदगी में घर भी आता था। पीड़ित ने बताया कि 07 जुलाई 2026 की रात करीब 9 बजे उक्त हेड कांस्टेबल कुलदीप सादे कपड़ों में उसके घर पहुंचा। घर में अंजान व्यक्ति को देखकर पीड़ित ने शोर मचाया। मौके पर गांव के लोग इकट्ठा हो गए और आरोपी को घर के अंदर ही पकड़ लिया। घटना का वीडियो भी बनाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम आरोपी को अपने साथ ले गई।

### मारवाड़ी युवा मंच महिला मंडल ने प्रतिभागियों को किया सम्मानित



**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा द्वारा मारवाड़ इंटर कॉलेज गोंडा में अंगदान जागरूकता माह अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता रखी गई। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया और कला के माध्यम से अंगदान एवं नेत्रदान जैसे महान सामाजिक संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। मारवाड़ी युवा मंच मंडल ग उपाध्यक्ष सचिन खेमका, मारवाड़ी युवा मंच गोंडा शाखा अध्यक्ष राम मनोहर अग्रवाल, एवं सचिव पवन अग्रवाल द्वारा विजेता का चयन किया गया । प्रथम एवं द्वितीय विजेता छात्रों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### 2.53 लाख की लूट का खुलासा, तीन गिरफ्तार



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने बीसी संचालक से दिनदहाड़े हुई 2.53 लाख रुपये की लूट का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने वारदात में शामिल तीन लुटेरों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से लूट की 2 लाख 10 हजार 400 रुपये की नकदी, एक अवैध तमंचा और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, वारदात को अंजाम दिलाने में एक आरोपी ने मुखबिर की भूमिका निभाई थी, जिसने बैंक से रुपये निकालने की सूचना अपने साथियों को फोन पर दी थी। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे पयागपुर थाना क्षेत्र में बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने बीसी संचालक अयोध्या प्रसाद को असलहे के बल पर रोक लिया था और उनसे 2 लाख 53 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए थे। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने मामले के खुलासे के लिए पयागपुर पुलिस और स्वाट टीम को लगाया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्वाट टीम प्रभारी राकेश कुमार सिंह और पयागपुर थाने के उपनिरीक्षक गोपाल सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि लूट में शामिल बदमाश दो बाइकों से खजुरी गांव की ओर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों बाइकों को रोक लिया और चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से लूट की 2 लाख 10 हजार 400 रुपये की नकदी, एक .315 बोर का अवैध तमंचा और अन्य दस्तावेज बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पयागपुर थाना क्षेत्र के सूर्य कुमार सिंह, जय सिंह, वीरेंद्र सिंह (निवासी लखाही पुतलीतारा गांव) तथा सहबान (निवासी शिवदहा गांव) के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि सहबान ने ही बीसी संचालक के बैंक से रुपये निकालने की सूचना फोन के माध्यम से तीनों आरोपियों को दी थी। इसके बाद आरोपियों ने रास्ते में घेरकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

### वन विभाग ने कराई निबंध प्रतियोगिता



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** ग्लोबल टाइगर डे के अवसर पर वन विभाग मोतीपुर रेंज ने एसपीवी इंटर कॉलेज, सेमरहना में एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के 31 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से 5 को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में बाघ संरक्षण, वन्यजीवों और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। वन क्षेत्राधिकारी किरण कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि बाघ हमारे जंगलों की जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने जोर दिया कि बाघों का संरक्षण केवल वन विभाग का ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने बच्चों से प्रकृति और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए जागरूक रहने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पांच छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में फॉरेस्टर एम.के. मिश्रा, वरिष्ठ लिपिक अजय कुमार मौर्य, वन रक्षक अजनेश कुमार शुक्ला, प्रधानाचार्य दुर्गेश कुमार, शिक्षक अवधेश कुमार जायसवाल सहित अन्य शिक्षक और वनकर्मी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों ने वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। इस आयोजन को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया।

### बंदर ने दो दिन में पांच लोगों को किया घायल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के रिसिया इलाके में एक बंदर ने आतंक मचा रखा है। पिछले दो दिनों में इस बंदर के हमले में एक किशोर समेत पांच लोग घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने हमलावर बंदर को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की है। गुरुवार शाम भैंसाही गांव में 16 वर्षीय किशोर आशीष खेत में चरी काट रहा था, तभी अचानक बंदर ने उस पर हमला कर दिया। आशीष की चीख सुनकर ग्रामीण दौड़े, जिसके बाद उसकी जान बच सकी। हमले में आशीष के सिर में चोट आई है और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। किशोर पर हमले के बाद बंदर ने इसी इलाके में बाइक से जा रहे अमित कुमार पर बाग में हमला किया। जब लोग उसे बचाने दौड़े, तो बंदर ने प्रजापति, कुंवारे और भुजाई पर भी हमला कर दिया और पास के ईंट भट्ठे की ओर भाग गया। ग्रामीणों की सूचना पर रिसिया बीट के डिप्टी रेंजर प्रदीप कुमार और वन रक्षक शिवम पांडेय ने बंदर को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल पाई। वन रक्षक ने बताया कि लंगूर बंदर की तलाश की जा रही है और उसे शीघ्र ही पकड़ लिया जाएगा।

# ग्राम पंचायत रायपुर फकीर में भ्रष्टाचार का अंबार

- पूरे ग्राम पंचायत में कार्य के जांच की आवश्यकता

नरेंद्र लाल गुप्ता



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** अम्मा की प्रधानी का दूसरा अंक प्रस्तुत कर रहा हूं विकासखंड कटरा बाजार के रायपुर फकीर ग्राम पंचायत में कांति देवी महिला प्रधान के होने से उनके बेटों द्वारा प्रधानी का कार्य किया जा रहा है काम के लिए पैसे तो खारिज होते हैं लेकिन काम नहीं किया जाता है और उन पैसों से खुद का विकास कर लिया जाता है ऐसा समृद्धि न्यूज़ नहीं कह रहा है वहां के रिकॉर्ड इस बात की गवाही देते हैं प्रधान प्रतिनिधि कितने दबंग हैं की योजना का पैसा भी खा लेते हैं और काम तक नहीं करते विगत 25 जुलाई दिन शनिवार को समृद्धि न्यूज़ में एक समाचार शीर्षक (अम्मा की प्रधानी में सारे बेटे हुए प्रधान गांव का विकास कराया नहीं खुद का कराया विकास) प्रकाशित किया था इसके बाद 29 जुलाई दिन बुधवार को ग्राम पंचायत रायपुर फकीर के माजरा बिशनपुरवा में प्रधान प्रतिनिधि द्वारा पीले ईंट की खेप उतरवाई गई और इस ईंट से सड़क के लिए एजिंग बन्धाई गई पीले ईंटो की ही बजड़ी कुटी गई और उस पर इंटरलॉकिंग लगाई जा रही है अब यहां तक तो बात ठीक है इस समाचार प्रकाशन के बाद उक्त ग्राम के लोगों को आने-जाने के लिए सुविधा मिल जाएगी लेकिन जो बड़ा प्रश्न है वह यह है कि 2020-21 में इंटरलॉकिंग का पैसा निकाला गया और इंटरलॉकिंग नहीं लगाई गई अब जब इंटरलॉकिंग लग रही है उस समय ग्राम प्रधान का पावर भी सीज़ है फिर यह इंटरलॉकिंग किस बजट से लग रही है यदि 2020-21 का पैसा 2026 - 27 में वह इंटरलॉकिंग लगाकर दिखा रहे हैं तो यह भी गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है अभी तो सिर्फ विसुन पुरवा के सड़क के बारे में लिखा गया था यहां भ्रष्टाचार की एक लंबी फेहरिस्त है जैसे ग्राम प्रधान के द्वारा सन 2025-26 में थर्मल फागिंग मशीन की खरीदारी दिखाकर 96,370/- का भुगतान कर लिया गया किंतु ग्रामीणों ने बताया कि फागिंग मशीन पूरे गांव में कहीं मौजूद नहीं है इसी प्रकार 2025 -26 में राबिश वर्क के नाम पर 96,370/- का पेमेंट कर लिया गया पूरे गांव में कहीं भी राबिश वर्क नहीं कराया गया ग्राम पंचायत में ह्यूम पाइप फिटिंग के नाम पर 2020-21 में 24,206 /- का भी फर्जीवाड़ा कर लिया गया पूरे गांव में कहीं भी ह्यूम पाइप नहीं दिखाई दे रहा है प्रधान के द्वारा 2024-25 में नहर से दुर्गा नाऊ के घर तक इंटरलॉकिंग तथा काली स्थान से दुर्गा नाऊ के घर तक इंटरलॉकिंग और राजेश नाऊ के घर से काली स्थान तक इंटरलॉकिंग दिखाया गया जिसमें 2 लाख 14 हजार 899 /-खारिज किया गया सिर्फ इतना ही नहीं है इस गांव में और बहुत सारे काम उनके द्वारा दिखाए गए हैं लेकिन यदि भौतिक सत्यापन किया जाए तो कहीं भी काम दिखाई नहीं देता है इतना जरूर है प्रधान जी ने गांव का विकास कराया हो चाहे ना कराया हो लेकिन अपना विकास तो जरूर ही कराया है ।

यह इंटरलॉकिंग का पैसा 2020-21 में निकाला जा चुका है समाचार के प्रकाशन के बाद अब इस समय 2026 -27 में पीले ईंटों का प्रयोग करके इंटरलॉकिंग कराई जा रही है।

# दलहन बीज उत्पादन तकनीक विषयक प्रशिक्षण संपन्न

**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर में चल रहा पांच दिवसीय दलहन बीज उत्पादन तकनीक विषयक रोजगार परक प्रशिक्षण संपन्न हुआ। समापन अवसर पर डॉ. एस. के. वर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष ने प्रशिक्षणार्थियों से दलहनी फसलों का बीज उत्पादन करने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. राम लखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने उर्द, मूंग, अरहर आदि फसलों की उन्नतशील प्रजातियां, बीज एवं बीज की बुवाई, पृथक्करण दूरी, बीज की श्रेणियां, खरपतवार प्रबंधन, रोगिंग आदि की जानकारी दी। डॉ. डी. के. श्रीवास्तव वरिष्ठ वैज्ञानिक पशुपालन ने कार्बनिक खादों का प्रयोग एवं महत्व, डॉ. अजीत सिंह वत्स वरिष्ठ वैज्ञानिक फसल सुरक्षा ने बीज शोधन एवं बीज उपचार, कीट एवं रोग प्रबंधन,



एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन आदि, डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने सिंचाई प्रबंधन, डॉ. हनुमान प्रसाद पांडे मृदा वैज्ञानिक ने उर्वरक प्रबंधन,जल विलेय उर्वरकों का पर्णीय छिड़काव, मृदा परीक्षण आदि, डॉ. ज्ञानदीप गुप्ता मत्स्य वैज्ञानिक ने मत्स्य तालाबों के बंधे पर दलहनी फसलों का बीज उत्पादन, डॉ. दिनेश कुमार पांडे प्रक्षेत्र प्रबंधक ने खेत एवं खेत की तैयारी, ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई आदि की जानकारी दी। इस अवसर पर रामसागर वर्मा, संदीप कुमार, आदर्श मिश्रा, सुनील कुमार द्विवेदी आदि ने प्रतिभाग कर दलहन बीज उत्पादन तकनीक का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# बिजली संकट को लेकर फूटा जनाक्रोश

- तहसील तक निकाला चेतावनी मार्च
- एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत मिहींपुरवा एवं पूरे बलहा क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती, जर्जर विद्युत तारों तथा महीनों से जले ट्रांसफार्मरों को न बदले जाने के विरोध में शुक्रवार को लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। क्षेत्र के किसानों, छात्रों, छात्राओं, महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने सामाजिक कार्यकर्ता ललिता हरेंद्र पासवान के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय तक चेतावनी मार्च निकालकर प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपकर तत्काल समस्या के समाधान की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि अघोषित बिजली कटौती के कारण आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

किसानों की सिंचाई बाधित हो रही है, छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है तथा भीषण गर्मी में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कई स्थानों पर जर्जर विद्युत तार हादसों को दावत दे रहे हैं और जले हुए ट्रांसफार्मर समय से न बदले जाने के कारण कई मोहल्लों और गांवों में लंबे समय से बिजली आपूर्ति बाधित है। ज्ञापन सौंपते हुए ललिता हरेंद्र पासवान ने प्रशासन से मांग की कि जर्जर विद्युत तारों को तत्काल बदला जाए, जले हुए ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदलकर नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा क्षेत्रवासियों को बिजली संकट से राहत दिलाई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर इससे भी बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और प्रशासन की होगी। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर में बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई।

# कतर्नियाघाट में पिंजरे में कैद हुई मादा तेंदुआ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- कई दिनों से दहशत में थे ग्रामीण

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में कई दिनों से ग्रामीणों के लिए दहशत का कारण बनी मादा तेंदुआ आखिरकार पिंजरे में कैद हो गई। शुक्रवार तड़के करीब 4 बजे ककराहा रेंज के देवनपुरा गांव के पास लगाए गए पिंजरे में तेंदुआ फंस गया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककराहा रेंज स्थित देवनपुरा गांव में पिछले कई दिनों से तेंदुए की आवाजाही बनी हुई थी। ग्रामीणों के मुताबिक तेंदुए ने कई बकरियों और अन्य मवेशियों का शिकार भी किया था, जिससे गांव में भय का माहौल था। लगातार मिल रही सूचनाओं के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने की मांग की थी।

मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने और ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने आवश्यक अनुमति लेने के बाद गांव के बाहरी हिस्से में रणनीतिक रूप से पिंजरा लगाया था। वन विभाग की टीम लगातार तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रख रही थी। शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे मादा तेंदुआ पिंजरे में दाखिल हुई और सुरक्षित रूप से कैद हो गई। प्रभागीय वनाधिकारी अपूर्व दीक्षित ने बताया कि पकड़ी गई मादा तेंदुआ की उम्र करीब तीन वर्ष है। डीएफओ ने बताया कि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और वन विभाग की मानक संचालन प्रक्रिया के तहत तेंदुए को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा।

### रेंडम टीम ने पयागपुर विशेश्वरगंज के विद्यालयों का किया निरीक्षण



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बेसिक शिक्षा परिषद के आदेशानुपालन के क्रम में आयोजित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद के दो विकास खंडो पयागपुर तथा विशेश्वरगंज के समस्त विद्यालयों का टीम गठित कर औचक निरीक्षण कराया गया।जिसमें विद्यालय की साफ -सफाई, रंगाई- पुताई, शिक्षा व्यवस्था, विद्यालय की भौतिक व्यवस्था, शिक्षण व्यवस्था, मध्यानह भोजन, डीबीटी, पोर्टल आदि की गहन समीक्षा की साथ ही साथ जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा आवंटित किए गए न्याय पंचायत के आधार पर विद्यालयों का निरीक्षण किया। यह सभी निरीक्षणकर्ता अपनी आख्या आज ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में रिसीव करायेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार आज जनपद के दो विकास खण्डो का औचक निरीक्षण कराया गया। जिसमें से आदेशित सभी बिंदुओं पर निरीक्षण किया गया अब इस निरीक्षण की समीक्षा की जाएगी तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसी क्रम में आज पयागपुर के विकासखंड उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरा कमाल शिवदहा, प्राथमिक विद्यालय पडेरा, परसिया आलम, तिवारी पुरवा, बेहना पुरवा आदि विद्यालयों का निरीक्षण कराया गया।निरीक्षण के दौरान शिवदहा के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मिश्र, अनिल कुमार सिंह,अजय श्रीवास्तव, महिमा दुबे, दिनेश कुमार, नवल पाठक, संजय सिंह भदौरिया, राजेंद्र नाथ शर्मा, विनोद कुमार पांडेय , नम्रता सिंह, सुनीता शुक्ला, आदि शिक्षक,शिक्षामित्र अनुदेशक मौजूद रहे।

# वरिष्ठ प्रवक्ता राम कुमार की सेवानिवृत्ति पर दी गई भव्य विदाई

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणास्रोत रहेगा रामकुमार का योगदान

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), बहराइच में वरिष्ठ प्रवक्ता राम कुमार के गरिमामय सेवाकाल की पूर्णता पर एक भव्य एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का वातावरण सम्मान, आत्मीयता और भावनाओं से ओत-प्रोत रहा।

उपस्थित प्रत्येक वक्ता ने राम कुमार के समर्पण, सरल व्यक्तित्व, उत्कृष्ट कार्यशैली तथा शिक्षा के प्रति उनकी आजीवन निष्ठा को भावभीनी श्रद्धा एवं सम्मान के साथ स्मरण किया।कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बहराइच एवं प्रभारी प्राचार्य डायट आशीष सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राम कुमार ने अपने दीर्घ सेवाकाल में केवल विद्यार्थियों और शिक्षकों का मार्गदर्शन ही नहीं किया, बल्कि अपने अनुशासन, सादगी और कर्मनिष्ठा से पूरे शिक्षा विभाग के लिए एक आदर्श स्थापित किया है।

उनका अनुभव, विनम्रता और सकारात्मक सोच सदैव हम सभी को प्रेरित करती रहेगी। सेवानिवृत्ति सेवा का अंत नहीं, बल्कि जीवन के एक नए और सुखद अध्याय की शुरुआत है। समारोह के अंत में सभी अधिकारियों, प्रवक्ताओं एवं कर्मचारियों ने राम कुमार को पुष्पगुच्छ, स्मृति-चिह्न एवं शॉल भेंट कर उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घ जीवन की शुभकामनाएँ दीं। पूरे कार्यक्रम में आत्मीयता, सम्मान और भावनात्मक जुड़ाव की अनुपम छटा देखने को मिली, जिसने इस विदाई समारोह को सभी उपस्थित जनों के लिए अविस्मरणीय बना दिया।

**डायट के प्रवक्ताओं व कर्मचारियों ने साझा किए संस्मरण**

वरिष्ठ प्रवक्ता उदयभान ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा राम कुमार केवल हमारे सहकर्मी नहीं, बल्कि परिवार के वरिष्ठ सदस्य की तरह रहे हैं। उनके साथ बिताया गया प्रत्येक क्षण सीख, प्रेरणा और आत्मीयता से भरा रहा। उनका स्नेह और मार्गदर्शन सदैव हमारे साथ रहेगा। डायट के समस्त प्रवक्ताओं एवं कर्मचारियों ने भी अपने-अपने संस्मरण साझा किए। अनेक वक्ताओं की आँखें नम हो गईं। सभी ने एक स्वर में कहा कि राम कुमार का सहज व्यवहार, सहयोगी स्वभाव और कार्य के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा तथा उनकी कमी संस्थान को लंबे समय तक महसूस होगी। समारोह में उपस्थित जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों ने भी राम कुमार के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया जब राम कुमार के परिवार के सदस्यों ने उनके सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने विभाग द्वारा दिए गए सम्मान एवं स्नेह के लिए सभी अधिकारियों, प्रवक्ताओं एवं कर्मचारियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। पूरे सभागार का वातावरण भावनाओं से भर उठा। अपने विदाई संबोधन में राम कुमार ने कहा जो सम्मान, स्नेह और अपनापन मुझे इस संस्थान से मिला है, वह मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है। मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूँ कि मुझे इतने समर्पित साथियों के बीच कार्य करने का अवसर मिला।

# आंगनबाड़ी केंद्र वर्षों से बंद, बच्चों व महिलाओं की सुविधाएं ठप

**सादुल्लानगर/ बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड रेहरा बाजार की ग्राम पंचायत गुमा फातमा जोत स्थित आंगनवाड़ी केंद्र वर्षों से जर्जर अवस्था में बंद पड़ा है। भवन के चारों ओर घनी झाड़ियां उग आई हैं और रखरखाव के अभाव में इसकी हालत लगातार खराब होती जा रही है। केंद्र बंद होने से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को मिलने वाली पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा जैसी सरकारी सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से केंद्र का संचालन बंद है, जिससे शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक नहीं पहुंच पा रहा है। भवन की जर्जर स्थिति के कारण आसपास गंदगी और झाड़ियां फैल गई हैं, जिससे दुर्घटना और जहरीले जीव-जंतुओं का भी खतरा बना रहता है। ग्रामीण नंदकिशोर, राधेश्याम, विजय,राजू, रामदीन, शिवशरण, दयाराम और रवि सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक भवन की मरम्मत, साफ-सफाई और नियमित संचालन के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया है। उनका कहना है कि यदि केंद्र सुचारु रूप से संचालित हो तो बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा, पोषण आहार, टीकाकरण एवं अन्य आवश्यक सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से बंद पड़े आंगनवाड़ी केंद्र का तत्काल निरीक्षण कराने, भवन की मरम्मत, परिसर की साफ-सफाई कराने तथा केंद्र का नियमित संचालन शुरू कराने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे शासन की योजनाओं का लाभ समय पर पात्र बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तक पहुंच सकेगा।

# एचआरए इंटर कॉलेज में ग्रीन डे की धूम, बच्चों ने दिया हरियाली का संदेश

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

प्रकृति के प्रति प्रेम, पर्यावरण संरक्षण की भावना और रंगों की पहचान को रोचक ढंग से विकसित करने के उद्देश्य से नगर के एच.आर.ए. इंटर कॉलेज, उतरौला में गुरुवार को नर्सरी से यू.के.जी. तक के विद्यार्थियों के लिए ग्रीन डे का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर पूरे दिन हरियाली की छटा से सराबोर रहा, जहाँ नन्हे-मुन्ने बच्चे हरे रंग की आकर्षक वेशभूषा में उत्साह और उमंग के साथ विभिन्न गतिविधियों में सहभागी बने।

कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों के स्वागत एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ हुआ। विद्यालय परिसर को हरे रंग के गुब्बारों, सजावटी सामग्री एवं शैक्षिक प्रदर्शनों से आकर्षक रूप दिया गया था। बच्चों ने हरे रंग की टोपी, मुकुट और विभिन्न आकर्षक परिधानों में अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनके मासूम चेहरे और उत्साह से भरा आत्मविश्वास पूरे वातावरण को आनंदमय बना रहा था।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने हरे रंग से संबंधित अनेक रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों ने



चार्ट पेपर पर पेड़-पौधों, फल-सब्जियों, प्रकृति और हरियाली से जुड़े सुंदर चित्र एवं प्रोजेक्ट तैयार किए। शिक्षिकाओं ने खेल-खेल में बच्चों को हरे रंग की वस्तुओं की पहचान कराई तथा पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रबंधक अनसार अहमद खान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रारंभिक शिक्षा के साथ बच्चों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारियों की भावना भी विकसित करते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए सभी शिक्षिकाओं के प्रयासों की प्रशंसा की।

# उपाधि व पदक लेने में छात्राएं आगे : राज्यपाल

**लविवि का दीक्षोत्सव**
- 1,25,285 विद्यार्थियों को प्रदान की गयी उपाधि
- प्रवेश के लिए 77 देशों से मिले 3,421 आवेदन



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ का 69वाँ दीक्षोत्सव शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। दीक्षोत्सव में कुल 1,25,285 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की गईं। इनमें 57,166 छात्र तथा 68,119 छात्राएँ शामिल हैं। समारोह में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए 111 मेधावी विद्यार्थियों को कुल 204 पदक प्रदान किए गए। पदक प्राप्त करने वालों में 81 छात्राएँ एवं 30 छात्र शामिल रहे।

दीक्षोत्सव को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि अपने परिवार, समाज, विश्वविद्यालय और देश का नाम रोशन करना ही शिक्षा की वास्तविक सार्थकता है। यह उपलब्धि केवल विद्यार्थियों की नहीं, बल्कि उनके माता-पिता, गुरुजनों, परिवारजनों और मित्रों की भी है। किसी भी सफलता के पीछे परिवार का त्याग, मार्गदर्शन, सहयोग और विश्वास महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वालों में छात्राओं की संख्या छात्रों से अधिक है। यह समाज में आ रहे सकारात्मक परिवर्तन का सशक्त संकेत है तथा बेटियों की प्रतिभा, परिश्रम, कर्तव्यनिष्ठा और जिम्मेदारियों के उत्कृष्ट निर्वहन का प्रेरणादायी प्रमाण है।

### शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं

राज्यपाल ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय वैश्विक शैक्षणिक मानचित्र पर अपनी सशक्त पहचान स्थापित कर रहा है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में विश्वविद्यालय को 77 देशों के 3,421 अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों से प्रवेश आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 64 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है। उन्होंने इसे विश्वविद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता, शोधोन्मुख वातावरण, रोजगारपरक पाठ्यक्रमों तथा बढ़ती अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा का प्रमाण बताते हुए विदेशी विद्यार्थियों की संख्या और उनकी प्रगति का नियमित एवं व्यवस्थित अभिलेख रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, नवाचार और आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है। भारत की शिक्षा व्यवस्था युवाओं को केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि कौशल, रोजगार और उद्यमिता के अवसर भी उपलब्ध करा रही है। राज्यपाल ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी हैं। भारत सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है।

# अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देती है कांवड़ यात्रा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



**व्यापारियों की भरेगी झोली**

कांवड़ यात्रा सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि उत्तर भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा इकोनॉमी बूस्टर है, जो हर साल 1,000 करोड़ रुपये से लेकर 5,000 करोड़ रुपये तक का बड़ा टर्नओवर पैदा करती है। सावन के महीने में करोड़ों कांवड़ियों की आवाजाही से उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, और दिल्ली जैसे राज्यों में व्यापारिक गतिविधियां चरम पर पहुंच जाती हैं। गौरतलब है कि 30 जुलाई को सावन महीने की शुरुआत के साथ कांवड़ यात्रा की शुरुआत हो चुकी है, जो 11 अगस्त सावन शिवरात्रि तक चलेगी।

यात्रा के दौरान लाखों बांस की कांवड़, मटके, पीतल-प्लास्टिक के डिब्बे, सजावटी सामान, झंडे और टी-शर्ट का बड़े पैमाने पर उत्पादन और बिक्री होती है। कांवड़ सीजन के दौरान सहारनपुर में मुख्य रूप से टी-शर्ट सहित कुल होजरी और धार्मिक कपड़ों का कारोबार 50 करोड़ से 150 करोड़ रुपये तक का होता है। अकेले समग्र कांवड़ सामग्री और कपड़ों का यह बाजार कई बार अनुमानित रूप से 150 से 200 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाता है। कारोबारी वैभव कंबोज कहते हैं कि होजरी कारोबारियों को दिल्ली, उत्तराखंड और यूपी के कई जिलो से टी-शर्ट के भारी भरकम ऑर्डर मिले हैं। इस बार बाजार में महाकाल और भोलेनाथ की प्रिंट वाली ड्रेस की सबसे ज्यादा मांग है। मोदी योगी वाली टी-शर्ट की भी डिमांड है। करीब 50 नए डिजाइन इस सीजन में बाजार में आए हैं। बाजार में 150 रुपये से 700 रुपये तक की टी-शर्ट, 50 से 150 रुपये तक के भगवा गमछे, 100 से 1000 रुपये तक की कांवड़ सजावट सामग्री और विभिन्न कीमतों में रुद्राक्ष माला, कलाई बैंड व शिव स्टिकर उपलब्ध हैं। इसके अलावा एलईडी लाइट, रंग-बिरंगी झालर और सजावटी सामग्री से कांवड़ को आकर्षक बनाने का चलन भी बढ़ा है। व्यापारियों का मानना है कि हर वर्ष कांवड़ यात्रा उनके कारोबार में नई ऊर्जा लेकर आती है।

## खबरें एक नजर में

### कृत्रिम गर्भाधान योजना के लिए दो करोड़ की धनराशि स्वीकृत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशुधन विकास के तहत कृत्रिम गर्भाधान की योजना के सुनियोजित एवं सुव्यवस्थित क्रियान्वयन के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में 02 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश में निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय अनुमोदित कार्ययोजना एवं मदों में योजना हेतु निर्धारित गाइडलाईन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाएगा तथा पूर्ण विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जाएगा। स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग उसी मद में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की गयी है।

### पुलिस से पिटने के बाद आत्महत्या का प्रयास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के इंदिरानगर थाना क्षेत्र में पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए एक युवक ने आत्मदाह का प्रयास किया। युवक का आरोप है कि पिछले तीन दिनों से पुलिस उसे लगातार थाने बुलाकर मारपीट कर रही थी, जबरन जुर्म कबूल कराने का दबाव बना रही थी और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही थी। पीड़ित हर्ष तिवारी पुत्र कनिष्क तिवारी का आरोप है कि इंदिरा नगर थाने की पुलिस तीन दिनों से उसको पूछताछ के लिए बुला रही है। इस दौरान उसके साथ मारपीट की गई, शरीर पर सिगरेट से दागा गया और पैर में गोली मारने तक की धमकी दी गई। हर्ष का आरोप है कि पुलिस उसे झूठे मामले में फंसाकर जबरन जुर्म कबूल करवाना चाहती है। आत्मदाह के प्रयास से पहले हर्ष ने कहा कि यदि उसकी मौत होती है तो कॉन्स्टेबल देवेंद्र सिंह, अजय नारायण सिंह समेत तीन लोग इसके जिम्मेदार होंगे। उसने आरोप लगाया कि पुलिस उसे और उसके परिवार को लगातार झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रही है। इंदिरानगर इंस्पेक्टर का कहना है कि लूट के मामले में आरोपी को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। उसके द्वारा लगाए जा रहे सभी आरोप गलत हैं। लूट की एक घटना में हर्ष संदिग्ध है। जांच में सामने आया कि 3 साल से एक महिला से हर्ष की जान-पहचान है। उसी के घर में लूट हुई है। हर्ष के ऊपर कई मुकदमे भी दर्ज हैं।

### आरक्षण व भ्रष्टाचार मुद्दे पर पोस्टर प्रहार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच जारी सियासी बयानबाजी अब पोस्टर वॉर तक पहुंच गई है। विक्रमादित्य मार्ग स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय के बाहर लगाए गए नए पोस्टरों के जरिए सपा ने बीजेपी पर भ्रष्टाचार, चंदा और आरक्षण के मुद्दे को लेकर तीखा हमला बोला है। पोस्टरों के सामने आने के बाद प्रदेश की राजनीति में नई बहस शुरू हो गई है। सपा की ओर से लगाए गए एक पोस्टर में लिखा गया है, चंदा चोरी से चला जिनका घर, अब आरक्षण पर कर रहे हैं प्रश्न। इसके जरिए पार्टी ने चंदे और आरक्षण के मुद्दे को जोड़ते हुए सत्ता पक्ष पर निशाना साधा है। दूसरे पोस्टर में भी आरक्षण को प्रमुख मुद्दा बनाते हुए भाजपा की नीतियों पर सवाल उठाए गए हैं। मुख्यालय के बाहर लगाए गए एक अन्य पोस्टर में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और सांसद डिंपल यादव की तस्वीरों के साथ लिखा गया है, 27 में अखिलेश का राज, 29 में डिंपल यादव का ताज। इसे आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी के राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार, ये पोस्टर प्रतापगढ़ के समाजवादी पार्टी नेता हल्लू राम सुंदर यादव की ओर से लगाए गए हैं। पोस्टरों के जरिए सपा ने भ्रष्टाचार और आरक्षण जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए भाजपा पर सीधा हमला बोला है। प्रदेश में पहले से चल रही जुबानी जंग के बीच अब पोस्टर वॉर ने भी राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है। सपा मुख्यालय के बाहर लगे इन पोस्टरों को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है और आने वाले दिनों में इस पर सत्ता पक्ष की प्रतिक्रिया भी अहम मानी जा रही है।

### मौलाना जरजिस के खिलाफ प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में शुक्रवार को इटावा के मौलाना जरजिस के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने मौलाना के पुतले को जूते से मारा। आरोप लगाया कि मौलाना ने भगवान शिव और कृष्ण का अपमान किया। उसे लखनऊ बुलाया जाए। इस सरकार में भी हमारे भगवान को कोई इस तरह कहने की हिम्मत कर सकता है। भारतीय गौ सेवा संगठन के बैनर तले भगवा झंडे लिए प्रदर्शनकारी दोपहर 12.30 बजे हजरतगंज चौराहे पर पहुंचे। मौलाना जर्जिस का एक पुलता भी उनके हाथों में था। पुतले को पहले जूतों से पीटा फिर उसमें आग लगा दी। मौलाना जरजिस मुर्दाबाद, मौलाना को जेल भेजो के नारे लगाए। करीब 15 मिनट प्रदर्शन चला। भारतीय गौ सेवा परिषद के अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि मौलाना जरजिस लगातार सनातन धर्म का अपमान कर रहा है। हमारे आराध्य भगवान भोलेनाथ को अपशब्द कहे हैं, जिसे शब्दों में बयान नहीं कर सकते। यह बेहद दुख की बात है कि अब तक सरकार क्यों खामोश है? उसे इटावा से लखनऊ लेकर आना चाहिए। इनको किसने अधिकार दिया है कि हमारे भगवान के खिलाफइस प्रकार टिप्पणी करें। हम लोग तहरीर देकर मुकदमा भी दर्ज करवाएंगे। मौलाना ने पहले भगवान कृष्ण पर टिप्पणी की थी और अब भगवान भोले पर बयानबाजी कर रहा है। यह व्यक्ति लगातार अपनी सीमाएं पार कर रहा है। सावन के महीने में भगवान शंकर का अपमान हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अगर अब भगवान का अपमान किया तो मस्जिद में घुसकर इनको मारेंगे। मौजूदा समय में योगी जी की सरकार है अगर अब भी देवताओं का अपमान होगा तो भविष्य में अगर सरकार बदलती है तो क्या होगा। हमें लगता है कि मौलाना को विपक्ष का संरक्षण मिल रहा है इसलिए विपक्ष का कोई भी नेता उनके खिलाफ नहीं बोल रहा। शिवाकांत अवस्थी ने कहा कि हमने पुतला जलाकर अपनी नाराजगी जताई है। हमारे आराध्य श्री शिव और कृष्ण भगवान का अपमान कर रहा है। उनको पांच वक्त का नमाजी बता रहा है। मौलाना कहता है कि गीता में लिखा है कि यह पांच समय नमाज पढ़ते थे। मौलाना के ऊपर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई इसीलिए हम लोग सड़क पर उतरे हैं। अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशव्यापी आंदोलन करेंगे।

# ग्रामीण विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : केशव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिये है कि ग्राम्य विकास विभाग की सभी कार्य योजना पर ठोस, प्रभावी व त्वरित गति से कार्यवाही की जाए। योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लायी जाय। कार्य धरातल पर नजर आने चाहिए। योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में कोई कोर कसर बाकी न रखी जाय। केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को अपने कैम्प कार्यालय 7- कालिदास पर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में ग्राम्य विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा कर रहे थे।

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गांव व गरीब का विकास करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गांव मे जलनिकासी के पुख्ता प्रबन्ध किये



- योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के दिये निर्देश
- धरातल पर नजर आए कार्य : उप मुख्यमंत्री

जांय। गांवों की गलिया ग्रामीणों का हाइवे है, उन्हे व्यवस्थित व ठीक रखा जाय, गांवों में अवस्थापना सुविधाओं का विस्तार किया जाय।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ग्राम रोजगार सेवकों का मानदेय एक सप्ताह के भीतर वितरित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।संचालित वृक्षारोपण कार्य के अंतर्गत रोपित पौधों की सुरक्षा हेतु भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत सरोवरों पर ध्वजारोपण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के आवासों की स्वीकृति अतिशीघ्र सुनिश्चित की जाए।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये ग्राम्य विकास विभाग में विभिन्न जांचो के जो प्रकरण लम्बित हैं, उनको तुरंत निस्तारित किया जाय, अधिकारी जनप्रतिनिधियों की बातों को पूरी गम्भीरता से सुने, निस्तारण योग्य प्रकरणों का निस्तारण करे, जो प्रकरण उनके स्तर से निस्तारित नहीं हो सकते, उसके बारे मे जनप्रतिनिधियों को संतुष्ट करते हुये अवगत कराया जाए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्य धरातल पर नजर आने चाहिए, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन नये समूहों के गठन की कार्रवाई तेज करें और निष्क्रिय समूहों को तत्काल सक्रिय करने की प्रभावी कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित किया जाये महिला सामर्थ योजना के तहत कार्यों में और तेजी लाई जाये।

बैठक में प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास विभाग सौरभ बाबू, आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग गौरी शंकर प्रियदर्शी, मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशनअरूण कुमार, विशेष सचिव ग्राम्य विकास विभाग जयनाथ यादव, संयुक्त मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन प्रवीणानन्द सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

# आवेदकों को बिना परिवहन कार्यालय आए मिलेगा सेवाओं का लाभ : दयाशंकर

- परिवहन विभाग की 39 सेवाओं के लिए ऑटो अप्रूवल व्यवस्था



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

परिवहन विभाग द्वारा वर्तमान में नागरिकों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से फेसलेस मोड में 52 ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें से सारथी पोर्टल की 27 एवं वाहन पोर्टल की 12, कुल 39 सेवाओं को ऑटो अप्रूवल व्यवस्था अंतर्गत सफलतापूर्वक संचालित किया गया है। परिवह मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि पात्र आवेदकों को इन सेवाओं का लाभ बिना परिवहन कार्यालय आए, ऑनलाइन एवं समयबद्ध रूप से प्राप्त हो सकेगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि प्रदेश के नागरिकों को अब अधिक सरल, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में परिवहन विभाग सतत प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त व्यवस्था के अंतर्गत अब पात्र आवेदकों को चयनित सेवाओं के लिए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी। आधार प्रमाणीकरण के उपरांत निर्धारित मानकों के अनुरूप आवेदनों का स्वतः अनुमोदन किया जाएगा, जिससे नागरिकों को घर बैठे ही समयबद्ध एवं सुविधाजनक ढंग से सेवाएं प्राप्त हो सकेंगी।

# शकुन्तला मिश्रा विश्वविद्यालय के दिव्यांग छात्रों को मिले 45 पदक



- सी. सदानंदन ने कहा- उपाधि लेना ही जीवन का अंतिम पड़ाव नहीं

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ स्थित डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ का 13वाँ दीक्षांत समारोह राज्यपाल के प्रतिनिधि के रूप में विशेष कार्याधिकारी डॉ. सुधीर महादेव बोबडे की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समारोह के दौरान सभी विद्यार्थियों की उपाधियाँ डिजीलॉकर पर अपलोड की गईं। विशेष कार्याधिकारी डॉ. सुधीर महादेव बोबडे दीक्षांत समारोह में राज्यपाल का संदेश पढ़कर सुनाया।

राज्यपाल ने अपने संदेश में उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि वर्षों के परिश्रम, दृढ़ संकल्प और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज प्रदान की गई उपाधियाँ केवल शैक्षणिक उपलब्धि का प्रमाण नहीं हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का भी प्रतीक है। उन्होंने विशेष प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार कुल 156 पदकों में से 45 पदक दिव्यांग विद्यार्थियों ने अर्जित किए हैं। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि सफलता का निर्धारण किसी व्यक्ति की शारीरिक सीमाओं से नहीं, बल्कि उसके संकल्प, परिश्रम और आत्मविश्वास से होता है।

उन्होंने कहा कि डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय समावेशी शिक्षा का उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां दिव्यांग एवं सामान्य विद्यार्थी समान अवसरों के साथ एक ही परिसर और एक ही कक्षा में अध्ययन करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपनी शिक्षा को केवल व्यक्तिगत उन्नति तक सीमित न रखें, बल्कि समाज के वंचित, दिव्यांग एवं जरूरतमंद लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सी. सदानंदन मास्टर ने अपने संबोधन में कहा कि उपाधि प्राप्त करना विद्यार्थियों के जीवन का अंतिम पड़ाव नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के समर्पण एवं दृढ़ संकल्प का परिणाम है।

### उ.प्र. को वैश्विक व्यापार, विनिर्माण व निर्यात का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

# 25 से 29 सितम्बर तक आयोजित होगा ट्रेड शो का चौथा संस्करण

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश को वैश्विक व्यापार, विनिर्माण और निर्यात के अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) का चौथा संस्करण आगामी 25 से 29 सितम्बर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इसे उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्षमता, नवाचार, उत्पादों और निर्यात सामर्थ्य को विश्व के समक्ष प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर




प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो ने पिछले तीन संस्करणों में प्रदेश के उत्पादों, उद्यमों और उद्योगों को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बनाया है। अब यह आयोजन केवल एक व्यापार प्रदर्शनी नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड के विजन को आगे बढ़ाने वाला वैश्विक मंच बन चुका है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश यानी अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रदेश है और यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो इस सामर्थ्य को अनुभव करने का सबसे प्रभावी मंच है। उन्होंने निर्देश दिए कि देश और विदेश में इस आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक निवेशक, खरीदार और आगंतुक इसमें सहभागी बनें।

बैठक में बताया गया कि इस वर्ष ट्रेड शो की थीम यूपी फॉर ग्लोबल ग्रोथ : इनोवेशन, मैन्युफैक्चरिंग एंड एक्सपोर्ट्स रखी गई है।

आयोजन में 2400 से अधिक प्रदर्शकों, 1.50 लाख से अधिक पंजीकृत बी2बी खरीदारों, 4.50 लाख से अधिक बी2सी आगंतुकों तथा 85 देशों से 550 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों की सहभागिता का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही 4000 से अधिक एमओयू, 3200 करोड़ से अधिक प्रस्तावित एमओयू मूल्य और 13 हजार 500 करोड़ से अधिक बिजनेस इंक्वायरी होने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने सिंगापुर, ओमान, ऑस्ट्रिया, ब्राजील, थाईलैंड, जापान, इंडोनेशिया और रूस सहित अन्य देशों के साथ भी सक्रिय संवाद स्थापित कर उनकी अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# चंद्रशेखर ने जारी की 45 उम्मीदवारों की लिस्ट

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



**2027 विधानसभा चुनाव में जुटी पार्टी**

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों के बीच आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने अपनी पहली सूची जारी कर दी है।

पार्टी ने प्रदेश की 45 विधानसभा सीटों पर संभावित प्रत्याशी, प्रभारी घोषित किए हैं। इस सूची के जरिए पार्टी ने चुनावी तैयारियों को गति देने के साथ-साथ सामाजिक समीकरण साधने की भी कोशिश की है। पहली सूची में अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, मुस्लिम और सिख समाज से जुड़े नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी का दावा है कि उपेक्षित बहुजन समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में व्यापक सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। जारी सूची में शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, अलीगढ़, आगरा, बरेली, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, लखनऊ, कानपुर नगर, झांसी, अयोध्या, गोरखपुर, देवरिया, जौनपुर, गाजीपुर और वाराणसी समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों की विधानसभा सीटों को शामिल किया गया है। लखनऊ कैंट विधानसभा सीट पर अनिकेत धानुक को प्रभारी बनाया गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह पहली सूची है और अन्य विधानसभा सीटों के लिए भी जल्द संभावित प्रत्याशियों व प्रभारियों की घोषणा की जाएगी। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि चुनाव से काफी पहले जिम्मेदारियां तय कर आजाद समाज पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने की रणनीति पर काम कर रही है।

### राजकीय आईटीआई में प्रवेश चार अगस्त तक




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश एवं जनपद लखनऊ के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी है, जिसकी अंतिम तिथि 4 अगस्त है। प्रधानाचार्य, राज कुमार यादव ने बताया कि अभ्यर्थी अपनी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा-8 अथवा कक्षा-10 के अनुसार लखनऊ जनपद के आईटीआई में संचालित व्यवसायों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर जाकर कर सकते हैं।

**संस्मरण** | लखनऊ में प्रगतिशील लेखक संघ के प्रथम अधिवेशन की मुंशी प्रेमचंद ने की थी अध्यक्षता

# सामाजिक समरसता व शोषण के खिलाफ लखनऊ से बुलंद की आवाज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

हिंदी साहित्य के महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद का साहित्य आज भी भारतीय समाज की सच्चाइयों का आईना माना जाता है। उन्होंने अपनी कहानियों और उपन्यासों में केवल मनोरंजन नहीं किया, बल्कि गरीबी, किसान जीवन, जातिगत भेदभाव, स्त्री की स्थिति, शोषण, सामाजिक असमानता और मानवीय संवेदनाओं को इतनी गहराई से अभिव्यक्त किया कि उनकी रचनाएं समय की सीमाओं को पार कर आज भी प्रासंगिक हैं। प्रेमचंद के साहित्य में समाज का वह वर्ग प्रमुखता से दिखाई देता है, जिसकी आवाज अक्सर सत्ता और व्यवस्था के बीच दब जाती थी।

वैसे देखा जाए तो लखनऊ से मुंशी प्रेमचंद का गहरा रिश्ता रहा है पत्रिकाओं के संपादन के साथ लेखन का कार्य भी यहां से किया। सबसे बड़ी बात यह है कि प्रगतिशील लेखक संघ का पहला अधिवेशन जो 1936 में हुआ वह उनके जीवन में अहम साबित हुआ और उन्होंने सामाजिक समरसता आर्थिक बराबरी और शोषण के खिलाफ आवाज यही से बुलंद की।



प्रेमचंद का साहित्य मूल रूप से सामाजिक यथार्थ का साहित्य है। 'गोदान' में किसान होरी के माध्यम से ग्रामीण भारत की आर्थिक विवशता और शोषण को सामने रखा गया, तो 'निर्मला' में दहेज और बेमेल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर गंभीर सवाल उठाए गए। 'सेवासदन', 'कर्मभूमि' और 'गबन' जैसी रचनाओं में भी उन्होंने तत्कालीन समाज के बदलते मूल्यों, नैतिक संकट और वर्गीय विषमता को रेखांकित किया। उनकी कहानियों 'कफन', 'पूस की रात', 'सद्गति' और 'ईदगाह' में भारतीय समाज के अलग-अलग चेहरे दिखाई देते हैं।

प्रेमचंद का लखनऊ से भी महत्वपूर्ण साहित्यिक संबंध रहा है। लखनऊ उस दौर में हिंदी-उर्दू साहित्य, पत्रकारिता और सांस्कृतिक गतिविधियों का एक प्रमुख केंद्र था। प्रेमचंद के जीवन में लखनऊ की सबसे चर्चित स्मृतियों में 1936 का प्रगतिशील लेखक संघ का पहला अधिवेशन शामिल है। यह ऐतिहासिक सम्मेलन लखनऊ में आयोजित हुआ और प्रेमचंद ने इसकी अध्यक्षता की। अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने साहित्य को जीवन और समाज से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। उनका प्रसिद्ध विचार था कि साहित्य का उद्देश्य केवल सौंदर्यबोध नहीं, बल्कि मनुष्य के जीवन-संघर्ष और सामाजिक सरोकारों को अभिव्यक्ति देना भी है।

लखनऊ में हुआ यह सम्मेलन भारतीय साहित्य के इतिहास में मील का पत्थर माना जाता है। इसने साहित्यकारों के सामने सामाजिक यथार्थ, स्वतंत्रता, समानता और शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने की नई दिशा रखी। प्रेमचंद स्वयं उस दौर में साहित्य को जनजीवन के करीब लाने के सबसे प्रभावशाली हस्ताक्षरों में थे।

आज जब समाज आर्थिक असमानता, सामाजिक भेदभाव और बदलते मानवीय मूल्यों जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है, प्रेमचंद का साहित्य फिर प्रासंगिक हो उठता है। लखनऊ से जुड़ी उनकी साहित्यिक विरासत यह याद दिलाती है कि सच्चा साहित्य केवल शब्दों का संसार नहीं, बल्कि समाज को देखने और उसे बेहतर बनाने की चेतना भी है।

# मध्यस्थता अभियान के अंतर्गत आपसी सुलह से होगा विवादों का त्वरित निस्तारण

- आज से 30 दिसम्बर तक चलेगा अभियान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उच्चतम न्यायालय मीडिएशन एवं कन्सिलिएशन प्रोजेक्ट कमेटी व राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा ध्यस्थता अभियान 3.0 का संचालन किया जा रहा है। यह अभियान 01 अगस्त से 30 दिसम्बर तक चलेगा।

प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ जीवक कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि अभियान का उद्देश्य पक्षकारों के मध्य




आपसी संवाद, सुलह एवं समझौते के माध्यम से विवादों का शीघ्र, कम खर्चीला एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। मध्यस्थता एक स्वैच्छिक, गोपनीय एवं न्यायसंगत प्रक्रिया है, जिससे समय और धन की बचत के साथ आपसी संबंध भी सुरक्षित रहते हैं।

उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, घरेलू हिंसा, मोटर दुर्घटना दावा, चेक अनादरण, आपराधिक समझौता योग्य मामले, वाणिज्यिक विवाद, उपभोक्ता विवाद, निष्पादन कार्यवाही, ऋण वसूली, सेवा संबंधी मामले, विभाजन, बेदखली, भूमि अधिग्रहण, श्रम अधिनियम, भूमि संबंधी उपयुक्त दीवानी विवाद तथा अन्य समझौता योग्य मामलों का निस्तारण मध्यस्थता के माध्यम से कराया जा सकता है। प्रभारी सचिव ने जनपदवासियों से अपील की कि लंबी न्यायिक प्रक्रिया से बचने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मध्यस्थता का लाभ उठाएं। मध्यस्थता की कार्यवाही जनपद न्यायालय परिसर, लखनऊ स्थित मध्यस्थता एवं सुलह केंद्र में प्रशिक्षित मध्यस्थों की सहायता से संपन्न कराई जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### नाराज होकर घर से चली गई थी किशोरी

**सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।** बुधवार की रात गाँव खिरिया हीर निवासी व्यक्ति की घर से निकली 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद किशोरी बृहस्पतिवार की देर शाम करीब साढ़े आठ बजे अपने घर वापस लौट कर आ गई। शुक्रवार की सुबह पिता के साथ थाने पहुंची किशोरी को मेडिकल परीक्षण हेतु राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। सीओ सदर शुभम वर्मा ने बताया कि किशोरी अपनी पिटाई होने के डर से भाग कर गाँव से थोड़ी दूर पर स्थित मन्दिर में छिप कर रही और भूख से व्याकुल होने पर घर लौट आई थी।

### विवि में एलएल.एम. प्रवेश परीक्षा अगस्त के अंतिम सप्ताह में

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय के विधि अध्ययन संकाय द्वारा शैक्षिक सत्र 2026–27 हेतु एलएल.एम. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा अगस्त 2026 के अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाएगी। विधि अध्ययन संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर आदित्य सिंह एवं प्रभारी डॉ जयशंकर ओझा ने बताया कि एलएल.एम. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि स्नातक (एलएल.बी.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। प्रवेश के लिए सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए विधि स्नातक में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक, जबकि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गए हैं। प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों से संविधान, विधिशास्त्र, संविदा विधि, आपराधिक विधि, लोक अंतरराष्ट्रीय विधि, कंपनी विधि, पारिवारिक विधि, संपत्ति अंतरण अधिनियम, अपकृत्य (टॉर्ट) विधि, पर्यावरण विधि, मानवाधिकार विधि, प्रशासनिक विधि, सूचना का अधिकार तथा समसामयिक विधिक विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।विश्वविद्यालय ने इच्छुक अभ्यर्थियों से समय रहते समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने तथा प्रवेश परीक्षा की तैयारी प्रारंभ करने का आग्रह किया है। प्रवेश परीक्षा की तिथि, समय एवं अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट एवं सूचना माध्यमों के द्वारा शीघ्र जारी की जाएगी।

### आर्य समाज कटिया टोला ने बच्चों को निःशुल्क ड्रेस, किताबें बांटी



**शाहजहांपुर।** आर्य समाज कटिया टोला द्वारा संचालित दयानंद बाल विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल, कच्चा कटरा मोड में जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क ड्रेस, किताबें उपलब्ध कराई गई। साथ ही जिन बच्चों के परिवार फीस देने में असमर्थ थे, उनकी फीस भी समिति द्वारा माफ की गई। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कई बच्चों के परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण समिति ने यह निर्णय लिया। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। समिति ने कहा कि प्रहमारी समिति बच्चों के भविष्य के लिए समर्पित है। बच्चे चाहे कमजोर परिवार के ही क्यों न हों, हमारी समिति उन सभी को शिक्षित कर रही है। क्योंकि बच्चे ही देश का भविष्य हैं और उनके उज्जवल भविष्य के लिए समिति आगे बढ़कर कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी। इस पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। अभिभावकों ने समिति के इस कदम को गरीब बच्चों के लिए वरदान बताया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष हर प्रसाद पाण्डेय, उपाध्यक्ष संतोष कुमार दीक्षित उप प्रबंधक श्रीनिवास मिश्रा कोषाध्यक्ष राजेश चंद्र शुक्ला प्रबंधक जी सी मिश्रा सदस्य नीरज वाजपेयी मौजूद रहे।

### लापता युवक की तलाश जारी

**सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।** ग्यारह माह पहले गाँव परस निया निवासी पवन कुमार तिवारी का 18 वर्षीय पुत्र दीपांशु का पता नहीं चलने पर दर्ज गुमशुदगी को मुकदमे में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है। बताते चलें कि पवन कुमार तिवारी का 18 वर्षीय पुत्र दीपांशु बीती 25 अगस्त को घर से बाहर निकल गया था। जिसके शाम तक घर वापस नहीं आने पर परिजनों ने उसकी हर सम्भव ठिकानों पर तलाश करने के बाद गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जिसका पता नहीं चलने पर थाने में दर्ज गुमशुदगी को तरमीम करते हुए किसी अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध बंधक बना लेने का बुधवार को मुकदमा दर्ज कराया गया है। सीओ सदर शुभम वर्मा ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### सीएचसी परिसर से महिला का बैग गायब ,रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मितौली के गांव ढाखिया कुसौत निवासी मंजू पत्नी उमेश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 15 जुलाई को वह अपनी ससुराल से पुत्री क्षमा के साथ अपनी चचेरी बहन रेखा के घर पुवायां जा रही थी। जिसने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पेड़ के नीचे पड़ी बेंच पर बैग रख दिया। वही उसकी पुत्री झूला झूलने लगी। जिसे देखकर वह वापस आई तो बैग वहां से गायब था। जिसमें सोने की चेन, सोने की झुमकी, दो जोड़ी चांदी की पायल, एटीएम पैन कार्ड मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन रखा था। जिसे काफी तलाश किया लेकिन नहीं मिला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बेटियों का टीकाकरण कराएं अभिभावकः जिलाधिकारी

▸ घूरन तलैया में एचपीवी टीकाकरण अभियान का किया शुभारंभ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से संचालित एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, घूरन तलैया में आयोजित एचपीवी टीकाकरण शिविर का शुभारंभ किया। डीएम ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन पूर्णतः सुरक्षित एवं प्रभावी है। उन्होंने जनपद के सभी अभिभावकों से अपील की कि 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष की आयु पूरी न करने वाली सभी बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं, जिससे उन्हें भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। सीएमओ ने बताया कि जनपद में अब तक 8,032 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई जा चुकी है। यह टीकाकरण अभियान सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पूर्व में यह वैक्सीन केवल निजी अस्पतालों में उपलब्ध थी, किंतु अब जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर यह पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने सभी अभिभावकों से इस सुविधा का लाभ उठाते हुए पात्र बालिकाओं का समय पर टीकाकरण कराने की अपील की। टीकाकरण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु गठित टीम में डा. रोशनी सक्सेना, एएनएम सलोनी मिश्रा, एएनएम ममता देवी एवं एएनएम नेहा शुक्ला ने सहभागिता निभाई। सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी, सीएमओ डा. विवेक कुमार मिश्रा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पीपी श्रीवास्तव, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मोहम्मद आसिफ तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ से डा. आकांक्षा यादव मौजूद रहे।

# दो मान्यताविहीन शिक्षण संस्थान सीज, संचालकों में मचा हड़कंप



**मदनापुर, शाहजहांपुर।** जनपद में शिक्षा व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने एवं मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला विद्यालय निरीक्षक शाहजहांपुर द्वारा निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के आधार पर शुक्रवार, 31 जुलाई 2026 को खंड शिक्षा अधिकारी मदनापुर एवं नोडल अधिकारी माध्यमिक शिक्षा ने तहसीलदार जलालाबाद की उपस्थिति में ग्राम पंचायत बांसखेड़ा खुर्द में संचालित दो मान्यता विहीन शिक्षण संस्थानों को सीज कर दिया। प्रशासनिक टीम की इस कार्रवाई से क्षेत्र में संचालित अन्य मान्यता विहीन शिक्षण संस्थानों के संचालकों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना मान्यता के विद्यालयों का संचालन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि इससे शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी तथा विद्यार्थियों के भविष्य के साथ होने वाले खिलवाड़ पर रोक लगेगी।

## आज डीएम कलान में करेंगे जनसुनवाई

शाहजहांपुर। आज शनिवार 1 अगस्त को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सुबह 10 बजे से तहसील कलान में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे व आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। वही अन्य तहसीलों की बात करें तो सीडीओ पुवायां, एडीएम वित्त सदर, एडीएम प्रशासन जिला मुख्यालय पर रहेगें। जबकि जलालाबाद व तिलहर में संबधित एसडीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा।

# कांवड़ मार्गों पर ढाबों, होटलो, रेस्टोरेंटों और फल ठेलों का निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम एवं सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड-2 के निर्देशों के क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीमों द्वारा कांवड मार्गों पर स्थित ढाबों, होस्टलो, रेस्टोरेंटो एवं फल, खान-पान के ठेलों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य टीम ने प्रतिष्ठानों पर खाद्य लाइसेन्स व पंजीकरण, रेट लिस्ट एवं फूड सेफ्टी कनेक्ट ऐप का क्यूआर कोड, टोल फ्री नंबर चस्पा कराया गया। खाद्य सुरक्षा अधिवकारियों ने दुकानदारों को केवल ताजा भोजन, ताजी सब्जियों एवं सीलबंद मसालों का प्रयोग करने के निर्देश दिए। बासी भोजन बेचने या अगले समय के लिए सुरक्षित



रखने पर सख्त रोक लगाई गई। खाद्य पदार्थों पर अमानक रंगों एवं खुले मसालो के प्रयोग को पूर्णतः मना किया गया। कटे और सडे-गले फलों के विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगाते हुए केवल ताजे फल बेचने के निर्देश दिए गए। कांवड मार्गों बरेली मोड से जिला अस्पताल, गर्रा पुल, पक्का पुल, दलेल गंज, चार खम्बा, केरूगंज चौराहा, पुत्तूलाल चौराहा, हथौडा चौराहा, हथौडा चौराहा से मोहम्मदी रोड एव बेरी चौकी, अण्टा चौराहा, जेल रोड खिरनी बाग, लोधीपुर, आदि स्थान पर स्थित खाद्य एवं पेय पदार्थों की दुकानों, ठेलो व ढाबों आदि का निरीक्षण किया गया। खाद्य विभिन्न टीमों द्वारा कॉवड यात्रा मार्ग व अन्य धार्मिक स्थलों के आसपास कार्यवाही की गई।

**कहां-क्या कार्रवाई**

बरेली मोड़ पर राजू जलेबी भंडार, सुरेंद्र नॉन रोटी, शिवम पाठक वेज विरयानी, दुर्गा वेज विरयानी, गुप्ता ढ़ाबा पर लाइसेंस, पंजीकरण व फूड सेफ्टी कनेक्ट ऐप साइनेज को दृश्य स्थल पर चस्पा कराया गया। जिला अस्पताल के सामने अश्विनी कुमार फास्ट फूड, आकाश फास्ट फूड, राहुल फास्ट फूड पर रेटलिस्ट लगाने को कहा गया। गर्रा पुल पर आशीर्वाद स्वीट, सलमान बेकरी पर खाद्य पदार्थों को ढककर रखने के निर्देश दिए गए। अंटा चौराहा पर आरना स्वीट्स खाद्य पदार्थों में अखाद्य रंगों का प्रयोग न करने को निर्देश दिए गए। जेल रोड पाण्डेय भोजनालय पर चाट, पकौड़े ठेलों पर साफ सफाई सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। इसके साथ ही सुरेश कारीगर मिष्ठान भंडार, जय गुरुदेव लस्सी भंडार, राजेश स्वीट व पंकज गुप्ता मिष्ठान भंडार आदि पर भी निरीक्षण किया गया।



## स्कूल चलो अभियानः रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

**निगोही, शाहजहांपुर।** विकास क्षेत्र निगोही में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत छात्र छात्राओं के द्वारा रैली निकालकर बच्चों के नामांकन हेतु अभिभावकों को जागरूक किया गया।रैली का शुभारंभ आदर्श इंटर कालेज से भूमि विकास बैंक के चेयरमैन राजीव वर्मा,खंड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज एवं प्रधानाचार्य मुकेश गौरव के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।रैली निगोही थाना,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से होते हुए हमजापुर चौराहे तक गई एवं पुनः आदर्श इंटर कॉलेज में आकर रैली का समापन किया गया। बच्चों के द्वारा अभिभावकों को प्रेरित करने वाले नारे लगाए गए एवं सभी बच्चों का नामांकन विद्यालयों में कराने को बोला गया।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज ने कहा कि 3 वर्ष के बच्चे का नामांकन बाल वाटिका एवं 6 बर्ष के बच्चे का नामांकन अपने निकटम विद्यालय में अवश्य करें।कोई भी बच्चा विद्यालय जाने से बंचित न रहे ये हम सभी को प्रयास करना है।आज के कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह,भाजपा नेता अभिषेक सिंह कुशवाहा,लाल माणिक चौधरी,अमित गुप्ता, हिमांशु सिंह, जीशान सिद्दीकी, आशा सक्सेना, अल्का, माला राजपूत, शमामा खान, अंकिता चौधरी, शिवानी सीखवाल,नरवीर राठौर,अवनीश वर्मा, भोलानाथ वर्मा, रजनीकांत सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

## विधायक अरविंद सिंह ने किया कांवड़ विश्राम शिविर का उद्घाटन, स्ट्रीट लाइटें जनता को समर्पित

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सावन मास के अवसर पर नगर पंचायत कॉट में कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए कांवड़ विश्राम शिविर का उद्घाटन विधायक अरविंद कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र में लगाई गई नई स्ट्रीट लाइटों का बटन दबाकर उनका शुभारंभ किया और उन्हें जनता को समर्पित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार आम जनता और कांवड़ यात्रियों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में बेहतर सड़क, प्रकाश व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है, जिससे लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी नूर जहां ने कहा कि सावन माह में कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। नगर पंचायत की ओर से स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर परअधिशासी अधिकारी नूरजहां ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रईस मियां, हरजीत सिंह, अकरम खां, गिरीश मिश्रा, खालिद खां, राम लड़ैते राठौर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**सर्राफ की दुकान से 17 लाख की चोरी का मामला**

# एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली

▸ आधा दर्जन से ज्यादा संदिग्धों से एसओजी ने भी की पूंछताछ

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

हाईवे किनारे कपसेड़ा गांव स्थित सर्राफा दुकान का शटर तोड़कर की गई 17 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात चोरी मामले में एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। गौर तलब है कि बीती 24/25 जुलाई की रात सांवरिया सेठ ज्वैलर्स के यहां से चोरों ने आठ किलो चांदी , 22 ग्राम सोने के जेवरात व 97 हजार रुपए नगदी चुरा ली थी। सराफा दुकान स्वामी शाहजहांपुर के छोटे चौक निवासी कृष्णा वर्मा ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। चूंकि मामला पांच लाख रुपए से अधिक का था सो एसआर केश की सूचना आईजी बरेली को भेज दी गई। उच्चाधिकारियों की मॉनिटरिंग में घटना के खुलासे के लिए एसपी सौरभ दीक्षित ने कोतवाली पुलिस के साथ एसओजी व सर्विलांस सेल को भी सक्रिय कर दिया। एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे व सीओ विद्युत सक्सेना के सानिध्य में करीब आधा दर्जन से ज्यादा संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूंछताछ की गई । एसओजी टीम ने भी कोतवाली पहुंचकर संदिग्धों से कड़ाई से पूंछताछ की। लेकिन नतीजा शून्य रहा । कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि शीघ्र ही किसी ठोस नतीजे पर पहुंचने की संभावना है।

## जिलाधिकारी से ढाईघाट के संतों ने गंगा मेला परिसर में पुराने कीचड़युक्त गंगाघाट मार्ग को ऊंचा बनवाए जाने की मांग की

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शाहजहांपुर/ फर्रुखाबाद जिलों की सीमा पर स्थित ढाईघाट गंगातट पर पुराने गंगाघाट मार्ग पर अत्यधिक कीचड़ और जलभराव होने से साधु संतों और श्रद्धालुओं को निकलना मुश्किल है। तमाम साधु संतों और श्रद्धालुओं ने जिलाधिकारी और जिला पंचायत अध्यक्ष शाहजहांपुर से ढाईघाट मेला परिसर में पुराने गंगाघाट मार्ग को ऊंचा करके बनवाए जाने की मांग की है। ज्ञात रहे कि ढाईघाट गंगातट पर तमाम साधु संत पुराने गंगा मार्ग पर स्थाई आश्रम बनाकर भजन पूजन कर रहे हैं। गंगातट पर आश्रम बनाकर रहने वाले संत श्याम स्वरूप ब्रह्मचारी,स्वास्थ्य रक्षक प्रेमपाल,संत गुरुचरण दास,प्रेमदास,राधे बाबा फूलपुरी,संत मस्त गिरी,दंड स्वामी दीपेश्वर



आश्रम,दंडी स्वामी कृष्णदेव आश्रम व रामस्वरूप ब्रह्मचारी आदि का आरोप है कि जिला पंचायत प्रशासन शाहजहांपुर ने कार्तिक,माघ और कांवड़ मेलों के दौरान इस पुराने गंगा मार्ग को बनवाने के बजाय बालू खनन ठेकेदार के बनाए गए गंगा घाट मार्ग को ही अपना बनवाया गया मुख्य मार्ग दर्शाकर पुराने गंगाघाट मार्ग को खाई खड्डों और जलभराव के लिए छोड़ दिया गया है। जिससे साधु संत और श्रद्धालु अत्यधिक भीड़ होने पर इसी कीचड़युक्त पुराने घाट मार्ग से निकलने को मजबूर हो जाते हैं। साधु संतों और श्रद्धालुओं का कहना है कि मेले में लाखों की भीड़ उमड़ने पर श्रद्धालुओं को इसी कीचड़युक्त पुराने गंगा घाट मार्ग से निकलना पड़ता है। साधु संतों और श्रद्धालुओं ने जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताव सिंह और जिला पंचायत अध्यक्षा ममता सिंह यादव शाहजहांपुर से ढाईघाट मेला परिसर में पुराने गंगा मार्ग को ऊंचा करके बनवाए जाने की मांग की है। अन्यथा की स्थिति में साधु संत श्रद्धालुओं के साथ आने वाले कार्तिक मेले को लगने में व्यवधान उत्पन्न करेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी मेला प्रबंधन शाहजहांपुर की होगी।

## विश्वविद्यालय में गूंजा 'टीबी मुक्त भारत' का संदेश



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री के आह्वान पर टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) द्वारा देशभर में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 25 यूपी बटालियन एनसीसी, शाहजहांपुर के कमान अधिकारी कर्नल संग्राम सिंह चीमा के निर्देशन में शुक्रवार को स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय से जनपद स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। जनभागीदारी, जागरूकता और समय पर उपचार के माध्यम से ही टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने आह्वान किया कि एनसीसी कैडेट समाज में जागरूकता के सशक्त दूत बनकर इस संदेश को घर-घर तक पहुंचाएं। जनपद टीबी उन्मूलन प्रभारी रंजीत सक्सेना ने टीबी के लक्षण, बचाव, जांच एवं पूर्ण उपचार की जानकारी देते हुए कहा कि समय पर जांच और नियमित दवा से टीबी का पूर्ण उपचार संभव है। सूबेदार मेजर सुनील सिंह रावत ने कहा कि एनसीसी कैडेट राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी अभियानों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अनुकृति नाटक मंच के कलाकारों ने टीबी जागरूकता पर आधारित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसके बाद कार्यक्रम प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ आलोक कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों को टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलाई तथा विश्वविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता रैली निकालकर आमजन को टीबी के प्रति जागरूक किया। रैली के दौरान कैडेटों ने टीबी हारेगी, भारत जीतेगा, समय पर जांच, पूरा उपचार, टीबी से मिलेगा छुटकारा तथा टीबी मुक्त भारत, स्वस्थ भारत जैसे नारों से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में भोर फाउंडेशन की अध्यक्ष स्वाती सिंह, प्रो आलोक मिश्रा, डॉ प्रमोद यादव, डॉ मृदुल पटेल, डॉ सुजीत कुमार वर्मा, डॉ संदीप कुमार वर्मा, डॉ रूपक श्रीवास्तव स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, एनसीसी के सैन्य प्रशिक्षक तथा बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।

## भाकियू (अराजनैतिक) ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू (आराजनैतिक) गुट के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। साथ ही कार्यकर्ताओ ने कहा अगर समस्याओं का समाधान नही किया गया तो धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।

शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम सदानन्द सरोज को ज्ञापन सौंपा। दिए हुए ज्ञापन ने तहसील अध्यक्ष ब्रजेश पाण्डेय ने बताया कि गांव डुंडवा निवासी उज्ज्वल अग्निहोत्री अपनी पैतृक कृषि भूमि पर धान की रोपाई कर रहे हैं। उनका आरोप है कि उक्त भूमि को लेकर पूर्व में फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र और कथित फर्जी वसीयत के आधार पर दाखिल-खारिज कराया गया था। मामले में वर्ष 2025 में थाना पुवायां में एफआईआर दर्ज हुई थी, जिसकी विवेचना अभी भी चल रही है। संगठन का दावा है कि संबंधित व्यक्ति का नाम राजस्व अभिलेखों से निरस्त किया जा चुका है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि एक पक्ष बार-बार पुलिस को भेजकर किसान को धान की रोपाई से रोकने और परेशान करने का प्रयास कर रहा है। संगठन ने प्रशासन से मांग की कि अनावश्यक पुलिस हस्तक्षेप बंद कराया जाए और किसान को अपनी भूमि पर खेती करने दी जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि किसानों का उत्पीड़न नहीं रुका तो संगठन धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा,जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन के दौरान तहसील अध्यक्ष ब्रजेश पाण्डेय , रीता रानी, निरंकार, रजनीश पाल, महेंद्र, रमेश, वागेश पाण्डेय, शिवओम गिरी, रमाकांत, सुबोध समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नगला बलेटू मार्ग पर शुरू हुआ मरम्मत कार्य

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** कोरोकुइया से नगला बलेटू मार्ग पर लंबे समय से जलभराव और सड़क में बने गहरे गड्ढों के कारण ग्रामीणों व राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था प्रशासन ने मामले का संज्ञान लेते हुए सड़क पर पत्थर डलवाने का कार्य शुरू करा दिया है। बताया जाता है कि बरसात के दौरान सड़क पर जलभराव होने से दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों और पैदल आने-जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत होती थी। कई बार लोग गड्ढों में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। इस संबंध में कोरोकुइया निवासी पूर्व प्रधान सबील हसन ने भी प्रशासन को लिखित शिकायत देकर



सड़क की मरम्मत कराने की मांग की थी। ग्रामीणों ने सड़क पर मरम्मत कार्य शुरू होने पर संतोष व्यक्त किया है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही सड़क की पूरी तरह मरम्मत कराई जाती है तो आवागमन सुगम होगा और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। लोगों ने प्रशासन का आभार जताते हुए शेष मार्ग की भी शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।

# सख्तीः बगैर डाक्टर नहीं हो सकेंगे अल्ट्रासाउंड

## जिलाधिकारी की पहल पर अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर लागू होगी नई तकनीक

▸ अब डॉक्टर के फिंगरप्रिंट से ही संचालित होगी अल्ट्रासाउंड मशीन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



अब जनपद में अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर बिना चिकित्सक की उपस्थिति के अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा अल्ट्रासाउंड किए जाने तथा भ्रूण लिंग जांच संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। इसी क्रम में डीएम ने सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी एवं सीएमओ डा. विवेक कुमार मिश्रा के साथ सदर बाजार क्षेत्र स्थित चौधरी डायग्नोस्टिक सेंटर पहुंचकर नई तकनीकी व्यवस्था का अवलोकन किया। डीएम ने बताया कि जनपद में प्राप्त हो रही शिकायतों के प्रभावी निराकरण एवं अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अब ऐसी तकनीक लागू की जा रही है, जिसके अंतर्गत अल्ट्रासाउंड मशीनें केवल संबंधित पंजीकृत चिकित्सक के फिंगरप्रिंट (बायोमेट्रिक सत्यापन) के बाद ही संचालित हो सकेगी। चिकित्सक की अनुपस्थिति में मशीन किसी भी स्थिति में प्रारंभ नहीं होगी, जिससे अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा अल्ट्रासाउंड किए जाने पर प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इस तकनीक के माध्यम से मशीन के संचालन का संपूर्ण रिकॉर्ड भी सुरक्षित रहेगा, जिससे प्रत्येक अल्ट्रासाउंड की जानकारी उपलब्ध रहेगी तथा किसी भी शिकायत की स्थिति में उसका सत्यापन आसानी से किया जा सकेगा। इससे भ्रूण लिंग जांच जैसे अवैध एवं दंडनीय कृत्यों पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में सहायता मिलेगी। डीएम ने कहा कि यह व्यवस्था चरणबद्ध रूप से जनपद के सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर लागू कराई जाएगी। इसका उद्देश्य केवल तकनीकी परिवर्तन करना नहीं, बल्कि मरीजों को सुरक्षित, पारदर्शी एवं नियमों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा पीसीपीएनडीटी अधिनियम का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराना है। सीएमओ डा.विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि नई प्रणाली लागू होने के बाद अल्ट्रासाउंड केंद्रों की निगरानी और अधिक प्रभावी होगी तथा निर्धारित मानकों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

# विधायक सलोना कुशवाहा व चेयरपर्सन हाजरा बेगम ने सुरभि ब्राइट फ्यूचर लाइब्रेरी का फीता काट कर किया शुभारंभ



**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर में उमा टॉकीज रोड स्थित सुरभि ब्राइट फ्यूचर लाइब्रेरी का शुक्रवार को भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा एवं सपा चेयरपर्सन हाजरा बेगम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर लाइब्रेरी का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम के दौरान लाइब्रेरी संचालिका पूर्वा गुप्ता ने विधायक सलोना कुशवाहा एवं चेयरपर्सन हाजरा बेगम का पुष्पमाला पहनाकर और साल ओढ़ाकर स्वागत सम्मान किया। लाइब्रेरी संचालिका पूर्वा गुप्ता ने बताया कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस लाइब्रेरी में एक समय में 84 छात्र-छात्राएं बैठकर अध्ययन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शांत एवं बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लाइब्रेरी संचालित की गई है। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, सभासद सुशील सिंह, नामित सभासद सविता वर्मा, कुमार गौरव, अलका गुप्ता, रामलखन कुशवाहा सहित अन्य गणमान्य शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### चेकिंग में पुलिस के हत्थे चढ़ा युवक, तमंचा व कारतूस बरामद



**जैतीपुर शाहजहांपुर।** अपराध एवं अवैध शस्त्रों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गढ़िया रंगीन थाना पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 30 जुलाई की शाम थाना गढ़िया रंगीन पुलिस क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान ग्राम जगतियापुर के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से .315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम वीरेन्द्रपाल (36) निवासी अगन्दपुर, जनपद बदायूं बताया। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज किया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में पेश कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध हथियार रखने वालों और अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित चेकिंग की जा रही है और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### सांड की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** बीती रात गांव में सांड की टक्कर लगने से युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन रात में ही सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक गुरुवार रात करीब साढ़े आठ बजे विरसिंग क्षेत्र के गांव प्रहलादपुर निवासी हुकुमलाल के बेटे शेर बहादुर को आबरा घुमंतू सांड ने टक्कर मार दी। आनन फानन में परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां से उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत हत्या के तीन दोषियों को उम्रकैद

**शाहजहांपुर।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत शाहजहाँपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। थाना जलालाबाद में वर्ष 2023 में दर्ज हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय ने तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए प्रत्येक पर 21-21 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। तीनों पर कुल 63 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में मॉनीटरिंग सेल, थाना जलालाबाद पुलिस और अभियोजन विभाग की संयुक्त एवं प्रभावी पैरवी के चलते यह फैसला आया। न्यायालय में समयबद्ध तरीके से साक्ष्य और गवाह प्रस्तुत किए गए, जिसके आधार पर आरोप सिद्ध हुए। मामला थाना जलालाबाद के मुकदमा अपराध संख्या 591/2023 से संबंधित है। इसमें ग्राम सिखमपुर निवासी पप्पू पुत्र शेर सिंह, प्रमोद पुत्र पप्पू और विनोद पुत्र पप्पू पर विवाद के दौरान एक व्यक्ति की हत्या करने का आरोप था। सुनवाई पूरी होने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने तीनों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302/34 एवं 452 के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और प्रत्येक पर 21-21 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत जघन्य अपराधों में दोषियों को शीघ्र एवं कठोर सजा दिलाने के लिए लगातार प्रभावी पैरवी की जा रही है, जिससे अपराधियों में कानून का भय बना रहे।

### गोदाम के सुदृढ़ीकरण कार्य का सीडीओ ने किया निरीक्षण



**शाहजहांपुर।** मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी ने शुक्रवार को विकास खंड सिंधौली स्थित एम-पैक्स रखिया बुजुर्ग समिति के गोदाम के मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लिया और कार्य को संतोषजनक पाया। निरीक्षण के समय सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता डॉ. गणेश गुप्ता, सचिव एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी सौरभ द्विवेदी, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा के सहायक अभियंता उदय प्रताप सिंह तथा अपर जिला सहकारी अधिकारी आनंद कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। सचिव ने बताया कि भंडारण योजना के तहत प्राप्त धनराशि से गोदाम की जर्जर छत को हटाकर नई छत का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा गेट, बाउंड्री वॉल, पेंटिंग, कार्यालय भवन और बरामदे में टाइल्स सहित अन्य सुदृढ़ीकरण कार्य भी पूरे किए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समिति की परिसंपत्तियों का नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए तथा किसानों को सुरक्षित एवं बेहतर भंडारण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे सहकारी व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सके।

# महिलाओं से कुंडल-झुमकी लूटने वाला बदमाश गिरफ्तार

▸ एसओजी, सर्विलांस और सिंधौली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, चोरी की बाइक, तमंचा और लूट का माल बरामद

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में महिलाओं से कुंडल-झुमकी लूट की घटनाओं का खुलासा करते हुए एसओजी, सर्विलांस सेल और थाना सिंधौली पुलिस की संयुक्त टीम ने एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से लूटे गए सोने के कुंडल, अवैध तमंचा, कारतूस, घटना में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है।

27 जुलाई को ग्राम बीबीपुर निवासी आनंद अपनी पत्नी सोनी और बच्चों के साथ बाइक से ससुराल से लौट रहे थे। सिंधौली क्षेत्र में रेहरिया पुल के पास पीछे से आए बाइक सवार बदमाश ने उनकी पत्नी के दोनों कानों के कुंडल झपटकर फरार हो गया था। इस मामले में थाना सिंधौली में मुकदमा दर्ज कर एसओजी, सर्विलांस और स्थानीय पुलिस को खुलासे के लिए लगाया गया था।

जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार तड़के बाबा त्रिलोकीनाथ मंदिर तिराहा रिंग रोड पर चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पंकज उर्फ पिंकू (28) निवासी ग्राम भटपुरा चंदू, थाना पुवायां को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से पीली धातु के चार कुंडल, कुंडलों के चार टूटे हुए टुकड़े, 8 हजार रुपये नकद, एक अवैध 12 बोर तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त चोरी की एचएफ डीलक्स बाइक बरामद हुई।

पूछताछ में आरोपी ने सिंधौली क्षेत्र में हुई कुंडल लूट की घटना स्वीकार करते हुए खीरी जिले के पसगवां और उचौलिया क्षेत्रों में भी अपने साथी राजकुमार निवासी हरदोई के साथ मिलकर महिलाओं से कुंडल लूटने की वारदातें कबूल कीं। पुलिस के अनुसार आरोपी पर शाहजहाँपुर, खीरी और पीलीभीत जनपदों में लूट, छिनैती, चोरी, गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट समेत 20 मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसओजी प्रभारी मोहन देव शर्मा, उपनिरीक्षक अजीत सिंह तथा थाना सिंधौली के पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# आलिया एवं उच्च आलिया स्तर के समस्त मदरसों के प्रधानाचार्यों की बैठक आयोजित



▸ जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में जनपद के आलिया एवं उच्च आलिया स्तर के समस्त मदरसों के प्रधानाचार्यों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रसून राय ने की। बैठक में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने राज्य सरकार द्वारा संचालित अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पूर्व-दशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत पात्र छात्र-छात्राओं के शत-प्रतिशत ऑनलाइन आवेदन निर्धारित समय सीमा के भीतर कराए जाएँ। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।

श्री राय ने सभी मदरसों के प्रधानाचार्यों एवं नामित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप से अगले दो दिनों के भीतर बनवा लें, ताकि छात्रवृत्ति आवेदन के सत्यापन एवं अन्य ऑनलाइन प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय पर डीएससी उपलब्ध होने से पोर्टल पर सत्यापन कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सकेगा। बैठक में छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक अभिलेख, ऑनलाइन सत्यापन, समय-सीमा तथा शासन के दिशा-निर्देशों का विस्तार से अवलोकन कराया गया। साथ ही सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए गए कि वे विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी देकर समय से आवेदन सुनिश्चित कराएँ।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिलाना सभी संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षण संस्थानों की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठकमें इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां, मौलाना इमरान, इमरान रज़ा, शरीफ़ खान, सरताज, रिजवान खान, ज़फ़र आलम, आदि मौजूद थे।

# नाबालिग किशोरी से अश्लीलता करने वाले को दबोच पुलिस को सौंपा

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ राजस्थान में भट्ठे पर काम करने के दौरान से पीछा करता था युवक

पेट की ख़ातिर घर छोड़ परदेश में सपरिवार गए ग्रामीण की नाबालिग बेटी से एक तरफा प्रेम करने का भूत ऐसा सबार हुआ कि पीछा करते गांव तक आ गया। शौच के लिए गई किशोरी को पकड़ने पर शोरगुल सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। हुआ यूं कि कोतवाली क्षेत्र के एक दलित ग्रामीण अपनी पत्नी बच्चों समेत ठेकेदार के जरिए राजस्थान में एक ईंट भट्टे पर मजदूरी करने गया था। इसी दौरान निगोही क्षेत्र के गांव घुसगवां निवासी भी एक परिवार उसी भट्ठे पर काम करने गया था।

आरोप है कि घुसगवां के परिवार का विनेश पुत्र ओमप्रकाश उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी से एक तरफा प्रेम के जुनून में उसके पीछे पड़ गया। किशोरी के पिता का आरोप है कि युवक उसकी ही बिरादरी का है। लेकिन जबरदस्ती नाबालिग बेटी के पीछे पड़ उससे अश्लीलता करने लगा। पीड़ित पिता ने बताया कि उसने उक्त विनेश के दो भाईयों से भी उसकी बेटी को छोड़ देने की मिन्नतें की। लेकिन उसकी एक न सुनी। हार कर वह देर रात छिपते हुए राजस्थान से बेटी को तिलहर अपने गांव ले आया।

आरोप है कि विनेश भी पीछा करते हुए यहां आ गया और गांव भुडेली में अपने मौसा के यहां रहने लगा। पीड़ित पिता ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर करीब दो बजे उसकी बेटी शौच के लिए निकली तो विनेश उसे दबोच अश्लीलता करने लगा। बेटी के चीख सुन वह लोग दौड़े और उसे पकड़ के पुलिस के हवाले कर दिया है। पीड़ित ने विनेश के खिलाफ दी तहरीर दी है। उसने कोतवाल प्रिंस शर्मा को बताया कि विनेश उसे गाली देते हुए ससुर कहता है। पुलिस ने उसके मौसेरे भाई को भी हिरासत में लेकर पूंछताछ की है। कोतवाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल समाचार भेजे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

### विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में खाया जहरीला पदार्थ, जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत परिजन बिगड़ने पर आनन फानन में पति सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव खिरिया माल निवासी मधु 24 पत्नी संजीव सिंह ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। संजीव सिंह आनन-फानन में उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में मधू को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। फिलहाल घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

# राहगीरों को मिली राहत, रोटरी क्लब ने लगवाई सार्वजनिक बेंच

▸ नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने किया उद्घाटन, शहर में अन्य स्थानों पर भी लगेंगी बेंच

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




सामाजिक सेवा के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए रोटरी क्लब शाहजहाँपुर ने शहरवासियों की सुविधा के लिए होटल महाकाली पैलेस के सामने स्थित पुल पर एक सार्वजनिक बेंच स्थापित कराई। इसका उद्घाटन नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज मिश्रा ने किया। उद्घाटन के दौरान डॉ. मनोज मिश्रा ने रोटरी क्लब के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की सुविधाएं राहगीरों, वरिष्ठ नागरिकों एवं आम लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित होंगी। उन्होंने क्लब द्वारा समाज हित में किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की। रोटरी क्लब के अध्यक्ष रो. रोहित गोयल ने बताया कि क्लब हमेशा समाज सेवा के कार्यों के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान की शुरुआत है और आने वाले समय में शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर चरणबद्ध तरीके से और भी सार्वजनिक बेंच स्थापित की जाएंगी, जिससे अधिक से अधिक लोगों को सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि इस सेवा प्रकल्प को सफल बनाने में क्लब के पूर्व अध्यक्ष रो. रोहित गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। क्लब के सचिव रो. डॉ. गौरव कौशल ने आईटी एक्सपर्ट श्री सैफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से यह जनसेवा का कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो सका। श्री सैफ ने भी इसे समाज के प्रति रोटरी क्लब की सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस अवसर पर रो. अजय शर्मा, रो. अतुल मेहरोत्रा, रो. विकास अग्रवाल एवं रो. अश्वनी विज सहित क्लब के अन्य सदस्य मौजूद रहे। अंत में सचिव रो. डॉ. गौरव कौशल ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

**CHANGE OF NAME**

I, G KALIYANI, MOTHER OF ARMY NO 2617342N RANK SEP NAME JUSTIN T, PRESENTLY RESIDING AT VILL - KALIYAL, ALANCHOLAI – POST VILAVANCODE – TEH, KANYAKUMARI – DIST, TAMILNADU – STATE, PIN - 629101. I HAVE CHANGED MY NAME FROM G KALIYANI TO KALYANI THANKA SAMI AS PER AADHAR RECORDS. VIDE AFFI-DAVIT DECLARATION DATE.30.07.2026

# ई रिक्शा पलटने से ग्रामीण की मौत

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



तिलहर निगोही मार्ग पर गुरुवार अपरान्ह करीब दो बजे सिंधौली से लौट रहे थाना क्षेत्र के गांव बरहा मोहब्बतपुर गांव निवासी ओमपाल पुत्र विजयी 42 की ई-रिक्शा पलटने से मौत हो गई। पिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाया। जानकारी के मुताबिक गुरुवार अपरान्ह करीब दो बजे विरसिंहपुर पुलिस चौकी से करीब आधा किलो मीटर पहले संदिग्ध परिस्थितियों में ई-रिक्शा पलट गया। जिससे ओमपाल सड़क पर गिर पड़े। आरोप है कि हादसे के बाद ई रिक्शा चालक ने न तो उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया और न ही पुलिस को सूचना दी। देर रात ग्रामीणों एवं ग्राम प्रधान की सूचना पर विरसिंग पुर चौकी इंचार्ज अरुण कुमार गौतम पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे। और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाया। शुक्रवार अपरान्ह करीब तीन बजे पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही ओमपाल का शव गांव पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पत्नी सोनकली और बच्चों का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

# काशी की पावन माटी से महका शाहजहांपुर, गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान का हुआ स्वागत

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत उनकी पावन जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी से लाई गई पावन माटी का शनिवार को शाहजहांपुर पहुंचने पर भव्य एवं श्रद्धापूर्ण स्वागत किया गया। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष के.सी. मिश्रा के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पावन माटी का पुष्पवर्षा और जयघोष के बीच स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने गुरु रविदास महाराज के बताए समरसता, समानता, सामाजिक सद्भाव और मानवता के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष के.सी. मिश्रा ने कहा कि गुरु रविदास महाराज का जीवन समाज में समानता और भाईचारे का संदेश देता है। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट करने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं। अभियान के तहत लाई गई यह पावन माटी अब कलश यात्रा के माध्यम से जनपद के सभी 21 मंडलों में पहुंचाई जाएगी। यात्रा के दौरान गुरु रविदास महाराज के विचारों एवं सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सूचना

### विवाहिता लापता, तलाश जारी



शाहजहाँपुर के थाना परौर पुलिस ने 22 वर्षीय विवाहिता गुंजन की तलाश गस्ती जारी की है। परिजनों के अनुसार, 2 जुलाई 2026 की रात वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। इस मामले में थाना परौर पर मु.अ.सं. 62/2026 के तहत धारा 87 बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। हुलिया /गुमशुदा लंबाई 5 फुट, रंग गोरा, नाक, कान, आंख औसतन ,जो कि लाल हरे रंग का सूट-सलवार पहने है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि महिला के संबंध में कोई जानकारी मिले तो तत्काल थाना परौर पुलिस या दिए गए संपर्क नंबरों पर सूचना दें। परिजन/ पिता ध्यानपाल सिंह मो. नंबर 8299897281, उ.नि. विकेश कुमार मो. नंबर 9412630949, प्रभारी निरीक्षक थाना परौर मो. नंबर 9454404216।

## कमजोर होती लोकतांत्रिक प्रक्रिया

भारतीय संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है। यहीं जनता की आकांक्षाओं को आवाज मिलती है, सरकार की जवाबदेही तय होती है और देश की दिशा तय करने वाले कानून बनते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में संसद का दृश्य अक्सर ऐसा दिखाई देता है, जहां गंभीर बहस की जगह नारेबाजी, वेल में आना, पोस्टर प्रदर्शन और लगातार गतिरोध प्रमुख खबर बन जाते हैं। मानसून सत्र के अंतिम दिनों में भी यही तस्वीर सामने आई। एक ओर सत्ता पक्ष महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने की जल्दबाजी में दिखा, तो दूसरी ओर विपक्ष विरोध दर्ज कराने के लिए सदन के भीतर और बाहर प्रतीकात्मक प्रदर्शन करता रहा। परिणाम यह हुआ कि सबसे अधिक नुकसान उस आम नागरिक का हुआ, जिसकी समस्याओं पर चर्चा होना संसद का मूल उद्देश्य है।


लोकतंत्र में विरोध का अधिकार उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि सरकार का शासन चलाने का अधिकार। विपक्ष का दायित्व केवल सरकार का विरोध करना नहीं, बल्कि सरकार की नीतियों की रचनात्मक समीक्षा करना, कमियों को उजागर करना और बेहतर विकल्प प्रस्तुत करना भी है। दूसरी ओर सरकार का दायित्व यह सुनिश्चित करना है कि संसद केवल औपचारिकता बनकर न रह जाए, बल्कि प्रत्येक महत्वपूर्ण विधेयक पर पर्याप्त चर्चा हो और विपक्ष की बात भी सुनी जाए। जब दोनों पक्ष अपनी-अपनी राजनीतिक रणनीति को प्राथमिकता देने लगते हैं, तब संसदीय गरिमा प्रभावित होती है।

वर्तमान सत्र में पेपर लीक, राम मंदिर चढ़ावा विवाद, जंतर-मंतर प्रदर्शन, कानून-व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था और कई अन्य मुद्दों को लेकर तीखा टकराव देखने को मिला। विपक्ष का कहना है कि सरकार संवेदनशील मुद्दों पर जवाब देने से बच रही है, जबकि सरकार का आरोप है कि विपक्ष चर्चा से भागकर केवल हंगामा करता है। दोनों पक्षों के अपने-अपने तर्क हो सकते हैं, लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या लगातार बाधित होती संसदीय कार्यवाही से देश का हित सध रहा है? संसद की कार्यवाही पर हर मिनट करोड़ों रुपये का सार्वजनिक धन खर्च होता है। जब सदन बार-बार स्थगित होता है, तो केवल समय ही नहीं, बल्कि जनता के कर का पैसा भी व्यर्थ जाता है। यह स्थिति लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए स्वस्थ नहीं कही जा सकती। संसद में बहस इसलिए होती है कि अलग-अलग विचार सामने आएं, तथ्यों की जांच हो और कानून अधिक प्रभावी बन सकें। यदि विधेयक बिना पर्याप्त चर्चा के पारित हों या हंगामे के कारण महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा ही न हो पाए, तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया कमजोर होती है। आज देश जिन चुनौतियों का सामना कर रहा है, वे किसी एक दल या सरकार तक सीमित नहीं हैं। बेरोजगारी, महंगाई, कृषि संकट, शिक्षा में सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, न्यायिक सुधार, जल संकट, पर्यावरण संरक्षण, साइबर अपराध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता की चुनौतियां और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता जैसे अनेक विषय संसद में गंभीर विमर्श की मांग करते हैं। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि इन मुद्दों पर चर्चा अक्सर राजनीतिक शोर-शराबे में दब जाती है। संसद में विरोध प्रदर्शन कोई नई बात नहीं है। भारतीय संसदीय इतिहास में कई बार विपक्ष ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार को घेरा है और कई अवसरों पर सरकारों ने विपक्ष की बात मानते हुए निर्णय भी बदले हैं। किंतु विरोध और व्यवधान में अंतर होता है। लोकतांत्रिक विरोध का उद्देश्य समाधान निकालना होना चाहिए, न कि केवल राजनीतिक संदेश देना। इसी प्रकार सरकार को भी विपक्ष की हर आपत्ति को केवल राजनीति मानकर खारिज करने के बजाय संवाद का रास्ता अपनाना चाहिए। संसदीय समितियों की भूमिका को और मजबूत बनाने की आवश्यकता है। यदि अधिक से अधिक विधेयकों को स्थायी समितियों के पास भेजा जाए और सभी दलों की राय शामिल की जाए, तो सदन में टकराव की संभावना भी कम होगी और कानूनों की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। इसी तरह संसदीय आचार संहिता का कड़ाई से पालन, सभी दलों के बीच नियमित संवाद और सदन की कार्यवाही के प्रति जवाबदेही बढ़ाना समय की आवश्यकता है। लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष दोनों एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी अवश्य होते हैं, लेकिन वे लोकतांत्रिक व्यवस्था के साझेदार भी हैं। जनता ने सरकार को शासन के लिए और विपक्ष को निगरानी के लिए चुना है। यदि दोनों ही अपनी संवैधानिक भूमिका से भटककर केवल राजनीतिक लाभ-हानि के आधार पर निर्णय लेने लगें, तो लोकतंत्र की मूल भावना कमजोर पड़ती है। देश की जनता संसद से समाधान चाहती है, टकराव नहीं; नीति चाहती है, नारे नहीं; संवाद चाहती है, व्यवधान नहीं। राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र की स्वाभाविक पहचान हैं, लेकिन जनहित उनसे ऊपर होना चाहिए। संसद की गरिमा तभी बनी रहेगी, जब सत्ता पक्ष विपक्ष की बात सुने और विपक्ष अपनी असहमति को बहस, तर्क और तथ्यों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करे। भारतीय लोकतंत्र की शक्ति उसकी संस्थाओं में निहित है और संसद उन संस्थाओं की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। इसलिए यह आवश्यक है कि राजनीतिक दल अल्पकालिक राजनीतिक लाभ से ऊपर उठकर संसदीय परंपराओं का सम्मान करें। अंततः संसद किसी दल की नहीं, बल्कि देश की है; और उसका प्रत्येक क्षण जनता के विश्वास, करदाताओं के धन और लोकतंत्र की प्रतिष्ठा से जुड़ा है। जब तक जनहित राजनीति से ऊपर नहीं रखा जाएगा, तब तक संसद की कार्यवाही भले चलती रहे, लेकिन लोकतंत्र का वास्तविक उद्देश्य अधूरा ही रहेगा।

### दो टूक




# पाक अधिकृत कश्मीर में बदलाव की तस्वीर


प्रमोद भार्गव



पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में क्षेत्रीय विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया के दौरान लगातार हालात हिंसक एवं तनावपूर्ण हुए हैं। रावलकोट और मीरपुर में हिंसा के चलते संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों ने गोली चलाकर 37 लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। मानवाधिकार संगठनों ने पीओजेके के इन हालातों पर गंभीर चिंता जताई है।

गौरतलब है कि जेएएसी पिछले करीब दो माह से पीओजेके की तथाकथित विधानसभा की 12 विवादित सीटों को लेकर आंदोलन चला रही है। संगठन का आरोप है कि ये शरणार्थी निर्वाचन क्षेत्र उन मतदाताओं को जरूरत से ज्यादा महत्व देते हैं, जो पीओजेके के मूल निवासी नहीं है। इनमें से ज्यादातर की वैधानिक पुष्टि भी नहीं हुई है। पाकिस्तान सरकार इन सीटों के जरिए अपनी पसंद की सरकार चुनवा कर मर्जी का प्रधानमंत्री बनाना चाहती है। इसी मनमानी को लेकर विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। इसके अलावा बिजली, सस्ता आटा और अन्य खाद्य सामग्री की कमी भी आक्रोश का कारण बनी हुई है। भारत ने इन इन चुनावों को पाकिस्तान के अवैध कब्जे को वैध दिखाने की कोशिश कहा है। जबकि यह भारत का अभिन्न हिस्सा है।

पीओजेके में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक तीन चरणों में चुनाव होने हैं। चुनावों में कुल 45 सीटों में से 12 सीटें शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं। किंतु गुलाम जम्मू-कश्मीर के शरणार्थियों के लिए आरक्षित सीटें मंजूर नहीं हैं। इसलिए जम्मू-कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान के लोग जबरदस्त विरोध में उतर आए हैं। इस विरोध के चलते पहले 46 प्रदर्शनकारी और अब मतदान के दौरान 37 लोग मारे जा चुके हैं, सैंकड़ों लोग घायल हैं। पाक आर्मी और पुलिस के इस दमन एवं नरसंहार से आंदोलनकारियों का गुस्सा और भड़क गया है। इस नाराजगी को दबाने के लिए पुंछ, मीरपुर एवं मुजफ्फराबाद में बड़ी संख्या में अतिरिक्त अर्धसैनिक बल तैनात कर दिए हैं। दरअसल लोगों का गुस्सा इसलिए फूट रहा है क्योंकि ये चुनाव अंतरराष्ट्रीय समुदाय एवं मानवाधिकार आयोग को यह दिखाने के लिए कराए जा रहे हैं कि पाकिस्तान लोकतंत्र का पैरोकार है। लेकिन यह पूरा नाटक फरेब की नौटंकी के अलावा कुछ नहीं है। भारत भी इस चुनाव के विरोध में है।

इस विरोध का प्रमुख कारण पीओजेके में विधानसभा की 45 निर्वाचित सीटों में से 12 सीटों का शरणार्थियों के लिए आरक्षित करना है। जेएएसी का आरोप है कि इन सीटों के कारण स्थानीय लोगों का राजनीतिक प्रतिनिधित्व प्रभावित हो रहा है। संगठन लंबे समय से इन सीटों को समाप्त करने की मांग कर रहा है। चुनाव के ठीक पहले यह मुद्दा राजनीतिक रूप से अत्यंत संवेदनशील बन गया है। इस मुद्दे के साथ-साथ आमजन बढ़ती महंगाई, गेहूं और आटे की उपलब्धता में कमी, बिजली दरों में वृद्धि, बेरोजगारी तथा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारों की मांग को भी आगे बढ़ा रहा है।

दरअसल शरणार्थियों के लिए सीटें आरक्षित करने का मतलब स्थानीय लोगों को जनप्रतिनिधित्व से बहिष्कृत करने का संवैधानिक उपाय पाकिस्तान ने मान लिया है। अतएव ये चुनावी फरेब पीओजेके पर अवैध कब्जे को वैध ठहराने का उपाय भर है। पाकिस्तान इस चुनाव के जरिए यह जताने का उपक्रम कर लेता है कि वह लोकतंत्र का पक्षधर होने के साथ भू-राजनीतिक शक्ति भी है। इस परिप्रेक्ष्य में भारत को इस चुनावी हथकंडे को राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के परिदृश्य में इसे एक बड़े मुद्दे के रूप में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष पेश करने के साथ हस्तक्षेप की मांग करने की जरूरत है। हालांकि पीओके में हुई हिंसा को लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाक पर करारा हमला बोला है। कहा है कि पाकिस्तान को उसके दुष्कर्मों और मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए उत्तरदायी ठहराना चाहिए। पाकिस्तान अपनी आंतरिक विफलताओं को छुपाने और मानवाधिकार उल्लंघनों से ध्यान भटकाने के लिए झूठी खबरों और फर्जी वीडियो का सहारा ले रहा है। जबकि पीओजेके में आर्मी और पुलिस ने बर्बर कार्रवाही की है। हम उम्मीद करते है कि विश्व समुदाय पाक के इन कृत्यों के लिए उसे जवाबदेह ठहराएगा।

इसी बीच संयुक्त राष्ट्र संघ के गलियारों से ऐसी खबर आई है, जिसने आतंकवाद के मुद्दे पर वैश्विक कूटनीति के दोहरे मानदंडों को एक बार फिर से उजागर कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान और चीन की साझा और बेहद महत्वाकांक्षी कोशिश को अमेरिका ने पूरी तरह से असफल कर दिया। इन दोनों देशों ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसके आत्मघाती दस्ते 'मजीद ब्रिगेड' को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया था, जिस पर अमेरिका ने फ्रांस और ब्रिटेन के साथ मिलकर वीटो लगा दिया है। दिलचस्प बात है कि खुद अमेरिका ने 2019 में बीएलए और मजीद ब्रिगेड को अपनी घरेलू फॉरेन टेररिस्ट आर्गेनाइजेशन सूची में शामिल किया था। बावजूद वैश्विक मंच पर चीन और पाकिस्तान के इस साझा प्रस्ताव को अमेरिका और उसके पष्चिमी सहयोगियों द्वारा रोका जाना बड़ा कूटनीतिक संदेश है।

यह वही चीन है, जिसने अतीत में भारत और अमेरिका द्वारा पाकिस्तानी आतंकियों को वैश्विक प्रतिबंधित आतंकवादी सूची में डालने से जुड़े कई प्रस्तावों पर वीटो लगा दिया था। सुरक्षा परिषद् का यह घटनाक्रम संकेत देता है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल सरहदों पर ही नहीं बल्कि बंद कमरों में भी कुटिल कूटनीति के लिए लड़ी जाती है। पीओजेके में वर्तमान नरसंहार को लेकर ब्रिटेन के 50 सांसदों ने भी अंतरराष्ट्रीय समुदायों के समक्ष चिंता जताई है। भारत को पीओजेके में उभरे इस आंतरिक संकट और नरसंहार से सावधान रहने की जरूरत है। क्योंकि धूर्त पाकिस्तान इस ओट में अपनी पुरानी और नापाक चालें चलते हुए प्रशिक्षित आतंकियों की भारतीय सीमा में घुसपैठ कराने की चाल चल सकता है। हालांकि भारतीय खुफिया एजेंसी आईबी ने चेतावनी दी है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई इस अराजकता और खून-खराबे की आड़ में नियंत्रण रेखा पर आतंकियों की घुसपैठ कराकर जम्मू-कश्मीर तथा भारत के अन्य नगरों में हिंसा व अशांति फैलाने की दृष्टि से आत्मघाती हमले करा सकती है। हालांकि भारतीय सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं।

इधर, पीओजेके में आमजनों पर सुरक्षा बलों की बर्बरता को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने उचित ठहराया है। उन्होंने अधिकारों और पहचान दिए जाने की मांग कर रहे कश्मीरियों को भारत जैसा दुश्मन करार दिया है। आसिफ के इस बयान को इस तथ्य की स्वीकार्यता माना जा रहा है कि गुलाम जम्मू-कश्मीर के लोग भारतीय जम्मू-कश्मीर की भूमि का हिस्सा हैं। हकीकत भी यही है। पीओजेके की परिधि में आने वाले गिलगित-बाल्टिस्तान वास्तव में भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य के हिस्सा हैं। बावजूद पाकिस्तान के नाजायज कब्जे में हैं। लेकिन यहां के नागरिकों ने इस बलात कब्जे को कभी नहीं स्वीकारा। यहां तभी से राजनीतिक अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक आवाजें उठ रही हैं और पाक सरकार इन लोगों पर दमन और अत्याचार का सिलसिला जारी रखे हुए है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# युवाओं के सत्याग्रह ने अपने पीछे कुछ सबक छोड़े

*राजेश पांडेय*

जंतर-मंतर पर एक माह तक चले युवाओं के आंदोलन ने कुछ सबक सिखाए हैं, कुछ मुद्दों पर रोशनी डाली है, कुछ उम्मीदें जगाई हैं और साहस, सत्याग्रह की अहमियत को सामने रखा है। यह आंदोलन कई मायनों में अद्वितीय है। उसने लोकतंत्र, संविधान के बुनियादी सिद्धांतों की अनदेखी और सत्ता का दुरुपयोग करने वाली सरकार को अपने कदम पीछे हटाने के लिए विवश किया है। इससे पहले किसान आंदोलन के कारण सरकार को तीन कृषि कानून वापस लेना पड़े थे। लेकिन दोनों आंदोलनों में कुछ फर्क है।

किसान आंदोलन का प्रभाव पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, पश्चिम उत्तर प्रदेश में अधिक था। वहीं युवाओं की हलचल तेजी से फैल रही थी। उसमें छात्रों के परिजन शामिल हो रहे थे। भाजपा का समर्थन करने वाले मध्यम वर्ग में भी बेचौनी थी। बहुत कम लोगों को शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की उम्मीद थी। राजनीतिक पर्यवेक्षक सत्ताधारी दल के एक वरिष्ठ नेता के बयान का जिक्र करते थे कि भाजपा में इस्तीफे नहीं होते हैं। संतोष का विषय है कि युवाओं ने सरकार को जवाबदेही और जिम्मेदारी का अहसास कराया है। उनके आंदोलन के कारण पहली बार शिक्षा राजनीतिक प्राथमिकताओं के केंद्र में आ गई है। छात्रों ने संदेश दिया है कि अब भी अहिंसक और शांतिपूर्ण तरीकों से मनमानी करने वाली सरकार पर अंकुश लगाना संभव है।


शासकों के इशारों पर चलने वाली संस्थाओं को सचेत होने का अवसर दिया है। भारत में संवाद, विरोध और अहिंसक तरीके से अपनी अपेक्षाओं को जाहिर करने की परंपरा पुरानी है। इसके सबसे बड़े प्रतीक महात्मा गांधी हैं। उनके सत्याग्रह ने भारत से ब्रिटिश साम्राज्य को उखाड़ने में प्रमुख भूमिका निभाई थी। आजादी के बाद कई मौकों पर जनमत जगाने वाले आंदोलन हुए हैं। 1970 के दशक में गुजरात से शुरू हुए छात्रों के नवनिर्माण आंदोलन ने जयप्रकाश नारायण के आंदोलन की जमीन तैयार की थी। फिर 2011-12 के अन्ना आंदोलन ने यूपीए सरकार की चुनावी हार का रास्ता बनाया। इन आंदोलनों में गैर-राजनीतिक संगठनों, आम लोगों के अलावा राजनीतिक दलों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। छात्रों के मौजूदा आंदोलन के पीछे सुनियोजित रणनीति और कार्यक्रम नहीं था। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की एक टिप्पणी के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी अस्तित्व में आई। उसने दिल्ली में धरना शुरू किया और इसकी गूंज पूरे देश तक पहुंच गई। चंद दिनों के भीतर हजारों युवा दिल्ली में जुट गए। सरकार के दमन ने आग में घी डाला। पुलिस ने आंसू गैस, पैलेट गन, लाठीचार्ज के जरिये जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग किया। इंटरनेट बंद करने का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। युवा शक्ति की क्रिएटिविटी से उपजे हास्य, व्यंग्य की पैनी धार के सामने तमाम तरीके बेअसर हो गए। छात्रों के पोस्टर और मीम भारी पड़े। सोशल मीडिया ने आंदोलन की हलचल को हर जगह पहुंचा दिया। सरकार की जी-हुजूरी करने और विपक्षी पार्टियों को हमेशा निशाना बनाने वाले गोदी मीडिया के पैंतरे बेकार गए। आंदोलन का स्वरूप और उसकी रफ्तार सरकार की कल्पना से परे थी। उसने छात्रों से लगातार बातचीत की। लेकिन छात्र अपने रुख पर अडिग रहे।

आंदोलन के पीछे पाकिस्तान, चीन का हाथ होने जैसे पुराने नकारात्मक दांव भी काम नहीं आए। विरोध को देशद्रोह और राष्ट्रविरोधी बताने का जाना-पहचाना हथियार भी कुंद साबित हुआ। यहां प्रमुख विपक्षी दलों कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने छात्रों का समर्थन करने के साथ थोड़ी दूरी बनाए रखने की सावधानी बरती। इस चतुराई के कारण आंदोलन को पूरी तरह राजनीति से प्रेरित घोषित नहीं किया जा सका है। सोनम वांगचुक के लंबे अनशन ने आंदोलन को नैतिक समर्थन दिया। छात्रों के विरोध ने शिक्षा व्यवस्था की कई मूलभूत समस्याओं, उच्च शिक्षण संस्थाओं की नियुक्तियों में पेशेवर मापदंडों को दरकिनार रखने सहित कई खामियों पर फिर बहस की जरूरत बताई है। पिछले कुछ वर्षों में उच्च शिक्षण संस्थाओं में अहम पदों पर नियुक्तियों में योग्यता, विद्वता, पेशेवर क्षमता की बजाय विचारधारा को तवज्जो दी गई है। स्कूली पाठ्यक्रम में बदलाव पर भी विचारधारा हावी है। परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर गहराते संकट ने छात्रों को उद्वेलित किया है। साल दर साल तैयारियों के बाद जब पेपर लीक हो जाएं, समय पर रिजल्ट आने का कोई भरोसा न रहे तब असंतोष का विस्फोट होना स्वाभाविक है।

सत्याग्रह ने शिक्षा और रोजगार से जुड़े कुछ बिंदुओं को चर्चा के केंद्र में रख दिया है। यहां हम युवाओं के मुद्दों पर गौर करेंगे। युवाओं की हताशा बढ़ती बेरोजगारी से जुड़ी है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकानॉमी के अनुसार- जॉब्स में 15 साल और उससे अधिक आयु के लोगों की हिस्सेदारी 2016-17 के 42.7प्रतिशत से घटकर मार्च 2026 में 38.7 प्रतिशत रह गई। इसलिए समस्या के सभी पहलुओं पर गौर करने की जरूरत है। मई में नीट की पहली परीक्षा में बीस लाख से अधिक छात्र बैठे थे। प्रश्नपत्र लीक होने के बाद परीक्षा रद्द कर दी गई। इसके बाद एक दर्जन से अधिक छात्रों के आत्महत्या करने की खबरें आईं। भारत में दुर्घटनाओं और आत्महत्याओं से मौतों पर नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक 2014 में 8068 छात्रों ने आत्महत्या की थी। यह संख्या 2024 में 14288 रही। अंग्रेजी अखबार हिंदू में प्रकाशित खबर में बताया गया है, संसद में शिक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी कि छात्रों की आत्महत्या के कारणों में अकादमिक तनाव, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक स्वास्थ्य, धन की तंगी और व्यक्तिगत टकराव शामिल हैं। रिपोर्ट में परीक्षा में विफलता को प्रमुख कारण बताया गया है। 2014 से 2024 के बीच छात्रों की आत्महत्याओं के कुल मामलों में 21 प्रतिशत छात्रों ने इस कारण जान दे दी। इस अवधि में सिर्फ 2021 को छोड़कर हर साल दो हजार से अधिक छात्रों ने विभिन्न परीक्षाओं में विफलता की वजह से जीवन गंवा दिया। प्रश्नपत्रों के लीक होने से कई तरह का बोझ पड़ता है। छात्रों और उनके परिवार के लिए परीक्षाओं की तैयारी महंगी पड़ती है। हर साल बड़ी संख्या में छात्र कोचिंग संस्थाओं की शरण में जाते हैं। शिक्षा पर विस्तृत मॉड्यूलर सर्वे 2025 (सीएमएस-ई) के अनुसार हायर सेकंडरी के 37 प्रतिशत शहरी और ग्रामीण छात्रों ने प्राइवेट कोचिंग ली है। इस स्तर पर प्रति छात्र कोचिंग का खर्च 6384 रुपए आया है। शिक्षा के संबंध में कुछ आंकड़े चिंताजनक हैं। पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार के शिक्षा बजट में भारी गिरावट आई है। यह यूपीए सरकार के अंतिम वर्ष 2013-14 के 4.6 प्रतिशत से घटकर 2025-26 में 2.5 प्रतिशत पर आ पहुंचा है। शिक्षा पर खर्च के मामले में राज्यों की स्थिति भी अच्छी नहीं है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


संजय एम तराणेकर

## मज़ाक नहीं संवाद हो

मतभेदों का हक़ सबको है, लोकतंत्र की यहीं पहचान,
पर शब्दों में मर्यादा हो, यही तो है हिंदुस्तान की शान।

तर्कों से यदि गर सको तभी, विचारों का मान बढ़ाओ,
यूं कटाक्षों की तेज़ धार से, संवादों को मत भरमाओ।

जिस विद्वान से असहमति हो, खुलके स्वयं बात कहो,
परंतु हँसी का पात्र बनाकर, ज्ञान का अपमान न करों।


संसद सिर्फ शोर नहीं है, जनविश्वास की है दीवार,
यहाँ शब्दों से दीप जलें, ना ही उठे तिरस्कार की धार।

राजनीति में जीत-हार तो, हर मौसम की एक कहानी,
पर सम्मान बचा रह जाए, बस इतनी हो निगहबानी।

व्यक्ति नहीं, विचारों पे हो, लोकतंत्र का हर एक प्रहार,
मज़ाकों से नहीं सजेगा, प्रियंका का उज्वल व्यवहार।

असहमति भी सुंदर हैं लगती, जब भाषा में हो
संस्कार, वाणी का संयम ही बनता, लोकतंत्र का
सच्चा व्यवहार।

(संदर्भ - प्रियंका वाड्रा ने प्रो. वी कामकोटी को गोमूत्र विशेषज्ञ कहा.)



# असहमति तर्कों से हो, उपहास न बनाएं

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

लोकतंत्र में विचारों पर सहमति-असहमति जितनी आवश्यक है, उतनी ही आवश्यक है भाषा की मर्यादा। संसद में उठने वाली हर आवाज देश के लोकतांत्रिक संस्कारों का परिचय देती है। जब किसी वैज्ञानिक या शिक्षाविद के विचारों का उत्तर तथ्यों के बजाय व्यंग्य और उपहास से दिया जाता है, तब प्रश्न प्रश्न उठना स्वभाविक है, यह प्रश्न बौद्धिक विमर्श की गुणवत्ता का है।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी द्वारा लोकसभा में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि को गोमूत्र विशेषज्ञ कहकर संबोधित किए जाने के बाद देशभर के 215 वर्तमान एवं पूर्व कुलपतियों तथा शिक्षाविदों का खुला पत्र इसी व्यापक चिंता को व्यक्त करता है। यह पत्र किसी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध में नहीं लिखा गया है। वस्तुतः इसका मूल आग्रह यह है कि लोकतांत्रिक असहमति का आधार तर्क, प्रमाण और शिष्ट भाषा होनी चाहिए।

संसद की गरिमा भी तीखी आलोचना से अधिक इस बात से बढ़ती है कि आलोचना कितनी तथ्यपरक और मर्यादित रही। लोकतंत्र में विपक्ष का दायित्व सरकार से कठिन प्रश्न पूछना है। वह पूछे; इससे कौन उसे रोक रहा है। सरकारी समितियों की संरचना पर सवाल उठाना भी उसका अधिकार है, पर यदि किसी सदस्य की योग्यता या विचारों पर आपत्ति है तो उसे तथ्यों के आधार पर चुनौती दी जानी चाहिए न कि उपहास उड़ाकर !

प्रोफेसर वी. कामकोटि का नाम पिछले वर्ष तब चर्चा में आया था, जब उन्होंने गोमूत्र के कुछ संभावित औषधीय गुणों का उल्लेख करते हुए वैज्ञानिक अध्ययनों का हवाला दिया। उनके इन दावों का व्यापक विरोध भी हुआ और समर्थन भी। स्वयं प्रोफेसर कामकोटि ने अपने पक्ष में प्रकाशित शोधपत्रों और वैज्ञानिक अध्ययनों का उल्लेख किया। इनमें 2021 में प्रकाशित एक शोध में गोमूत्र के कुछ पेप्टाइड्स की एंटीमाइक्रोबियल गतिविधि का उल्लेख किया गया था। साथ ही उसी अध्ययन में यह भी स्पष्ट कहा गया कि अन्य संभावित जैविक प्रभावों की पुष्टि के लिए व्यापक और अतिरिक्त अनुसंधान आवश्यक हैं। यही विज्ञान की कार्यप्रणाली है।

किसी निष्कर्ष को अंतिम सत्य मानने से पहले उसे लगातार परखा जाता है और नए प्रमाणों के आधार पर स्वीकार या अस्वीकार किया जाता है। यही कारण है कि विज्ञान में किसी विचार का उत्तर व्यंग्य न होकर शोध, शोध और शोध होता है, अनेक बार तो प्राप्त परिणामों को तब तक संदेह की दृष्टि से देखा जाता है, जब तक कि पूरी तरह से वैज्ञानिक आधार पर संतुष्ट नहीं हो जाते हैं, इसलिए यदि कोई दावा गलत भी है तो उसे प्रयोगशाला, शोधपत्र और वैज्ञानिक परीक्षण के माध्यम से गलत सिद्ध किया जाता है और यदि उसमें कुछ संभावना मौजूद है तो उसे और अधिक कठोर परीक्षणों से गुजारा जाता है।

आज अनेक साक्ष्य इस बात के भी मौजूद हैं कि समय की धार पर अनेक वैज्ञानिक अवधारणाएं प्रारंभ में अस्वीकार्य मानी गईं, लेकिन बाद में प्रमाणों के आधार पर स्वीकार की गईं। वहीं अनेक लोकप्रिय मान्यताएं समय के साथ वैज्ञानिक परीक्षणों में गलत भी साबित हुईं। इसलिए विज्ञान में न तो अंधस्वीकृति का स्थान है और न ही पूर्वाग्रहपूर्ण अस्वीकृति का। हर विचार की कसौटी प्रमाण होते हैं। वस्तुतः वैज्ञानिक



समुदाय की यही परंपरा मानव सभ्यता की प्रगति का आधार भी रही है। कहना होगा कि यह सिद्धांत राजनीति पर भी समान रूप से लागू होता है। राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र में स्वीकार्य हैं, किंतु व्यक्तिगत उपहास लोकतांत्रिक संवाद की गुणवत्ता को कम करता है। संसद में प्रयुक्त शब्द देश की सार्वजनिक संस्कृति को प्रभावित करते हैं, इसलिए सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों पर समान रूप से यह दायित्व है कि वे आलोचना को गरिमा और तथ्यों की सीमाओं के भीतर रखें। आज सांसद प्रियंका गांधी को लिखा गया 215 कुलपतियों और शिक्षाविदों का पत्र इसी सिद्धांत की याद दिलाता है। उनका कहना है कि किसी विद्वान के विचारों से असहमत हुआ जा सकता है, किंतु उसके संपूर्ण शैक्षणिक योगदान को एक राजनीतिक विशेषण तक सीमित कर देना स्वस्थ बौद्धिक संस्कृति के अनुरूप नहीं है। यह चिंता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि विश्वविद्यालय और शोध संस्थान स्वतंत्र चिंतन के केंद्र होते हैं। यदि वहां कार्यरत विद्वानों को सार्वजनिक विमर्श में तर्कों के बजाय उपहास का सामना करना पड़े, तो इसका प्रतिकूल संदेश पूरे शैक्षणिक समुदाय तक जाता है।

इस पूरे विवाद का सबसे बड़ा संदेश यही है कि लोकतंत्र और विज्ञान, दोनों की शक्ति संवाद में निहित है। संवाद तब सार्थक बनता है, जब उसमें तर्क हों, प्रमाण हों और मर्यादा हो। यह सच है कि किसी भी विचार को स्वीकार करने या खारिज करने का अधिकार सभी को है, किंतु साथ में एक सच यह भी है कि किसी व्यक्ति की विद्वत्ता का मूल्यांकन उसके शोध, उसके तर्क और उसके योगदान से होना चाहिए, किसी राजनीतिक विशेषण से कदापि नहीं।

अतः इस संदर्भ में अच्छा हो कि सांसद कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा अपनी भूल सुधारें, देश के वैज्ञानिक समुदाय से खासकर जिनके बारे में उन्होंने संसद में अनुचित बोला है, उनसे माफी मांग लें। वैसे भी भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता भी इसी में है कि संसद में विचारों का विमर्श तीखा हो सकता है, पर भाषा संयमित रहना चाहिए।

याद रहे, असहमति लोकतंत्र को मजबूत करती है, जबकि उपहास विमर्श को कमजोर करता है। यदि हम स्वस्थ लोकतांत्रिक और वैज्ञानिक संस्कृति का निर्माण करना चाहते हैं, तो विचारों का उत्तर विचारों से और तर्कों का उत्तर तर्कों से देना ही सबसे उपयुक्त मार्ग है। उम्मीद करेंगे कि कांग्रेस की सांसद एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड़ा इस बात की गंभीरता को समझेंगी।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### एसपी ने किया साप्ताहिक परेड का निरीक्षण



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का विधिवत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस बल की अनुशासन, सजगता एवं कार्यकुशलता का गहन अवलोकन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल की शारीरिक क्षमता, मानसिक दृढ़ता एवं परिचालन दक्षता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से टोलीवार दौड़ एवं विभिन्न ड्रिल कराई गई। साथ ही उपस्थित पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के दौरान सजगता, तत्परता एवं अनुशासन बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों के सरकारी वाहनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण उपकरणों की उपलब्धता, गुणवत्ता एवं कार्यशीलता का परीक्षण किया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी उपकरण सदैव सुचारू स्थिति में उपलब्ध रहें तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु पूर्ण रूप से तैयार रहें। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश कक्ष में अर्दली रूम आयोजित किया गया, जिसमें अधीनस्थ कार्मिकों की पत्रावलियों का गहन अवलोकन करते हुए विभिन्न प्रकरणों का अनुश्रवण किया गया। लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों/कार्मिकों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ करें तथा जनसमस्याओं के समाधान में प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### डॉग स्क्वायड बेड़े में डॉग सूर्या को किया शामिल



**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा पुलिस लाइन्स परिसर में नए ट्रैकर डॉग एवं उनके हैंडलर्स का निरीक्षण कर उनकी कार्यकुशलता व तैयारियों की समीक्षा की गई। हत्या, चोरी, डकैती एवं अन्य संगीन/जघन्य अपराधों की विवेचना में ट्रैकर डॉग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। ये प्रशिक्षित डॉग घटनास्थल से सुराग जुटाने, अपराधियों का पीछा करने तथा जटिल से जटिल मामलों का वैज्ञानिक व त्वरित निस्तारण करने में पुलिस टीम के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे।इस नए ट्रैकर डॉग के शामिल होने से फतेहपुर पुलिस की इन्वेस्टिगेशन क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। इससे न केवल जघन्य अपराधों का त्वरित अनावरण संभव हो सकेगा, बल्कि अपराधियों में भय और आमजन में सुरक्षा का विश्वास और सुदृढ़ होगा।

### एसपी ने अत्याधुनिक इन्टरसेप्टर वाहन को दिखाई हरी झंडी



**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा जनपद में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने, ओवरस्पीडिंग पर प्रभावी नियंत्रण तथा यातायात नियमों का बेहतर प्रवर्तन सुनिश्चित करने हेतु अत्याधुनिक चार पहिया इन्टरसेप्टर वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस वाहन के माध्यम से ओवरस्पीडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने, अनाधिकृत मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर तकनीक आधारित प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। स्पीड लेजर गन, ब्रेथ एनालाइजर, डेसीबल मीटर तथा डिजिटल ई–चालान प्रणाली के माध्यम से साक्ष्य सहित पारदर्शी प्रवर्तन सुनिश्चित होगा। यह वाहन दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट्स), चिन्हित क्रिटिकल थानों, प्रमुख हाईवे, शहर के प्रवेश एवं निकास मार्गों तथा तेज रफ्तार वाले क्षेत्रों में चक्रानुसार तैनात किया जाएगा। साथ ही स्टंट बाइकिंग, रैश ड्राइविंग एवं अन्य खतरनाक यातायात उल्लंघनों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

### बाइक फिसलने से दो युवक घायल

**जालौन (उरई)।** बाइक से उरई की ओर जा रहे युवकों की चौराहे के पास फिसल गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी शैलेंद्र व अजमेरी शुक्रवार की सुबह बाइक से उरई की ओर जा रहे थे। जब उनकी बाइक चौराहे के पास पहुंची, तभी अचानक सामने जानवर आने से उनकी बाइक फिसल गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। दोनों घायलों को राहगीरों ने सीएचसी पहुंचाया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

# 29 अगस्त से 4 सितम्बर तक आयोजित होगा ऐतिहासिक कजली महोत्सव

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई संरक्षण और विकास समिति महोबा की बैठक

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद महोबा में कजली मेला का दिनांक 29 अगस्त 2026 से दिनांक 4 सितम्बर 2026 तक 1 सप्ताह आयोजन किए जाने के संबंध में महोबा संरक्षण एवं विकास समिति की बैठक संपन्न हुई ।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित साहित्यकारों एवं गणमान्य नागरिकों से कहा कि जनपद की सांस्कृतिक विरासत एवं ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को संरक्षित रखने तथा जनपद वासियों को इसके संबंध में पूर्ण जानकारी दिलाए जाने के संबंध में तथा परंपरागत कजरी महोत्सव के अंतर्गत कजली मेला का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जनपद में आल्हा ऊदल की ऐतिहासिक कर्मभूमि एवं अनेकों ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर हैं जिनके बारे में लोगों को जानकारी दिलाए जाने हेतु कजरी महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिदिन किसी न किसी रूप से कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को इसके बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया जाएगा।इसके साथ ही कजरी महोत्सव में अन्य सांस्कृतिक दलों व विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के कार्यक्रम तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन गुणवत्तायुक्त एवं सुंदर तरीके से कराया जाएगा, जिससे कि लोगों को स्वच्छ एवं बेहतर मनोरंजन के साथ ही उनके ज्ञान में जनपद की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संबंध में वृद्धि हो सके।उन्होंने कजरी महोत्सव समिति के





सदस्यों को कजरी महोत्सव के आयोजन के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने तथा आयोजित कराए जाने वाले कार्यक्रमों की प्रतिदिन के अनुसार कार्यक्रमों का विवरण एवं सूची बनाते हुए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, जिससे कि इन कार्यक्रमों को संकलित कर मेले का आयोजन किया जा सके। उन्होंने समिति के सदस्यों एवं गणमान्य लोगों से कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में सुझाव भी प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि वाहन पार्किंग के लिए ठेका वसूली की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए और उन्होंने कहा कि रूट डाइवर्जन की तैयारी पहले से की जाए तथा विकास प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाए तथा जनपद की धरोहरों के बारे में भी लोगों को बताया जाए। उन्होंने कहा कि दुकानें आवंटित करने के लिए ई-लॉटरी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने शोभायात्रा की समस्त आवश्यक तैयारी को किए जाने, मेले में सीसीटीवी की व्यवस्था बैरिकेडिंग एवं पार्किंग की संक्षिप्त व्यवस्था किए जाने विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने कजरी मेला के दौरान समुचित सुरक्षा व्यवस्था रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण मेला है इसमें सुरक्षा के मानको का पालन करने में सभी लोग सहयोग करें, झूले में सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी, नई परंपरा नहीं डाली जाएगी। बैठक में विधायक सदर राकेश गोस्वामी ने भी कजरी महोत्सव एवं मेला को सुचारू रूप से संपन्न करने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के साथ गत वर्ष की भांति इस वर्ष और बेहतर तरीके से मेले के आयोजन करने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर ने कहा कि कजरी मेला महोबा का पर्व है इस अवसर पर बेहतर मनोरंजन के कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने मेले में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संतोष चौरसिया सहित मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्ष वंदना सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी, समाजसेवी दाऊ तिवारी सहित कजली महोत्सव के आयोजन समिति के सदस्य तथा जिला स्तरीय अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रिवई-छानी मार्ग का पूर्ण निर्माण नहीं होने से ग्रामीण परेशान

- सड़क का करीब 3 किमी भाग का निर्माण वर्ष 2023 में कराने के बाद शेष सड़क का नहीं हुआ

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के चलते बीते 3 साल से अधूरे पड़े रिवई-छानी मार्ग पर ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बना है। बताते चलें कि तहसील चरखारी क्षेत्र के रिवई संतोषपुरा छानी दबका जरौली सबुआ सहित एक दर्जन से अधिक गाँवों के लिये राठ से कबरई जाने के लिये रिवई-छानी खुर्द मार्ग सबसे छोटा रास्ता है रिवई-छानी मार्ग की दूरी मात्र



पौने पांच किमी है जहाँ पीडब्लुडी द्वारा 3 किमी सडक 2023 में ही बनाकर तैयार कर दी थी शेष बचे पौने दो किमी सड़क का निर्माण तीन वर्ष गुजरने के बाद भी अभी तक नहीं हो पाया है जिससे क्षेत्र के दर्जनों गाँवों के ग्रामीणों को अपने गंतव्य तक जाने के लिये 15 किमी का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड रहा है जहाँ ग्रामीण सालों से वाहनों को फर्राटा भरने की उम्मीद लगाये बैठे थे वहीं बारिश के बाद पैदल निकलना ही कठिन है घुटनों तक भरे पानी में कीचड़ में से निकालकर ग्रामीण अपना रास्ता तय कर रहे हैं। गौरतलब है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा लाखों रुपए से वित्तीय वर्ष 2023 में छानी गाँव से रिवई के लिये 3 किमी सड़क का निर्माण कार्य कराया गया था जबकि छानी से रिवई की दूरी पौने पांच किमी थी जिससे रिवई की ओर पौने दो किमी सड़क नहीं बन पायी थी, बताया गया है कि लोकनिर्माण विभाग द्वारा शेष पौने दो किमी सड़क निर्माण कार्ययोजना वजट आवंटित करने के लिए शासन को भेजी गई थी जो तीन साल गुजरने के बाद भी अभी तक स्वीकृत नहीं हुयी है। रिवई गाँव के निवासी बलराम सिंह रामदास अहिरवार शिवपाल यादव, सत्येन्द्र सिंह आदि ने बताया कि रिवई छानी सडक निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से उन्हें 15 किमी चक्कर लगाकर गंतव्य तक जाना पडता है यदि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो हम लोग आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

# एसपी ने 2 आधुनिक इंटरसेप्टर बाइकों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



- सड़क सुरक्षा में ओवरस्पीड स्टंटबाजी पर अब रहेगी इंटरसेप्टर वाहन की नजर

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में सड़क सुरक्षा को और अधिक प्रभावी एवं तकनीक आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए यातायात निदेशालय, उत्तर प्रदेश से प्राप्त 2 आधुनिक इंटरसेप्टर बाइकों (रॉयल इनफील्ड हण्टर 350) को पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर यातायात व्यवस्था हेतु रवाना किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इंटरसेप्टर बाइकें आधुनिक तकनीकी उपकरणों से सुसज्जित हैं, जिनमें मौजूद लेजर तकनीकी के माध्यम से ओवरस्पीडिंग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, स्टंटबाजी, ड्रंक एंड ड्राइव, बिना सीट बेल्ट, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन चलाना तथा अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी निगरानी एवं कार्रवाई की जा सकेगी। इस वाहन में हाई-रिजॉल्यूशन कैमरे, स्पीड डिटेक्शन सिस्टम, वीडियो रिकॉर्डिंग सुविधा, पब्लिक एड्रेस सिस्टम सहित अन्य आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं, जिससे यातायात नियमों के उल्लंघन की सटीक पहचान कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित होगी। यातायात नियमों के उल्लंघन एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन संचालन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। इनका उद्देश्य सड़कदुर्घटनाओं में कमी लाना, आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा जनपद में सुरक्षित एवं अनुशासित यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा पुलिस की जिम्मेदारी के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। यातायात नियमों का पालन कर हम स्वयं के साथ-साथ अन्य लोगों के जीवन की भी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात रविकांत गोंड, प्रभारी यातायात महोबा सुनील कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### घर में रखी नकदी जेवरात लेकर युवती युवक के साथ रफूचक्कर

**जालौन (उरई)।** गांव का ही एक युवक, युवती को अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया है। युवती अपने साथ घर में रखे 1.20 लाख रुपये नकद और सोने चांदी के जेवर भी ले गई है। पीड़िता मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी 19 वर्षीय बेटी को गांव के ही सनत कुशवाहा ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। जब उन्हें इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने मना किया। जिस पर बेटी मान गई। लेकिन युवक ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। वह उसे अपनी बातों में बहलाता फुसलाता रहा। आरोप लगाया कि 28 जुलाई की सुबह करीब नौ बजे वह घर के बाहर गई थी। तभी सनत उनकी बेटी को अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। बेटी अपने साथ घर में रखे 1.20 लाख रुपये नकद और सोने, चांदी के जेवर भी ले गई है।

# लापता छात्रा की तलाश में जुटी पुलिस

- एसपी ने कई टीमें की गठित
- सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तेज जांच

**किशनपुर, फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय छात्रा के रहस्यमय परिस्थितियों में लापता होने का मामला पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। छात्रा के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश तेज कर दी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कई टीमें गठित की गई हैं, जो अलग-अलग क्षेत्रों में छात्रा की खोजबीन में जुटी हैं।जानकारी के अनुसार, सर्वोदय इंटर कॉलेज की छात्रा पारुल यादव बुधवार सुबह अपने घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। उसी दिन कॉलेज में छात्रों का प्रदर्शन



भी चल रहा था, लेकिन शाम तक छात्रा घर वापस नहीं पहुंची। काफी देर तक परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश की, लेकिन कहीं कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने किशनपुर थाने में पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी।मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान कस्बे में एक दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में छात्रा दिखाई दी है। फुटेज मिलने के बाद पुलिस ने उसके आने-जाने के रास्तों की पड़ताल शुरू कर दी है और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से उसकी लोकेशन व अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।गुरुवार को पुलिस टीमों ने कई संभावित स्थानों पर दबिश दी और विभिन्न लोगों से पूछताछ भी की, लेकिन समाचार लिखे जाने तक छात्रा का कोई सुराग नहीं मिल सका था।इधर, बेटी के लापता होने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार ने पुलिस प्रशासन से छात्रा की जल्द से जल्द सकुशल बरामदगी की मांग की है। घटना के बाद क्षेत्र में भी चिंता का माहौल है और लोग छात्रा की सुरक्षित वापसी की प्रार्थना कर रहे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि छात्रा की सकुशल बरामदगी पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# किशनपुर के सर्वोदय इंटर कॉलेज में छात्रों को मिली बड़ी सौगात

- वाटर कूलर लगने से छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

**किशनपुर, फतेहपुर, समृद्धि न्यूज।**

किशनपुर कस्बा स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज में छात्रों के आंदोलन के बाद विद्यालय की कई प्रमुख समस्याओं का समाधान होने लगा है। विद्यालय में विद्यार्थियों को अब स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था कर दी गई है। इसके साथ ही विद्यालय परिसर में साफ-सफाई, शौचालयों की मरम्मत एवं सफाई तथा खराब पड़े पंखों को भी ठीक कराया गया है, जिससे छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल है। विद्यालय में स्थापित




वाटर कूलर मेरठ की बिरला एयरकान प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा दान स्वरूप उपलब्ध कराया गया है। कंपनी की इस सराहनीय पहल से अब छात्र-छात्राओं को शुद्ध एवं शीतल पेयजल की सुविधा मिल सकेगी, जिसके लिए विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों ने कंपनी का भी आभार व्यक्त किया। छात्र-छात्राओं ने बताया कि लंबे समय से पेयजल, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं की समस्या बनी हुई थी। समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर छात्रों ने आवाज उठाई थी, जिसके बाद प्रशासन और विद्यालय प्रबंधन ने आवश्यक कदम उठाए। अब विद्यालय में सुविधाएं बेहतर होने से विद्यार्थियों को राहत मिली है।

छात्र-छात्राओं ने इस पहल के लिए जिलाधिकारी फतेहपुर, जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) फतेहपुर, कॉलेज प्रशासन, मेरठ की बिरला एयरकान प्राइवेट लिमिटेड कंपनी तथा सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उनका कहना है कि सभी के सहयोग और सकारात्मक प्रयासों से विद्यालय में आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध हो सकीं। वहीं छात्रों ने आंदोलन के दौरान कुछ अध्यापकों पर लगाए गए आरोपों को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि उनका उद्देश्य किसी शिक्षक की छवि धूमिल करना नहीं था, बल्कि विद्यालय की मूलभूत समस्याओं का समाधान कराना था। छात्रों ने कहा कि अब जब उनकी मांगें पूरी हो रही हैं तो वे पूरी निष्ठा के साथ अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे और विद्यालय के विकास में सहयोग करेंगे।विद्यालय में हुई व्यवस्थाओं के बाद छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी शिक्षा व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं को लेकर इसी प्रकार संवेदनशीलता बनी रहेगी, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिलता रहे।

# उपभोक्ताओं को मिले बेहतर आपूर्ति, बिजली चोरी पर लगे रोक: पुष्पदेव सिंह

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

कानपुर देहात से स्थानांतरित होकर आये अधिशासी अभियंता द्वितीय पुष्पदेव सिंह ने एक निजी भेंटवार्ता में बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति के साथ ही बिजली चोरी पर रोक लगाने का प्रयास करेंगे साथ ही विभागीय कर्मियों के बीच बेहतर तालमेल को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

एक्सईएन विद्युत द्वितीय ने बातचीत के दौरान बताया कि विद्युत चोरी पर रोक लगाकर ही उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति देने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। यह दोनों एक दूसरे के पूरक माने जा सकते हैं।



उन्होंने कहा कि हमारे प्रत्येक उपभोक्ता को बगैर किसी व्यवधान के विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो इसके लिये वह पूरा प्रयास करेंगे। अधिशासी अभियंता ने स्पष्ट किया कि उनका पहला प्रयास होगा कि सभी विभागीय कर्मचारियों के साथ आपसी तालमेल बेहतर हो इससे अधिकारियों को ही नहीं बल्कि कर्मचारियों को भी कार्य करने में आसानी होगी। फिर भी यदि कर्मचारियों को अपने दायित्व पूरा करने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी आती है तो उसका हर संभव समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर वह विभागीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अनुरोध किया कि वह बगैर किसी झिझक के अपनी समस्याओं को उनसे साझा करें ताकि उन्हें बेवजह परेशान न होना पड़े।

# जालौन ट्रैफिक पुलिस ने इंटरसेप्टर मोटरसाइकिल का संचालन शुरू किया

- पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर वाहन किए रवाना

**उरई (जालौन)।** जालौन पुलिस ने सड़क सुरक्षा को प्रभावी बनाने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अत्याधुनिक इंटरसेप्टर मोटर साइकिल का संचालन शुरू किया है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह ने यातायात पुलिस को दो आधुनिक इंटरसेप्टर मोटर साइकिलें (रॉयल इनफील्ड हंटर) सौंपीं। इन बाइकों का उपयोग तेज गति (ओवर स्पीडिंग), रॉन्ग साइड वाहन संचालन और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी निगरानी तथा त्वरित कार्रवाई के लिए किया



जाएगा। आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से युक्त है।

पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि यह इंटरसेप्टर मोटर साइकिलें स्पीड लेजर गन, हाई-रिजॉल्यूशन कैमरा और अन्य आधुनिक तकनीकी उपकरणों से लैस हैं। स्पीड लेजर गन से वाहनों की गति का सटीक मापन होगा जिससे निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार वाले वाहनों की तुरंत पहचान की जा सकेगी। हाई-रिजॉल्यूशन कैमरा वाहनों की नंबर प्लेट को स्पष्ट रूप से कैप्चर करेगा जिसके आधार पर ई-चालान प्रणाली के माध्यम से नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ये इंटरसेप्टर मोटर साइकिलें रॉन्ग साइड वाहन चलाने, बिना हेलमेट दोपहिया चलाने व वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने और चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग न करने जैसे अन्य यातायात नियमों के उल्लंघनों पर भी तकनीकी माध्यम से निगरानी रखेंगी। नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध तत्काल ई-चालान और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी और यातायात प्रभारी वीर बहादुर सिंह सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल व अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

- अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा विद्यालय
- ग्रामीण विद्यार्थियों को मिलेगी महानगरों जैसी शिक्षा

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रम में ग्राम मड़ोरा में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल एवं अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय का जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य



पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि विद्यालय का निर्माण कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा लगभग 24 करोड़ 2 लाख 49 हजार रुपये की लागत से कराया जा रहा है। परियोजना को अक्टूबर 2027 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। डीएम ने निर्माणाधीन भवन, कॉलम का कार्य सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी तथा कार्य में और अधिक तेजी लाकर समयबद्ध रूप से इसे पूर्ण कराया जाए। उन्होंने नियमित निगरानी करते हुए निर्धारित मानकों के अनुरूप निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि यह विद्यालय जनपद के शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। यहां विद्यार्थियों को स्मार्ट क्लासरूम, अत्याधुनिक विज्ञान एवं कंप्यूटर लैब, समृद्ध पुस्तकालय, डिजिटल शिक्षण संसाधन, मिनी स्टेडियम, खेल मैदान, बहुउद्देशीय गतिविधि कक्ष, स्वच्छ पेयजल, आधुनिक शौचालय, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं तथा सुरक्षित एवं प्रेरणादायी शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय के संचालन से विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा व्यवस्था, खेल गतिविधियों और तकनीकी संसाधनों का लाभ मिलेगा, जिससे उनकी प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा एवं भविष्य के करियर के लिए मजबूत आधार तैयार होगा। साथ ही क्षेत्र के अभिभावकों को भी अपने बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए बाहर भेजने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की नियमित समीक्षा करते हुए इसे गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराया जाए, ताकि निर्धारित अवधि में विद्यालय विद्यार्थियों के लिए संचालित किया जा सके। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास चौधरी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# गो आश्रय केन्द्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

## बोले, सभी गौवंशों को पर्याप्त मात्रा में साइलेज, हरा चारा एवं भूसा नियमित रूप से कराया जाए उपलब्ध

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश सरकार के कारागार राज्यमंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश राही अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद पहुंचे। निरीक्षण भवन, बाराबंकी पहुंचने पर जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। स्वागत उपरांत प्रभारी मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जाटा-बरौली, विकास खण्ड बंकी का सघन निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने ओपीडी, वार्ड, दवा वितरण, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत एवं अन्य स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रंजन गौतम, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसिंह वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। अगले चरण में प्रभारी मंत्री ने नगरीय पेयजल योजना के अंतर्गत मझलेपुर में निर्माणाधीन ओवरहेड पानी की टंकी के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कर योजना का संचालन प्रारम्भ कराया जाए, ताकि नगरवासियों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल की सुविधा समयबद्ध रूप से उपलब्ध हो सके।



इसके उपरांत गौशाला में आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा गौवंशों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भ्रमण के अंतिम चरण में प्रभारी मंत्री ने विकास खण्ड बंकी स्थित निवलेट फार्म एवं गो-आश्रय स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने भ्रूण प्रत्यारोपण प्रयोगशाला, कुक्कुट पालन इकाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा पशुपालन गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। गो-आश्रय स्थल का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि सभी गौवंशों को पर्याप्त मात्रा में साइलेज, हरा चारा एवं भूसा नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्वयं गौवंशों को गुड़, चना एवं केला खिलाया तथा वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए परिसर में स्थायी जलनिकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने गोशाला परिसर में पीपल का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

इस अवसर पर जॉइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विनोद यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसिंह वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# न.पं. चेयरमैन की मांग पर नगर विकास के लिए स्वीकृत हुए एक करोड़ के कार्य



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

नगर क्षेत्र में जलभराव की वर्षों पुरानी समस्या के निवारण के लिए चेयरमैन आलोक तिवारी के निरंतर प्रयास सफल हो गए। चेयरमैन की मांग पर नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा द्वारा इस विकट समस्या के निवारण के लिए एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।इस जनहितैषी स्वीकृति से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। इस स्वीकृति के लिए कस्बा वासियों द्वारा नगर विकास मंत्री एवं अध्यक्ष के प्रति आभार जताया गया है। अध्यक्ष द्वारा नगर के सर्वांगीण विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की जा रही हैं।

## सावन के मेले के मद्देनजर कोतवाल ने की शांति की अपील

**रामनगर, बाराबंकी।** सावन माह मे चल रही कांवड़ यात्रा और चेहल्लुम त्योहार को लेकर कोतवाल अरुण प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शान्ति समिति की बैठक थाना सभा कक्ष में आयोजित की गयी। कोतवाल ने मुस्लिम समुदाय के सम्भ्रांत जनो से कहाकि त्यौहार को परम्परागत तरीके से मनाये। जुलूस में डीजे का प्रयोग कदापि न करे। पावन श्रावण मास के चलते माह भर मांस,मछली,अण्डा की दुकाने पूर्णतया बंद रहेगी।उल्लंघन करने पर कठोर विधिक कार्यवाही की जायेगी। इसके लिये नोटिस भी जारी की जा चुकी है। किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल अवगत कराये प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई होगी। अधिशाषी अधिकारी प्रवीण कुमार दुबे ने उपस्थित कर्मचारियो से नगर के मार्गों की बेहतर साफ सफाई व चूने का छिड़काव कराये जाने के निर्देश दिये।

# नायब तहसीलदार ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया निरीक्षण, पीड़ितों का जाना हाल

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

सरयू (घाघरा) नदी के बढ़ते जलस्तर से प्रभावित तहसील क्षेत्र के गांवों का शनिवार को नायब तहसीलदार उमेश चंद्र द्विवेदी ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेमरी, बसंतपुर, सिकरी जीवल और अतरसुइया सहित बाढ़ प्रभावित गांवों का भ्रमण कर बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार ने बाढ़ चौकी का भी जायजा लिया और राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सभी आवश्यक सुविधाएं और राहत सामग्री समय पर पहुंचाई जाएगी। नायब तहसीलदार ने क्षेत्रीय राजस्व कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश देते हुए कहा कि सरयू नदी के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जाए और जलस्तर बढ़ने की स्थिति में तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि या अप्रिय घटना से बचा जा सके। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय लेखपाल अरविंद, दुर्गेश सहित अन्य राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जा रही है तथा राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में प्रतियोगिता शुरू

**बाराबंकी।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बाराबंकी के निर्देशन में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की जनपद स्तरीय खेल चयन/ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन आज जहांगीराबाद इंस्टीट्यूट, जहांगीराबाद में प्रारंभ हुआ। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विकासखंडों के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की 160 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। आज खो-खो, फुटबॉल, हैंडबॉल, कुश्ती, बास्केटबॉल, कराटे, की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। खेलकूद प्रतियोगिताओं में जिला समन्वयक बालिका शिक्षा पुनीत त्रिपाठी ,जिला व्यायाम शिक्षिका रितु पाठक ,जिला व्यायाम शिक्षक अनिल सिंह ,व्यायाम शिक्षक मनोज चौधरी , दिलीप तिवारी , विपिन कुमार ,दिवाकर अवस्थी,शशि सिंह , शालिनी सिंह , मृगांक शेखर मिश्रा ,संजीव , खुशबू निगम , सुनीता यादव, आनंद यादव ,खेल अनुदेशक कुलदीप प्रताप सिंह , अमृत लाल , दिव्या, विनीता वर्मा,लेखाकार राम प्रकाश ,चंद्रमौली , हरि शंकर आदि।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का हुआ विदाई समारोह

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

ब्लॉक सभागार में गुरुवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दो आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया गया, जबकि एक अन्य कार्यकत्री को समायोजन के बाद विदाई दी गई। बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में ग्राम किन्तुर की सावित्री और हजरतपुर की शिवदेवी को उनकी सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, कार्यकत्री गायत्री को समायोजन के उपरांत विदाई दी गई। समारोह के दौरान, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, बाल विकास परियोजना विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त एवं समायोजित होने वाली कार्यकत्रियों को वस्त्र और उपहार भेंट किए। सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने तीनों कार्यकत्रियों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया और उपहार प्रदान किए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इन कार्यकत्रियों ने जितने वर्षों तक विभाग के साथ काम किया, वह अत्यंत सराहनीय रहा।

इस अवसर पर आकांक्षा वर्मा, रामसमुझ वर्मा, सरवर बाबू, हजरतपुर प्रधान प्रतिनिधि ऑन मियां, अनुपमा, सौभाग्यवती ,ज्ञानवती, बीना, लल्ली श्रीवास्तव साजिया बेगम और विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चोरों ने तीन दुकानों से पार किए फोन व नगदी

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर थाना क्षेत्र के तकिया चौराहे पर शुक्रवार तड़के चोरो ने एक ही मार्केट की तीन दुकानो के शटर तोड़कर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया घटना सुबह करीब चार बजे की बताई जा रही है। चोर एक मोबाइल शॉप, खाद की दुकान समेत तीन दुकानो से मोबाइल फोन,नगदी और अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए।सुबह जब खाद की दुकान संचालक दीपू अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो उन्होंने शटर टूटा देखा।पास की मोबाइल शॉप का शटर भी टूटा मिला। इसके बाद उन्होंने मोबाइल शॉप संचालक और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जैदपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। चोरों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए,जिनके अवशेष मौके पर पड़े मिले। हालांकि पुलिस आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और सभी पहलुओ पर जांच कर रही है।

# आगरा से गोरखपुर जा रहे आठ किलो चांदी के जेवर गायब

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

आगरा से गोरखपुर निजी बस के जरिए भेजे जा रहे करीब आठ किलो चांदी के जेवर रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गए। बस में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच में रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र स्थित देवेश होटल के पास जेवरों के डिब्बे निकाले जाने के संकेत मिलने के बाद व्यापारी ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। आगरा निवासी चांदी कारोबारी कृष्ण कुमार खंडेलवाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह विभिन्न शहरों के फुटकर व्यापारियों को चांदी के आभूषणों की आपूर्ति करते हैं। रविवार को उनका एक कर्मचारी आगरा से निजी ट्रांसपोर्ट की बस से चार डिब्बों में पैक करीब आठ किलो चांदी के जेवर लेकर गोरखपुर जा रहा था।

गोरखपुर पहुंचने पर जब कर्मचारी ने अपना बैग देखा तो उसमें रखे चारों डिब्बे गायब थे। इसकी सूचना तत्काल व्यापारी को दी गई। सूचना मिलने पर कृष्ण कुमार खंडेलवाल गोरखपुर पहुंचे और बस संचालक से संपर्क कर सीसीटीवी फुटेज की जांच कराई। फुटेज में रामसनेहीघाट क्षेत्र के देवेश होटल के पास संदिग्ध परिस्थितियों में जेवरों के डिब्बे निकाले जाने की बात सामने आई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि व्यापारी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## खबरें एक नजर में

### बैगलेस डे पर छात्रों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

**संग्रामपुर/अमेठी।** उच्च प्राथमिक विद्यालय गूजीपुर में गुरुवार को जुलाई माह के अंतिम दिवस पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बैगलेस डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने पतंग निर्माण सहित कई शैक्षिक एवं कौशल आधारित गतिविधियों का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में श्वेता, सलोनी, अभिराज, अर्णव, अर्पिता, शिवम, विप्लव, शिवम पाल, गौरी, सौरभ और बिंदिया समेत अनेक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। विद्यालय परिसर में बच्चों ने सीखने के साथ-साथ आनंददायक माहौल में विभिन्न क्रियाकलापों को संपन्न किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. पवन कुमार पांडेय ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रत्येक माह के अंतिम दिवस पर बैगलेस डे आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, नवाचार और सीखने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना तथा विद्यालय के प्रति आकर्षण बनाए रखना है। सहायक अध्यापक संदीप कुमार दूबे ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी शशांक कुमार मिश्रा ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर कोतवाली क्षेत्र के खरसतिया गांव के निकट सड़क पार कर रहा युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा गंभीर रूप से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टर द्वारा युवक को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि मृत युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पहचान करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

### एक फार्मासिस्ट के भरोसे चल रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र



**रामसनेहीघाट,बाराबंकी।** ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सराय बरई इन दिनों बदहाल व्यवस्थाओं का शिकार बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि यहां चिकित्सक की तैनाती होने के बावजूद नियमित रूप से अस्पताल नहीं आते, जिसके चलते पूरे स्वास्थ्य केंद्र का संचालन एकमात्र फार्मासिस्ट के भरोसे चल रहा है। मरीजों को देखने से लेकर दवा वितरण तक की जिम्मेदारी वही निभा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार चिकित्सक की अनुपस्थिति के कारण मरीजों को मजबूरन निजी अस्पतालों या दूर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सहारा लेना पड़ता है। इससे ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। अस्पताल परिसर में मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। मरीजों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है। परिसर में बनी पानी की टंकी का मोटर लंबे समय से खराब पड़ा है, जबकि हैंडपंप और नलों की टोंटियां भी टूटी हुई हैं। शौचालयों की स्थिति बेहद खराब है। कई शौचालयों में दरवाजे नहीं हैं और चारों ओर गंदगी फैली हुई है। अस्पताल परिसर में उगी झाड़ियां बरसात के मौसम में सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जीवों का खतरा बढ़ा रही हैं। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि शाम होते ही अस्पताल परिसर असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है, जिससे मरीजों और महिलाओं में असुरक्षा का माहौल रहता है।

# बीस लाख की मारफीन के साथ चार तस्कर गिरफ्तार



**मसौली,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

एसपी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर तस्करो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान मे थानाध्यक्ष सफदरगंज एव उनकी पुलिस टीम ने चार मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार उनके कब्जे से अन्तर्राष्ट्रीय 20 लाख कीमत की मारफीन बरामद की। अभियुक्तो के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है। शुक्रवार को थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया, वरिष्ठ उपनिरीक्षक यमुना प्रसाद पाण्डेय, हेड कांस्टेबल धर्मेन्द कुमार, मो आसिफ खान पुत्र सुहेल खान निवासी ग्राम पिलखुआ थाना बरदह जनपद आजमगढ़,हाल पता फ्लैट एफ 1 एएस रेजिडेन्सी एफ 1 ग्रीन गार्डेन बेरी छिपयाना जनपद गौतमबुद्ध नगर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 148 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ,एक अदद मोटरसाइकिल,एक अदद स्कूटी व 4 अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया।

## दर्शन करने मंदिर गई महिला की सोने की चेन चोरी

**फतेहपुर बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुरुसेल स्थित प्रसिद्ध माता मंदिर में दर्शन करने आई एक महिला की सोने की चेन चोरी हो गई। यह घटना बुधवार को मंदिर परिसर में बिजली आपूर्ति बाधित होने के दौरान हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीतापुर जनपद के पैंतेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जैकी टोला निवासी अशोक कुमार अपनी पत्नी गायत्री देवी के साथ बुधवार को गुरुसेल माता मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे थे। दर्शन के समय मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। इसी दौरान अचानक बिजली गुल हो गई, जिससे कुछ देर के लिए पूरे परिसर में अंधेरा छा गया। आरोप है कि इसी अंधेरे और भीड़ का फायदा उठाकर किसी अज्ञात उचक्के ने गायत्री देवी के गले से सोने की चेन चुरा ली।बिजली आने के बाद जब गायत्री देवी ने अपने गले में चेन नहीं देखी, तो उन्होंने अपने पति को इसकी जानकारी दी।

# अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद सांसद का जनपद में हुआ प्रथम आगमन

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद सांसद अशोक रावत का जनपद में प्रथम आगमन हुआ जहां जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। उनके द्वारा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के साथ नैमिष दर्शन भी किया गया।

इस कड़ी में उन्होंने माता ललिता एवं चक्रतीर्थ के दर्शन किए एवं नैमिषारण्य के साधु संतों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया मिश्रिख विधानसभा क्षेत्र में विधायक रामकृष्ण भार्गव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया तत्पश्चात जिला कार्यालय पर पहुंचकर उन्होंने संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण किया और उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि सीतापुर की जनता का मुझे सदैव स्नेह मिला है आज पार्टी ने प्रदेश में बड़ा दायित्व दिया है मैं प्रयास करूंगा इस दायित्व का सत प्रतिशत निर्वहन कर सकूं। और 2027 के चुनाव में पार्टी को बड़ी सफलता मिले। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि सांसद रहते अशोक रावत का कार्य हमेशा जनता एवं पार्टी के प्रति सम्मान जनक एवं अनुशासन पूर्ण रहा है अब प्रदेश में बड़े दायित्व के साथ उनका काम और भी ज्यादा उत्साह पूर्ण होगा जिससे कार्यकर्ता और मजबूती से अपने लक्ष्य को पूर्ण कर पाएगा हम सबको विश्वास है कि संगठन को विशेष धार मिलेगी जिससे 2027 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बड़ी विजय मिलेगी। अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष अशोक रावत द्वारा संत रविदास मंदिर पहुंचकर उनका पूजन अर्चन किया गया और उनके जीवन वृत पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विपुल प्रताप सिंह महेश शर्मा, रेखा वर्मा सुधाकर शुक्ला, विश्राम सागर राठौर, अजय विश्वकर्मा, सावित्री देवी, मंजू राजवंशी, नैमिष रतन तिवारी,जया सिंह कुसुम सिंह सुधीर सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिजली-पानी और सड़क से वंचित हीरापुर के परिवार, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

**भेटुआ/अमेठी समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड भेंटुआ के ग्राम हीरापुर में कई परिवार आज भी बिजली, पेयजल और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से शिकायत करने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो सका, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार रामदयाल, अंकित, विशाल, जेठू, तोलाराम, श्रीमती महेश और राकेश कुमार दुरिया समेत कई परिवारों के घरों तक बिजली कनेक्शन नहीं पहुंचा है। साथ ही शुद्ध पेयजल और आवागमन के लिए सड़क की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि विकास योजनाओं का लाभ उनके क्षेत्र तक नहीं पहुंच पा रहा है।



बरसात के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती है। जलभराव और कीचड़ के कारण लोगों को घरों तक पहुंचने में भारी परेशानी उठानी पड़ती है। महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार आपात स्थिति में मरीजों को बाहर निकालना भी चुनौती बन जाता है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से गांव का सर्वे कराकर बिजली, पेयजल और सड़क की व्यवस्था जल्द सुनिश्चित कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे धरना-प्रदर्शन कर आंदोलन शुरू करने को बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी।

# कलश वंदन यात्रा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज।**

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत निकाली जा रही कलश वंदन यात्रा के अमेठी पहुंचने पर शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि संत गुरु रविदास जी ने सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का संदेश देकर समाज को नई दिशा प्रदान की। उनके विचार आज भी समाज को एकता, भाईचारे और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि समरसता संकल्प अभियान का उद्देश्य संत रविदास जी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना तथा सामाजिक एकता को मजबूत करना है।




कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत करते हुए संत रविदास जी के बताए आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## पिपरिया में फर्जी भुगतानों का खेल, सचिव धनंजय कुमार पर फिर उठे सवाल

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड बेहटा की ग्राम पंचायत पिपरिया में तैनात सचिव धनंजय कुमार एक बार फिर कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर चर्चा में हैं। ग्रामीणों और सूत्रों का आरोप है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 में 15वें एवं 5वें वित्त आयोग की धनराशि से नल मरम्मत, मजदूरी सहित कई मदों में बिना धरातलीय कार्य के फर्जी भुगतान किए गए। आरोप है कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं तकनीकी जांच कराई जाए तो सचिव और ग्राम प्रधान पर गंभीर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

आरोप यह भी है कि कई कार्यों में वास्तविक जियो-टैग फोटो अपलोड करने के बजाय कथित रूप से ब्लैक या फर्जी फोटो अपलोड कर भुगतान स्वीकृत करा लिया गया, जबकि ऐसे भुगतान की अनुमति देने वाला कोई स्पष्ट शासनादेश नहीं बताया जा रहा है। इससे पूरे भुगतान तंत्र की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इसी ग्राम पंचायत में पूर्व में भी सचिव धनंजय कुमार, ग्राम प्रधान एवं रोजगार सेवक जांच में दोषी पाए गए थे।

# जि. पं. अध्यक्ष ने शोकाकुल परिवार को दी आर्थिक मदद



**अमेठी, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के नुवावा गांव में तालाब में डूबने से मां-बेटे की हुई दर्दनाक मौत के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि (राजेश मसाला) ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की तथा 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। बुधवार को हुए हादसे में तालाब में डूब रहे पुत्र को बचाने के प्रयास में मां ने भी पानी में छलांग लगा दी थी। इस दौरान दोनों की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। घटना की सूचना मिलने पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और मृतक बालक के पिता रमेश विश्वकर्मा सहित अन्य परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए तत्काल 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने उपजिलाधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर पीड़ित परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उपजिलाधिकारी ने नियमानुसार हरसंभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

परिजनों ने जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता एवं अन्य सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पदाधिकारियों ने ली शपथ

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सुमेरगंज में छात्र संसद एवं कन्या भारती के गठन के उपरांत शुक्रवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार शुक्ल तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय सुमेरगंज की सहायक अध्यापिका नीलम ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। समारोह में मुख्य अतिथि अशोक कुमार शुक्ल ने छात्र संसद के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। यश को प्रधानमंत्री, निहाल वर्मा को अनुशासन मंत्री, कृतिका सिंह को संसदीय कार्य मंत्री, अवंतिका सिंह को न्यायाधीश तथा देवेश प्रताप सिंह को उप न्यायाधीश के साथ मंत्रिमंडल एवं छात्र संसद के अन्य सदस्यों को भी शपथ दिलाई गई।

## बीएसए का निरीक्षण, दो कर्मचारियों को नोटिस

# विद्यालयों में शिक्षा व व्यवस्थाओं की परखी हकीकत

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) सीतापुर ने शुक्रवार सुबह पिसावां और मिश्रिख विकासखंड के विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक गुणवत्ता, स्वच्छता और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित और विलंब से पहुंचने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए, वहीं बेहतर कार्य करने वाले विद्यालयों की सराहना भी की गई।

बीएसए ने सुबह 8 बजे उच्च प्राथमिक विद्यालय फरिहा (कॉम्पोजिट विद्यालय) का निरीक्षण किया। यहां प्रार्थना सभा में महान क्रांतिकारी उधम सिंह के बलिदान दिवस पर विद्यार्थियों को उनके योगदान की जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को नियमित विद्यालय ड्रेस पहनकर आने तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। इसके बाद सुबह 8:50 बजे प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदनगर, विकासखंड मिश्रिख का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में शिक्षामित्र अन्नू श्रीवास्तव दो दिनों से बिना सूचना के अनुपस्थित मिलीं, जबकि एजुकेटर सुभांगी वैश्य विलंब से विद्यालय पहुंचीं। दोनों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बीएसए ने कक्षा-5 के विद्यार्थियों से गणित के प्रश्न पूछे तथा हिंदी के शब्द बोर्ड पर लिखवाकर सही उत्तर देने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया। विद्यालय में पुस्तकों का समय पर वितरण न होने पर प्रधानाध्यापक के प्रति नाराजगी जताई गई और तत्काल वितरण के निर्देश दिए गए। इसके अलावा मल्टीपल हैंडवॉश में नल (टैप) नहीं मिलने तथा बालक शौचालय बंद पाए जाने पर प्रधानाध्यापक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। सुबह 9:17 बजे उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदनगर का निरीक्षण किया गया। यहां विद्यालय परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक की सराहना की गई। कक्षा-7 के विद्यार्थियों से गणित के प्रश्न बोर्ड पर हल कराए गए और सही उत्तर देने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## सार्वजनिक सूचना

मैं राजेश कुमार गौतम पुत्र घसीटे, निवासी बिरईपुर, अजीजाबाद, देवा शरीफ, नवाबगंज, बाराबंकी, उ.प्र. 225301 एतद्द्वारा सूचित करता हूँ कि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम आर्यन है और जन्म प्रमाण पत्र में भी यही नाम दर्ज है, परन्तु आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटिवश (आयरन) दर्ज हो गया है। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम आर्यन है, जिसका आधार क्रमांक 423622498633 है। मेरे पुत्र को अब से आर्यन नाम से ही जाना और पहचाना जाए।

# दो जवान बेटों की मौत से गांव में छाया मातम

**मंत्री असीम अरुण ने पीड़ित परिजनों को बंधाया ढांढस**

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

सदर कोतवाली क्षेत्र में करंट लगने से दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत के बाद उनके पैतृक गांव मूसरि में मातम छाया है। गुरुवार देर शाम समाज कल्याण (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री,सदर विधायक असीम अरुण व शिव शक्ति अखाड़ा संस्थापक मदुराम शरण शिवा ने गांव पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना देते हुए हरसंभव सरकारी सहायता का भरोसा दिलाया। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेरागांगी के मजरा मूसरि गांव निवासी जितेंद्र कुमार दोहरे करीब छह माह पहले


पीड़ित परिवार को शोक संवेदना व्यक्त करते मंत्री असीम अरुण

अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से सदर कोतवाली क्षेत्र के करनपुर में रहने लगे थे। वहां वह आइसक्रीम का कारोबार करते थे बताया गया कि बीते दिन उनके बेटे शोभित और सुमित मकान की पाइप लाइन में सरिया डालकर सफाई कर रहे थे। इसी दौरान सरिया छत के ऊपर से गुजर रही ग्यारह हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। करंट की चपेट में आने से दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि हादसे के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, मौत की खबर सुन गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार देर शाम मंत्री असीम अरुण व शिव शक्ति अखाड़ा संस्थापक मदुराम शरण शिवा ने गांव पहुंचकर मृतक भाइयों के परिजनों से मुलाकात कर शोक व्यक्त करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया और प्रशासनिक अधिकारियों को हरसंभव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जबकि ग्राम वासियों ने मंत्री से मांग की है कि मुसरि गांव में ग्यारह हजार विद्युत लाइन घरों के ऊपर से निकली है, उसको हटवाने के लिए मांग की है। इस दौरान भाजपा नेता विवेक पाठक, अजीत पांडेय, मंगलम पांडेय आदि स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## बीमारी से परेशान युवक ने फांसी लगाकर दी जान



**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र की पुरानी पुलिस लाइन स्थित कांशीराम कॉलोनी में गुरुवार देर शाम 32 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की पहचान राजू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से बीमारी से परेशान था। देर शाम जब परिजनों ने कमरे में देखा तो उसका शव फंदे से लटका मिला। सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

# विज्ञान प्रश्नोत्तरी में भाभा हाउस बना विजेता

**सुभाष एकेडमी में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन**

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।



सुभाष एकेडमी में शुक्रवार को कक्षा 9 एवं 10 के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, आत्मविश्वास और वैज्ञानिक सोच के साथ भाग लेते हुए विज्ञान विषय के प्रति अपनी गहरी समझ, त्वरित निर्णय क्षमता तथा ज्ञान का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। मुकाबला बेहद रोचक और ज्ञानवर्धक रहा, जिसमें विभिन्न हाउसों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। शानदार प्रदर्शन करते हुए भाभा हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया, जबकि सी. वी. रमन हाउस उपविजेता रहा। प्रतियोगिता की विशेष उपलब्धि कक्षा 10-ए की छात्रा प्राची राजपूत रहीं। भाभा हाउस की सदस्य प्राची ने सर्वाधिक प्रश्नों के सही उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया और सभी की प्रशंसा हासिल की। समापन अवसर पर विद्यालय के निदेशक राजेश सक्सेना ने विजेता एवं उपविजेता टीमों तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बनाए रखने, तार्किक सोच विकसित करने और भविष्य में भी शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आत्मविश्वास, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम भावना का विकास करती हैं।

## नवमनोनीत जिलाध्यक्ष व जिला महामंत्री का व्यापार मंडल ने किया भव्य स्वागत



**जनपदीय पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह भेंट किए**

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मुहल्ला बजरिया स्थित ठाकुर द्वारा मंदिर में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, जनपद कन्नौज के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष नरेश वर्मा ज्वैलर्स एवं जिला महामंत्री रामानंद वर्मा सर्राफ का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, नगर महामंत्री विनीत वर्मा सिम्पल तथा जनपदीय पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री अनिल कुमार गुप्ता, प्रांतीय प्रतिनिधि राजीव दुबे, जिला उपाध्यक्ष सुरेश वर्मा पेंटर, नेमीचंद राठौर, राजेश सक्सेना, ब्रजेश गुप्ता, सुभाष चंद्र दुबे गुड्डू, युवा नगर अध्यक्ष पियूष गुप्ता, मामन चंद्र गुप्ता, कुलदीप वर्मा सर्राफ, पप्पी वर्मा सर्राफ, संजय गुप्ता, नवनीत वर्मा सर्राफ सहित अनेक पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं ने अंग्रेजी निबंध प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**अवध एजुकेशन सेंटर में हुआ आयोजन**

**जल्द ही मूल्यांकन के बाद विजेताओं के नाम घोषित कर उन्हें किया जाएगा पुरस्कृत: प्रधानाचार्य**



छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।

अवध एजुकेशन सेंटर में आयोजित अंग्रेजी निबंध लेखन प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। यह प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों में आयोजित की गई। जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने समसामयिक और दैनिक जीवन से जुड़े विषयों पर अपनी लेखन प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने हमें प्रतिदिन व्यायाम क्यों करना चाहिए, ऑनलाइन शिक्षा के लाभ तथा समय प्रबंधन का महत्व विषय पर अपने विचार लिखे। वहीं सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण विषयों परीक्षा के दौरान तनाव कैसे कम करें, स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने में खेलों की भूमिका तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता लाभ और जोखिम पर अपने विचार अत्यंत प्रभावशाली ढंग से व्यक्त किए। यह प्रतियोगिता श्रीमती मोनिका द्विवेदी एवं श्रेया दीक्षित की कुशल देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक संदीप सेंगर ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के लेखन कौशल को निखारने और उनके बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रधानाचार्य शिवम मिश्रा ने बताया कि जल्द ही मूल्यांकन के बाद विजेताओं के नाम घोषित कर उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। इस गरिमामय अवसर पर कोऑर्डिनेटर अनुज वर्मा सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर दो को

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।** शंकरा आई हॉस्पिटल चौबेपुर (कानपुर) के सहयोग से 2 अगस्त, रविवार को सुखराम सिंह कुसुमलता इंटर कॉलेज में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक नि:शुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा आँखों की सभी प्रकार की जांच नि:शुल्क की जाएगी। जांच के दौरान मोतियाबिंद से पीड़ित पाए जाने वाले मरीजों को शंकरा आई हॉस्पिटल में बिना किसी शुल्क के ऑपरेशन कराया जाएगा। अस्पताल की ओर से ऑपरेशन के लिए लेंस, दवाइयां, भोजन तथा मरीजों के आने–जाने की वाहन व्यवस्था भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर के संयोजक शंकरा मित्र देव कुमार यादव ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने तथा अपने साथ आधार कार्ड की फोटोकॉपी और मोबाइल नंबर अवश्य लाने की अपील की है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।



विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के धीरपुर गांव में शुक्रवार को एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी। औरैया जिले के भभोकर गांव निवासी सुरेंद्र सिंह की 22 वर्षीय पुत्री अंजू का विवाह 1 वर्ष पूर्व विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम धीरपुर निवासी गजेंद्र उर्फ टिलन के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। ससुराल पक्ष के अनुसार अंजू सुबह घर का कामकाज और खाना बनाने के बाद कमरे में चली गई और अंदर से कुंडी बंद कर ली। काफी देर तक बाहर न आने पर परिजनों ने रोशनदान से देखा तो वह फंदे पर लटकी मिली। दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा गया, लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतका अपने पीछे चार माह के मासूम बेटे रुद्र को छोड़ गई है। खबर लिखे जाने तक आत्महत्या किए जाने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

**चार माह का मासूम बेटा हुआ बेसहारा**

## खबरें एक नजर में

### शोभित सैनी का यूपीटीजीटी में चयन, मिली बधाई



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** ग्राम सभा मिघौली के अंतर्गत ग्राम माधौनगर निवासी होनहार युवा शोभित सैनी का उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (PESSC) की UPTGT परीक्षा में चयन होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी इस सफलता को ग्रामीणों ने पूरे क्षेत्र के लिए गौरव और युवाओं के लिए प्रेरणा बताया। चयन की सूचना मिलते ही पूर्व सैनिक सुबोध सिंह फौजी उर्फ लला उनके आवास पहुंचे और फूल-मालाओं से सम्मानित कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि शोभित की उपलब्धि कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है तथा इससे अन्य युवाओं को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर हरिश्चंद्र सैनी, विष्णुदयाल सैनी, गोविंद सैनी, शिवनारायण सैनी, प्रमोद सैनी, विनोद कुमार सैनी, चंदन सैनी, शिवम् श्रीवास्तव, विवेक सैनी, धर्मेन्द्र सविता, सौरभ सैनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। सभी ने मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### सराफान में नए नलकूप की स्थापना के लिए हुआ भूमि पूजन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर पालिका परिषद के मोहल्ला सराफान में लंबे समय से बनी पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। सभासद सुशील पाण्डेय एवं हरिशरण शाक्य ने चेयरमैन मनोज दुबे की अनुपस्थिति में नगर पालिका के अवर अभियंता (जेई) रविराज कौशल के साथ नारियल फोड़कर नए नलकूप की स्थापना के लिए भूमि पूजन किया। गौरतलब है कि मोहल्ला सराफान स्थित 12 नंबर नलकूप की बोरिंग फेल होने से क्षेत्र में पेयजल का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया था। स्थानीय लोगों की समस्या को देखते हुए चेयरमैन मनोज दुबे और अधिशासी अधिकारी अजय कुमार के प्रयासों से नए नलकूप की स्वीकृति एवं स्थापना का कार्य शुरू कराया गया। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि नलकूप शुरू होने के बाद क्षेत्रवासियों को नियमित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। इस अवसर पर जलकल लिपिक आशुतोष पाण्डेय, ठेकेदार नीरज दुबे, पम्प ऑपरेटर अनिल पाण्डेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### समाज सेवा भारतीय संस्कृति की जड़ है : राजेश कटियार



**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** समाज सेवा को भारतीय संस्कृति की जड़ बताते हुए स्वयंसेवक संघ के जिला सेवा प्रमुख राजेश कटियार ने कहा कि सेवा के कारण ही हमारा देश विश्व गुरु बना है। सेवा ही भारतीय संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती है और इसी ने पूरी सृष्टि को मानवता का पाठ पढ़ाया है। शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलालाबाद में जिला सेवा प्रमुख राजेश कटियार ने कहा कि सेवा में लेने की नहीं, देने की भावना होती है। सेवा में त्याग है, अवगुण नहीं गुण है। सेवा ली नहीं जाती, सेवा की जाती है। सेवा तीन प्रकार की होती है – तन सेवा, मन सेवा और धन सेवा। लेकिन मैं उस सेवा की बात करता हूं जो निशुल्क है। उन्होंने आगे कहा कि विकलांग, विधवा, निराश्रित और बीमार लोगों की सेवा करना ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। जहां महामारी या बीमारी फैली हो, वहां जाकर लोगों की सेवा करो। तभी आप सच्चे राष्ट्रसेवक कहलाओगे। अगर सेवा नहीं करोगे तो कीड़े-मकोड़े की भांति मर ही जाओगे। यही असली राष्ट्र सेवा है। इस अवसर पर प्रवीण सिंह, विवेक भारद्वाज, जितेन्द्र, शिवेन्द्र, शरद मिश्रा, गणेश जी, आनंद, भारत, अभिषेक, राहुल, राधेश्याम सहित संघ के कई स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# लापता युवक का खंडहर मकान में फंदे से लटका मिला शव

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।

काशीराम कॉलोनी के सामने खंडहर पड़े मकान में एक युवक का शव फंदे से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए मामले की शिकायत पुलिस से की। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला बिरतिया निवासी 20 वर्षीय असगर जो फोर व्हीलर मिस्त्री का कार्य करता था। बुधवार देर रात उसका शव एक खंडहर पड़े मकान में फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया कि असगर सुबह करीब 10 बजे काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रात करीब 11 बजे खोजबीन के दौरान काशीराम कॉलोनी के सामने एक खंडहर मकान में उसका शव अंगोछे के सहारे कुंडे से लटका मिला। परिजन उसे तत्काल सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक पांच भाइयों में चौथे नंबर का था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जलालाबाद महिला संकुल समिति की वार्षिक आमसभा आयोजित

**महिला सशक्तिकरण व ग्रामीण आजीविका को मजबूती का संकल्प**

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।


कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत विकासखंड जलालाबाद की जलालाबाद महिला संकुल समिति की वार्षिक आमसभा का आयोजन ग्राम अनौगी स्थित द्वारिका धाम मैरिज लॉन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त (स्वत: रोजगार)/जिला विकास अधिकारी राज कुमार लोधी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने वार्षिक आमसभा के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मंच स्वयं सहायता समूहों की उपलब्धियों की समीक्षा, भविष्य की कार्ययोजना तय करने तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महिला स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मिशन से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं अपनी आय बढ़ाने के साथ परिवार और समाज के विकास में भी अहम योगदान दे रही हैं। उन्होंने महिलाओं से सरकारी योजनाओं और स्वरोजगार कार्यक्रमों का लाभ उठाकर उद्यमिता की ओर बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। कहा कि आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़कर महिलाएं अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा बन सकती हैं। कार्यक्रम में जलालाबाद महिला संकुल समिति के विभिन्न कैडरों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित कैडरों ने भविष्य में भी मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान बैंक ऑफ इंडिया संचालित स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक, जिला मिशन प्रबंधक शिव बिहारी, विकासखंड जलालाबाद के सभी ब्लॉक मिशन प्रबंधक, स्वयं सहायता समूहों की सदस्याएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं मौजूद रहीं। अंत में महिला सशक्तिकरण, सामुदायिक नेतृत्व और ग्रामीण आजीविका को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

# हिंदी कथा व उपन्यास सम्राट थे मुंशी प्रेमचंद्र: पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



हिंदी साहित्य के जगत में मुंशी प्रेमचंद एक अद्वितीय साहित्यकार हैं जिन्हें हिंदी कथा और उपन्यास सम्राट के रूप में भी जाना जाता है। उनका मूल नाम धनपत राय श्रीवास्तव था और उन्होंने शुरुआती दौर में नवाब राय के नाम से उर्दू साहित्य साधना की। यह जानकारी नगर गुरसहायगंज में गांधी नगर स्थित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज के अंग्रेजी शिक्षक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को आयोजित मुंशी प्रेमचंद के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में बाल सभा में साझा की। उन्होंने बताया कि मुंशी प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1980 को वाराणसी के लमही गाँव में निर्धन कायस्थ परिवार में हुआ था। उनकी माता का नाम आनंदी देवी और पिता का नाम मुंशी अजायबराय था जो लमही में ही डाक मुंशी थे। हिंदी के प्रवक्ता राकेश बाबू सक्सेना ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए छात्राओं को आगे बताया कि अभावग्रस्त जीवन में विभिन्न विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी प्रेमचंद ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण कर लेखक, पत्रकार, साहित्यकार और समालोचक के रूप में स्वयं को स्थापित किया। उनका साहित्य आदर्शोन्मुखी यथार्थवाद से प्रेरित ग्राम्य अंचल, सीधे सरल ग्रामीणों की वास्तविक समस्याओं और कृषकों के तत्कालीन सामाजिक जीवन पर आधारित है। गोदान, गबन, सेवासदन, निर्मला, कर्बला, रंगभूमि, मंत्र, पूस की रात, नमक का दारोगा,ईदगाह जैसी अनेक रचनाएं प्रेमचंद के अविस्मरणीय योगदान को अमर बनाती हैं। मर्यादा ,माधुरी आदि पत्रिकाओं के वह सम्पादक के रूप में कार्यरत रहे। 31 जुलाई 1980 के प्रेमचन्दजी की जन्मशती पर डाक विभाग ने भारत सरकार द्वारा एक विशेष डाक टिकट जारी किया था। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता ने विद्यार्थियों को ऐसे महापुरुष के जीवन से प्रेरणा ले अपनी पढ़ाई को सुदृढ़ और लक्ष्य केंद्रित रखने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर कॉलेज के प्रवक्ता ऋचा, सूर्यभान सिंह, ब्रजेश गंगवार, सुनील सिंह, रामासरे, अभिषेक वर्मा, विजय शंकर पाठक, दुर्ग विजय, अमीर हमजा, आलोक, शिव सिंह, राकेश यादव, राकेश बाबू सक्सेना , करतार सिंह शिव सिंह यादव आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षकों की कमी से कैसे संचालित हो शिक्षा व्यवस्था

समधन, समृद्धि न्यूज़।



बीते दस वर्ष बीतने के बाद भी छात्रों की संख्या में तो काफी इजाफा हुआ लेकिन प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों की कमी की वजह से शिक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। समधन नगर स्थित राजकीय इण्टर कॉलेज बने करीब दस वर्ष बीत चुके हैं तबसे छात्रों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई लेकिन विषयों के सापेक्ष प्रवक्ता व सहायक अध्यापको की आज भी भारी कमी का खमियाजा छात्रों को भुगतनो को मजबूर होना पड़ रहा है बताते हैं बीते वर्ष करीब 600 छात्र पंजीकृत थे इस बार करीब 800 छात्रों का पंजीकरण हो चुका है लेकिन शासन की ओर से सृजित पदो के मुताबिक आज तक नई तैनाती न होने से शिक्षा व्यवस्था चलाने में काफी दिक्कत हो रही है। उधर विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष कुमार शर्मा ने बताया कि प्रवक्ता व सहायक अध्यापको की तैनाती दिये जाने को लेकर विभाग के अफसरों को पत्र लिखकर अवगत करा चुके हैं।

# जेपी एजुकेशन एकेडमी के छात्र का पॉलिटेक्निक में चयन

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



जेपी एजुकेशन एकेडमी के कक्षा 11 के छात्र सुमित सिंह पुत्र रामकिशोर ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए मान्यवर कांशीराम राजकीय पॉलिटेक्निक में सिविल इंजीनियरिंग शाखा में चयन प्राप्त किया है। छात्र की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। सुमित सिंह की सफलता पर विद्यालय के प्रबन्धक इंद्र कुमार गुप्ता एवं प्रधानाचार्य अमरेंद्र सिंह सहित समस्त विद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र को हार्दिक बधाई दी। विद्यालय परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सुमित की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायी है। विद्यालय के प्रबंधक इंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं एवं उच्च शिक्षा के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जाता है। सुमित की उपलब्धि विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है।

# प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की नई जिला कार्यकारिणी गठित



कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की नई जिला कार्यकारिणी का गठन गुरुवार को मकरंदनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में आयोजित बैठक में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार राजपूत ने की। सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। नई कार्यकारिणी में जयदीप दिवाकर को जिला महामंत्री, रामवरन राजपूत को जिला कोषाध्यक्ष, अनिता तिवारी को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, विनय सिंह चौहान को जिला संगठन मंत्री, अनिल शर्मा को जिला उपाध्यक्ष, महेंद्र यादव को जिला महासचिव, रिजवान काजी और हंसराम राजपूत को जिला सचिव तथा हृदेश दुबे को जिला संयोजक बनाया गया। वहीं सुशील द्विवेदी, विनय कुमार पांडेय, जीत कनौजिया, आनंद सिंह और अमित बाजपेयी को संरक्षक मंडल में शामिल किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार राजपूत ने कहा कि वे कार्यकारिणी शिक्षामित्रों के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान और संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगी। बैठक में मौजूद शिक्षामित्रों ने नवदायित्व प्राप्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया।

# सबको मिले मयंक गुप्ता जैसे श्रवण कुमार रूपी पुत्र महादेव

**न.प. अध्यक्ष ने पुत्र धर्म और संस्कारों पर दिया जोर**

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



नगर पालिका अध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता ने कहा कि जिस पुत्र के हृदय में पिता के प्रति सम्मान और सेवा का भाव हो, वही जीवन में सच्ची ऊँचाइयों को प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि पिता केवल जन्म देने वाले नहीं होते।वे संतान के जीवन के प्रथम गुरु, मार्गदर्शक और सबसे बड़े प्रेरणास्रोत होते हैं। जो पुत्र अपने पिता के सम्मान, उनके संघर्ष और उनके सपनों को अपना धर्म मानकर पूरी निष्ठा से सेवा करता है, वही वास्तविक अर्थों में आदर्श पुत्र कहलाने का अधिकारी होता है। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि आज भी जब कोई पुत्र अपने पूज्य पिताजी के प्रति निष्ठा, समर्पण और अथक सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करता है तो यह सिद्ध होता है कि संस्कार और पारिवारिक मूल्य जीवित हैं। ऐसे पुत्र समाज के लिए प्रेरणा बनते हैं। उन्होंने कामना की कि मयंक गुप्ता जैसे श्रवण कुमार रूपी पुत्र महादेव सबको मिलें। और उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि ऐसे पुत्र की हमेशा भगवान रक्षा करेंगे।

## मिनी नंदनी योजना में बढ़ी किसानों की दिलचस्पी व 180 आवेदन पहुंचे


**कन्नौज।** नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत संचालित मिनी नंदनी कृषक समृद्धि योजना को लेकर जिले के पशुपालकों में उत्साह बढ़ रहा है। 31 जुलाई तक योजना के लिए 180 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. सरदूल सिंह ने बताया कि जिले को छह लाभार्थियों (तीन पुरुष व तीन महिला) का लक्ष्य मिला है। योजना के तहत गिर, साहीवाल और थारपारकर नस्ल की 10 दुधारू गायों की इकाई स्थापित करने के लिए 23.60 लाख रुपये की परियोजना पर 50 प्रतिशत, यानी अधिकतम 11.80 लाख रुपये का अनुदान दो चरणों में दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य पशुपालकों की आय बढ़ाना, दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन देना, गुणवत्तापूर्ण दूध उपलब्ध कराना और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना है।



# विकास की रफ्तार में लुप्त हो रही परम्पराएं

- कहीं नजर नहीं आ रहे झूले, महिलायें मल्हार गाना भी भूली

(निशीत सक्सेना)





जानकारी देती स्वदेश सक्सेना, राधा दीक्षित, मीना यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एक समय ऐसा था जब सावन का महीना शुरु होते ही घर-घर में झूले पड़ जाते थे। महिलाएं सावन के गीतों के साथ झूलों पर पेंग लगाती थी और मल्हार गाती थी। विकास और आधुनिकता की दौड़ में पेड़ गायब होते गये और बहुमंजिला इमारतों के बनने से आंगन का अस्तित्व भी समाप्त होता गया। ऐसे में सावन के झूले भी इतिहास बनकर हमारी परम्परा से गायब हो रहे है। सेवानिवृत्त शिक्षिका 78 वर्षीय स्वदेश सक्सेना का कहना है कि वीर छंद आल्हा में कहा गया है कि लगा महीना सावन का घर-घर होते मल्हार, घर-घर सखियां झूला झूले, घर-घर होत तीज त्यौहार....यह किसी कवि की कल्पना नहीं है। आज से दो ढाई दशक पहले तक ऐसा होता रहा है। सावन का महीना शुरु होते ही आंगन-आंगन, द्वार-द्वार पर पर झूले पड़ जाते थे। इन झूलों पर पेंग बढ़ाकर सखियां मल्हार गाती थी। बहुमंजिला इमारतों ने पेड़ों की बलि ले ली और धीरे-धीरे ये परम्परा खत्म होती गयी।

शहर कोतवाली के मोहल्ला संगत निवासी 73 वर्षीय राधा दीक्षित का कहना है कि सावन के महीने में सबसे ज्यादा त्यौहार होते है, इसे मस्त महीना माना जाता है।

जब पुरुआ हवा, भीनी-भीनी फुहार चलती है तो मन मोर की तरह नाच उठता है, ऐसे में पहले महिलायें एक दूसरे के घर जाकर सेवइयां बनाती थी और झूला झूलकर सावन के गीत गाती थी। यह सब प्रथाएं अब खत्म हो गयी।

राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त पूर्व प्रधानाचार्य 70 वर्षीय मीना यादव का कहना है कि शहरीकरण के चलते पेड़, आंगन और खुली जगह खत्म होती जा रही है, जहां झूले पड़ते थे। इसके अलावा डिजिटल और सोशल मीडिया (मोबाइल फोन) के युग में एक दूसरे से मिलने का समय भी लोगों के पास नहीं है। ऐसे एकत्र होकर कौन झूला झूले और सावन गीत मल्हार गाए। पहले मोहल्ले की महिलाएं इकट्ठी होकर मल्हारे गाती थी और झूले पर पेंग लगाती थी। विकास और आधुनिकता की रफ्तार ने सावन की परम्परा का गला घोंट दिया है।

# प्रधानाध्यापक की अनुपस्थिति में विद्यालय से राशन गायब

- बच्चों के मिड-डे-मिल पर डाला जा रहा डाका

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय डबुआ में बीते चार या पांच दिन पूर्व कोटेदार के यहां से बच्चों का खाद्यान्न इंचार्ज प्रधानाध्यापक के द्वारा उठाया गया था। दो दिन पूर्व बच्चों का खाद्यान्न प्रधानाध्यापक की अनुपस्थिति में विद्यालय स्टाफ के द्वारा चोरी किया गया। जिसका शिक्षक तथा स्टाफ के द्वारा खोजबीन करने जानकारी करने का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें बताया जा रहा है कि विद्यालय स्टाफ के सहयोग से एक शिक्षक द्वारा खाद्यान्न को ले जाने तथा स्टाफ का सहयोग करने की बात कही जा रही है। जिससे अब विद्यालय में बच्चों को एमडीएम का भोजन मिलने में भी दिक्कत दिखाई दे रही है। विद्यालय में एक पैकेट मात्रा चावल दिखाई दिए। बाकी गेहूं सब गायब थे, जब इस इस संदर्भ में खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा से इसकी जानकारी की गई तो उन्होंने बताया की ऑडियो के आधार पर शनिवार को विद्यालय में जाकर मामले की जांच पड़ताल की जाएगी और जो भी होगा उसमें उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।



विद्यालय में रखें एक पैकेट चावल

# मार्ग दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर को पुलिस ने किया बरामद

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव महमदपुर कामराज के पास 24 जुलाई को जनपद एटा के थाना अलीगंज के गांव अमरोली निवासी जितेंद्र पुत्र सूबेदार जो की मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के गांव में अपनी ससुराल आए थे, जो वापस जाते समय गांव महमदपुर के निकट ट्रैक्टर ने उनके जोरदार टक्कर मारी थी। जिससे जितेंद्र राजपूत पुत्र सूबेदार राजपूत के मौके पर ही मौत हो गई थी और ट्रैक्टर चालक वाहन से फरार हो गया था। मृतक के परिजन भी खोजबीन में लग गए और उनके रिश्तेदारियों के भी लोग खोज भी नहीं लग गए, तब पता चला कि गांव अमरपुर नगला मकोड़ा निवासी ईद खान कब ट्रैक्टर महिंद्रा यूपी 76एएक्स/9218 ने जोरदार टक्कर मार दी थी। जिस पर जितेंद्र कुमार की मौके पर मौत हो गई थी। परिजनों ने पुलिस को अज्ञात वाहन के विरुद्ध तहरीर दी थी। थाना प्रभारी निरीक्षक ने ट्रैक्टर को बरामद कर लिया और थाने लाकर खड़ा कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अब घटना करने वाला वाहन बरामद हो गया है जो भी विधायक कार्रवाई होगी वह ट्रैक्टर के विरुद्ध की जाएगी।



थाने में खड़ा ट्रैक्टर

# कांवड़ यात्रा को लेकर एडीजी और डीआईजी ने की समीक्षा बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोनए कानपुर अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर यमुना प्रसाद द्वारा सभागार कक्ष में कांवड़ यात्रा एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं के संबंध में समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, संवेदनशील स्थलों पर पुलिस तैनाती, कानून एवं शांति व्यवस्था, आपसी समन्वय तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों को कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




बैठक लेते एडीजी और डीआईजी

आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) कानपुर जोन, अनुपम कुलश्रेष्ठ और पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) कानपुर परिक्षेत्र, यमुना प्रसाद की अध्यक्षता में सभागार कक्ष में समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस उच्च स्तरीय बैठक में कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन मंथन किया गया। कांवड़ यात्रा के दौरान सभी संवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर वहां पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने की रणनीति तैयार की गई। कांवड़ियों और आम जनता को असुविधा से बचाने के लिए सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था और रूट डायवर्जन पर विस्तृत चर्चा हुई। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया। शिवभक्तों के लिए रास्ते में जरूरी सुविधाओं और पुलिस-प्रशासन के साथ आपसी समन्वय को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान एडीजी और डीआईजी ने वहां उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा को हर हाल में सकुशल, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए।

# 14 साल पुराने हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली मोहम्मदाबाद में दर्ज वर्ष 2012 के एक हत्या और एससी/एसटी एक्ट के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है तथा एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया। अभियुक्त अरुण उर्फ अकिलानन्द उर्फ गड्डू पुत्र लालता प्रसाद निवासी नदुलिया थाना बेवर जनपद मैनपुरी के विरुद्ध धारा 302 भादवि व एससी/एसटी एक्ट के मुकदमा दर्ज कराया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियुक्त अरुण उर्फ अकिलानन्द के खिलाफ साल 2012 में फतेहगढ़ जिले के कोतवाली मोहम्मदाबाद में हत्या (धारा 302) और एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला पंजीकृत हुआ था। पुलिस ने इस मामले की गहनता से विवेचना की और साक्ष्य संकलन कर अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। डीजीपी यूपी के निर्देशानुसार पुलिस और अभियोजन विभाग अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने के लिए कटिबद्ध हैं। इसी क्रम में फतेहगढ़ पुलिस टीम, मॉनिटरिंग सेल, अभियोजन पक्ष और कोर्ट पैरोकार/कोर्ट मोहर्रिर द्वारा न्यायालय में अथक प्रयास और प्रभावी पैरवी की गई। न्यायालय एडीजे-02/एससी/एसटी कोर्ट ने अभियुक्त अरुण उर्फ अकिलानन्द को दोषसिद्ध करार दिया। न्यायालय ने अभियुक्त को आजीवन कारावास की कड़ी सजा सुनाई है और साथ ही उस पर 1,00,000 (एक लाख रुपये) का अर्थदंड भी लगाया है।

## खबरें एक नजर में

### कार चालक जनसेवा केंद्र संचालक को चूना लगाकर फरार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव ठिउरिया निवासी अखिलेश कुमार जनसेवा केन्द्र की दुकान जसमई रोड सिरोली चौराहे पर है। शुक्रवार एक अज्ञात युवक अपनी चार पहिया वाहन जिस पर भारत सरकार लिखा हुआ था, जो अखिलेश कुमार के जनसेवा केन्द्र पर आया और अखिलेश से युवक ने अपने बताए नंबर पर 10,000 व दूसरी बार 04 हजार रुपये डलवाये और जब अखिलेश कुमार द्वारा रुपये मांगने पर युवक ने गाड़ी साइड लगाने की कहकर अखिलेश कुमार को चमका युवक फरार हो गया। थाना पुलिस को अखिलेश कुमार ने घटना की तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा।

कार पर लिखा था भारत सरकार, फोन पर डलवाये थे 14 हजार रुपये

### मारपीट के मामले में नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा सिरौली निवासी वंदना दीक्षित पत्नी स्व. अखिलेश कुमार दीक्षित (पूर्व सैनिक) की गांव में ही गैस एजेंसी है। 24 जुलाई की शाम लगभग 6:30 बजे गांव का ही निवासी युवक एजेंसी पर आया और सिलेंडर की डिलीवरी को लेकर विवाद करने लगा। वंदना दीक्षित को धमकी देकर एजेंसी कर्मियों के साथ मारपीट की। रात लगभग 8 बजे वंदना दीक्षित अपने पुत्र अक्षय दीक्षित के साथ एजेंसी से घर जाने को निकली। तो युवक ने अपने तीन साथियों के साथ बाईकों से वंदना का जसमई तक पीछा किया। वंदना दीक्षित ने थाने पहुंचकर पुलिस को युवक व उसके साथियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर देने के चार दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन देकर वंदना को टरका रही है।

### एक ही मरीज की दो अल्ट्रासाउंड सेंटर ने दी अलग-अलग रिपोर्ट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद के आवास विकास एवं मसेनी चौराहा क्षेत्र में संचालित निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। एक मरीज के एक ही दिन कराए गए दो अलग-अलग अल्ट्रासाउंड की रिपोर्टों में भारी अंतर सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और निजी जांच केंद्रों की विश्वसनीयता पर सवाल उठने लगे हैं। मामले को लेकर मरीज और उसके परिजनों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार, शहर निवासी शिल्पी ने 30 जुलाई को मसेनी चौराहा स्थित आराध्या अल्ट्रासाउंड सेंटर पर अल्ट्रासाउंड कराया। आरोप है कि वहां जारी रिपोर्ट में महिला के शरीर में कई पथरी होने, बच्चेदानी में समस्या तथा अन्य गंभीर चिकित्सीय दिक्कतों का उल्लेख किया गया। रिपोर्ट देखने के बाद मरीज व उसके परिजन काफी परेशान हो गए। संदेह होने पर उसी दिन महिला का दोबारा आवास विकास स्थित डॉ. रूपक दुबे के अल्ट्रासाउंड सेंटर पर परीक्षण कराया गया। दूसरी रिपोर्ट में पहले बताई गई गंभीर समस्याओं की पुष्टि नहीं हुई। दोनों रिपोर्टों में भारी अंतर सामने आने के बाद परिजनों ने पहली रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए हैं। पीड़िता ने जांच कराकर दोषी लोगों पर कार्यवाही की मांग की है।

# कोरम पूरा न होने पर कोटा चयन की बैठक स्थगित

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

अधिकारियों के द्वारा कोटा चयन की तारीख निर्धारित करने पर पहुंचे विकासखंड के कर्मचारियों ने कोरम पूरा न होने पर बैठक को स्थगित कर दिया। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत नगला में लगभग 3 वर्ष से कोटा निलंबित चल रहा था। जिसका एक बार ग्राम प्रधान के द्वारा अपनी मां के नाम चयन करवा लिया था। जिसमें ग्रामीणों के विरोध के चलते कोटा निरस्त कर दिया गया था। जिसकी दोबारा अधिकारियों ने चयन की तारीख 31 जुलाई निर्धारित की थी, जिस पर शुक्रवार को विकासखंड के एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, एडीओ ग्राम्य विकास सुखदेश सिंह, ग्राम पंचायत सचिव मोतीलाल यादव, सुनील कुमार सहित विकासखंड के कई कर्मचारी पहुंचे और वहां कोरम के अनुसार लोगों की भीड़ न देखकर कोटा चयन की प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया। जिस पर एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह ने बताया की ग्राम पंचायत में 1900 से अधिक वोट है, जिसके सापेक्ष लगभग 430 वॉटर आते तो कोरम पूरा होता, लेकिन बैठक में मात्र 100 लोग ही आए। जिसके चलते कोरम पूरा न होने के कारण कोटा चयन की प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया। अब अगली तारीख आने पर जो भी होगा उसके सापेक्ष कार्रवाई की जाएगी।

# दुश्मनी के चलते हुई अरुण की हत्या, बाल अपचारी सहित दो गिरफ्तार

- हरियाणा के शूटर ने घटना को दिया अंजाम
- पिस्टल, कारतूस व कार बरामद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हत्या के मामले में फरार चले एक बाल अपचारी सहित दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही से 1 पिस्टल 32 बोर, एक मैंगजीन, 7 जिंदा कारतूस व करा बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया।

कादरीगेट थानाध्यक्ष कपिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 जुलाई को वादिनी द्वारा तहरीर में दर्शाया कि अभियुक्तों ने उसके पति अरुण हुड्डा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 103(1) बीएनएस के तहत आरोपी रोहित पुत्र हरिचन्द्र निवासी दयालपुर, बल्लभगढ जिला फरीदाबाद हरियाणा सहित 03 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त सोनू उर्फ कर्मवीर पुत्र नरेन्द्र डागर निवासी ग्राम धतीर थाना गदपुरी जिला पलवल हरियाणा व 01 बाल अपचारी को 01 नाजायज पिस्टल मैगजीन-32 बोर सहित व 07 जिंदा कारतूस 32 बोर, 3340 रुपये नगद तथा घटना में प्रयुक्त 01 कार मारुती सुजूकी बिना नम्बर प्लेट सहित गिरफ्तार कर लिया। विवेचना के क्रम में मुकदमा उपरोक्त में धारा 61 (2) बीएनएस व 9/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त सोनू उर्फ कर्मवीर व बाल अपचारी ने पूछताछ करने पर बताया कि 26 जुलाई को फर्रुखाबाद में अरुण हुड्डा का मर्डर हुआ था। उसका मर्डर रोहित पुत्र हरिचन्द्र व रंजीत पुत्र रघुवीर उर्फ लीलू निवासीगण दयालपुर बल्लभगढ जिला फरीदाबाद हरियाणा ने करवाया था। रंजीत और रोहित ने पहले से ही अरुण हुड्डा को मारने का प्लान बनाया था। रोहित और अरुण में पहले किसी बात को लेकर गाली-गलौज हो चुकी थी, इसलिये दोनों एक दूसरे से दुश्मनी मानते थे। रोहित ने रंजीत के चाचा के लड़के अमित पुत्र दलवीर से पहले ही एक पिस्टल 43000 रुपये में ली थी।

जब रोहित को पता चला कि अरूण कही घूमने गया है, तब उसका पीछा करते करते फर्रुखाबाद पहुँचे और वहाँ मौका पाकर साहिल ने गोली मारकर अरूण की हत्या कर दी। साहब मैने रोहित के कहने पर उसको अपनी कार दे दी थी।



पुलिस हिरासत में आरोपी

# दुष्कर्म के आरोप में साले को दस वर्ष का कारावास

- पास्को एक्ट में जीजा को चार वर्ष की सजा
- अर्थदंड अदा न करने पर दस दिन की होगी अतिरिक्त जेल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दुष्कर्म व पास्को एक्ट के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पास्को एक्ट) मेराज अहमद ने अभियुक्त रजित कुमार पुत्र रामनरेश को दुष्कर्म के मामले में दस वर्ष का कारावास व अरविन्द पुत्र राजपाल को पास्को एक्ट के आरोप में चार वर्ष का कारावास व अर्थदंड से दंडित किया।

थाना कम्पिल क्षेत्र के अम्बेडकर मोहल्ला निवासी पीड़िता ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया कि उनकी पुत्री कक्षा-8 की छात्रा थी। रजित कुमार पुत्र रामनरेश निवासी तुर्क लिलैया थाना कायमगंज फोन से मेरी पुत्री से चोरी छिपे बात करती थी। 11 जनवरी 2019 को रजित अपने जीजा अरविन्द पुत्र राजपाल की मदद से बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने आरोपी रजित के विरुद्ध धारा 363, 366, 376 व धारा 3/4, 16/17 पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। वहीं आरोपी के जीजा अरविन्द के विरुद्ध धारा 363, 366 व धारा 16/17 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पास्को एक्ट) मेराज अहमद ने अभियुक्त रंजित को धारा 363 के आरोप में तीन वर्ष के साधारण कारावास व तीन हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।



अर्थदंड अदा न करने पर दस दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं धारा 366 के आरोप चार वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर बीस दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 376 के आरोप में 10 वर्ष के कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं अरविन्द को धारा 363 भा.दं.सं. सपठित धारा 16/17 पास्को एक्ट के आरोप में तीन वर्ष के कारावास व तीन हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर दस दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अरविन्द को धारा 366 भा.दं.सं. सपठित धारा 16/17 पास्को एक्ट के आरोप में चार वर्ष के कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर बीस दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# लेखपाल की तहरीर पर 26 पर मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

सीमांकन के बाद लगाए गए खम्भों को दबंगों ने उखाड़ कर फेंक दिया। विरोध करने पर राजस्व टीम की गाड़ियां तोड़ने व जान से मारने की धमकी भी दी। लेखपाल की तहरीर पर छब्बीस आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्रीय लेखपाल विवेक सिंह ने दी तहरीर में बताया कि 19 जून 2026 को पड़ोसी जनपद बदायूं की तहसील दातागंज व कायमगंज तहसीलों की संयुक्त राजस्व टीम ने सीमांकन कर गांव बड़ार व अन्य गांव की सीमाओं के लिए खंभे लगाए गए। जिसके बाद 15 जुलाई को पुलिस बल की मौजूदगी में सीमा स्तंभ स्थापित कराया गया था। आरोप है कि ग्राम दल नगला निवासी वीर सिंह, प्रमोद, राजपाल, महेश, सुरेश, देवेंद्र, रवेंद्र, अवनीश, मुकेश, आदेश, क्षत्रपाल, वीरेंद्र, रामवीर, भूरे, श्रीकृष्ण, रामपाल, राजेंद्र, दलवीर, सूरजपाल, उमेंद्र, ओमकार, पेशकार, रामसिंह, विजय, छविराम व श्यामवीर निवासी दल नगला के किसानों ने सीमा स्तंभ उखाड़ दिया। सरकारी कार्य में बाधा डाली, वाहनों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने शुक्रवार सुबह तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, परिवार कल्याण कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य इकाइयों पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को प्रोत्साहित करें। डीएम ने नियमित टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत पात्र बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी तथा समय पर उपचार एवं संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। जनपद एवं विकासखंड स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन कराएं। बैठक में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड निर्माण एवं पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने, संचारी रोग नियंत्रण अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने, स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति तथा साफ-सफाई की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में घर घर जाकर आयुष्यमान कार्ड बनाने हेतु सभी आशाओं की आभा आईडी तैयार करें, इसके साथ ही संतोषजनक कार्य न करने वाली आशा कार्यकत्रियों पर नियमानुसार कार्रवाई पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी चिकित्सा अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की निगरानी करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर जनहितकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो प्राइवेट अस्पताल गर्भवती महिलाओं कि प्रसव के आंकड़ों की रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कर रहे हैं उन अस्पतालों पर कार्रवाई करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनन्द उपाध्याय, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, समस्त चिकित्सा अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी तथा स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




बैठक लेती डीएम मौजूद अन्य

# एडीजी-डीआईजी ने किया पांचाल घाट का निरीक्षण

- राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का भी किया अवलोकन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर यमुना प्रसाद ने जनपद के भ्रमण के दौरान थाना कादरीगेट क्षेत्र स्थित पांचालघाट का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं राहत व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान घाटों पर श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुरक्षा व्यवस्था, गोताखोरों की तैनाती, बैरिकेडिंग, पुलिस बल की ड्यूटी, जल पुलिस की व्यवस्था तथा आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का अवलोकन किया गया।

अधिकारियों द्वारा संबंधित अधिकारियों को पर्याप्त संख्या में गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित करने तथा राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी एवं सतर्कता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए गए।



गंगा तट का निरीक्षण करती एडीजी और डीआईजी

# जवानों को फिट रखने के लिए लगवाई दौड़

**▸ एसपी ने ली साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



परेड की सलामी लेती एसपी



दौड़ लगाते पुलिसकर्मी

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली और परेड में पुलिस कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के अधि0/कर्मचारीगण, यातायात शाखा, पुलिस लाइन में नियुक्त कर्मचारीगण पुलिस कर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए दौड़ कराई। परेड का निरीक्षण कर अनुशासनध्नियमों हेतु ब्रीफ किया गया। एसपी ने परेड निरीक्षण के उपरांत सीपीसी कैंटीन, डायल-112, मेस, परिवहन शाखा, बैरक, क्वार्टर गार्ड आदि का निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शुक्रवार को जिले की पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और जवानों को शारीरिक तथा मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। जिले के पुलिस अधीक्षक ने इस परेड की सलामी ली और जवानों का उत्साहवर्धन किया। इस साप्ताहिक शुक्रवार परेड में पुलिस विभाग के कई अंगों ने हिस्सा लिया, पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी व कर्मचारीगण, यातायात (ट्रैफिक) शाखा के जवान, पुलिस लाइन में नियुक्त सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे। परेड की सलामी लेने और निरीक्षण करने के पश्चात, पुलिस अधीक्षक ने सभी जवानों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने के लिए ग्राउंड में दौड़ लगवाई।

उन्होंने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस की ड्यूटी बेहद चुनौतीपूर्ण और तनावपूर्ण होती है। ऐसे में आम जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर एक पुलिसकर्मी का शारीरिक व मानसिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है। दौड़ और शारीरिक व्यायाम के अलावा, पुलिस अधीक्षक ने परेड में मौजूद सभी पुलिसकर्मियों की वर्दी, उनके टर्नआउट और साफ-सफाई का भी बारीकी से निरीक्षण किया। जिन कर्मचारियों की वर्दी या टर्नआउट में थोड़ी कमी पाई गई, उन्हें हिदायत देते हुए सुधार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही परेड ग्राउंड की साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। इस दौरान पुलिस लाइन के अन्य उच्चाधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने भी जवानों के साथ कदम से कदम मिलाकर ड्रिल में हिस्सा लिया।

# मानव तस्करी के मामलों की प्रभावी निगरानी के लिए सीडीओ ने ली बैठक

**▸ छापेमारी अभियान चलाने के दिये निर्देश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक लेते सीडीओ

मानव तस्करी (विशेषकर बाल तस्करी) के मामलों की प्रभावी निगरानी हेतु जिला स्तरीय रिव्यू कमेटी की बैठक विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में सीनियर अभियोजन अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, एआरटीओ रोडवेज, सहायक श्रमायुक्त, जिला विद्यालय निरीक्षक आदि उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि रेस्क्यू अभियान की संख्या बढ़ाकर अधिक हॉटस्पॉट का चयन किया जाए। श्रम विभाग को निर्देश दिए कि एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट टीम और जिला प्रोबेशन अधिकारी की संयुक्त टीम के साथ ढाबे, होटल, दुकानों पर छापेमारी की जाए। एआरटीओ रोडवेज को निर्देश दिए कि ग्रुप के रूप में अन्य जनपदों से बस के माध्यम से बच्चों को लाकर विभिन्न कार्यो में संलिप्त किया जाता है अतः बसों में भी भी अभियान चलाया जाए।

# जमीन पर कब्जा दिलवाने के नाम पर शिक्षामित्र ने हड़पे 1.10 लाख

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला नोनियमगंज निवासी प्रतिभा पत्नी राजेश कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि प्रार्थिनी की कृषि भूमि ग्राम अकबरगंज गडिया में गाटा सं0 466/0.139 हेक्टेयर है। जो कि कब्जा रहित है। जिसमें प्रार्थिनी के पति का पूर्व परिचित शिक्षामित्र ने प्रार्थी को आश्वासन दिया कि मैं आपकी कृषि भूमि आराजी जिस पर कब्जा किया हुआ है मैं कब्जा दिलवा दूंगा। मेरी पहुंच सचिवालय लखनऊ तक है। प्रार्थी उसकी बातों में आकर विश्वास करके प्रार्थी ने 09 जनवरी को फोन पे द्वारा 40 हजार रुपया प्रेषित कर दिया और उसने कहा कि मैं जल्दी ही लखनऊ जा रहा हूं। वहां पर बातचीत कर आपका कब्जा करवा दूंगा। और आप कुछ और पैसों का इंतजाम कर दो, ताकि काम कराने में दिक्कत न हो। पुनः इस बात में आकर नकद 70 हजार रुपया और दे दिए और उक्त शिक्षामित्र रुपया लेकर चला गया। काफी समय व्यतीत हो गया और प्रार्थी का कोई काम भी नहीं हुआ। तब प्रार्थी ने उससे पुनः सम्पर्क किया और उसके निवास स्थान पर गए। तब उक्त शिक्षा मित्र हम दोनों को देखता ही आग बबूला हो गया और कहा इतनी जल्दी काम थोड़ी ही हो जाएगा। अभी आपको कुछ और पैसा देना होगा मेरे द्वारा असमर्थता व्यक्त करने पर उक्त शिक्षा मित्र ने प्रार्थी व प्रार्थिनी को बुरा भला कहा और आमादा फसाद हो गया। तथा मारपीट पर उतारू हो गया। पीड़िता ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## अचरा तिराहे से वारंटी गिरफ्तार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में अभियान चलाकर एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। उपनिरीक्षक सत्यनारायण ने पुलिस टीम के साथ अचरा तिराहा क्षेत्र में दबिश देकर न्यायालय से वांछित वारंटी नीरज कुमार गुप्ता पुत्र महिमा चंद गुप्ता निवासी ग्राम बरतल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी को थाना नवाबगंज लाई, जहां आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की गई। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश कर दिया गया। थाना पुलिस ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंटों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए ऐसे अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं और फरार वारंटियों के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# मां को मारने वाला आरोपी गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एक बेटे ने सिलबट्टे से कूचलकर अपनी मां को मार देने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पूछताछ में आरोपी बोला मैंने नहीं मां काली ने मारा है। शमशाबाद थाना एसओ सचिन सिंह चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि वादी शिवम पुत्र स्व. दुलारे लाल निवासी ग्राम खुडिना वैध थाना शमसाबाद ने 30 जुलाई को थाना शमसाबाद में तहरीर दी।

जिसमें कहा कि भाई पंकज ने माता नन्ही देवी से किसी बात को लेकर कहासुनी व मारपीट कर दी। विवाद इतना बढ़ गया कि पंकज ने अपनी मां को कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद सिलबट्टे से सिर पर कई वार कर उनकी हत्या कर दी। उस समय उसकी बहन सुषमा मवेशियों को चारा देने घर के बाहर गई हुई थी। जब सुषमा वापस लौटी तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। उसने आवाज लगाई तो पंकज ने उसे भी कमरे के अंदर खींच लिया और मारपीट शुरू कर दी। उसकी चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।ग्रामीणों ने किसी तरह दरवाजा खुलवाकर सुषमा को बचाया। मारपीट में उसकी गर्दन पर चोट आई है। पुलिस ने वादी की तहरीर के आधार पर धारा 105 बीएनएस बनाम अभियुक्त पंकज पुत्र स्व0 दुलारे लाल निवासी खुडिना वैध थाना शसमाबाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त पंकज ने पूछने पर बताया कि मेरे द्वारा कोई भी गलत काम नहीं किया गया है। जो भी किया है कलकत्ता बाली काली मां ने आकर किया है। सबका मालिक एक है। ईश्वर सच का साथ देता है।



साक्षात्कार देते अभ्यार्थी

## शिशिक्षु/अप्रेन्टिसशिप मेले में 55 अभ्यार्थियों का चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में शिशिक्षु/अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया। मेला में 06 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया व रिक्तियां 72 के सापेक्ष मेला में 82 अभ्यर्थी उपस्थित हुये। मेला में कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 82 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर कुल 55 अभ्यर्थियों का यामाहा मोटर्स इण्डिया प्रा0लि0 नोएडा-42, द सहकारी चीनी मिल कायमगंज-03, नगर पालिका परिषदए फर्रुखाबाद-02, दक्षिणाचंल विद्युत वितरण निगत लि0 अमृतपुर-03, एस0एन0 कोल्ड स्टोरेज फर्रुखाबाद-01 एवं माई कार फर्रुखाबाद-02, शिशिक्षु प्रशिक्षण हेतु चयन किया गया। मेला की व्यवस्था में प्रमुख रूप से नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, प्रधानाचार्य बृजेश कुमार, रंजीत कुमार सुमन, अप्रेन्टिस प्रभारी, राजकिशोर महतो, अविनाश एंव समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# जन चौपाल में ग्रामीणों ने रखी अपनी समस्याएं

**▸ अधिकारियों ने निस्तारण का दिया आश्वासन**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



ग्रामीणों की समस्यायें सुनते अधिकारी

शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही जन चौपाल योजना के तहत विकासखंड के कर्मचारियों ने ग्राम पंचायत में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमरपुर नगला मकोड़ा में शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही जन चौपाल योजना के तहत विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान के निर्देशन में ग्राम पंचायत के सचिवों तथा एडीओ समाज कल्याण सहित विकास खंड के कर्मचारियों ने जन चौपाल लगातर जनता की समस्याएं सुनी। जिसमें अधिकतर समस्याएं पेंशन संबंधी रही। एडीओ समाज कल्याण अंकुश कटियार में समस्त लाभार्थियों को डीबीटी याद करने के बारे में कई जानकारियां दी। वहीं ग्राम पंचायत में कई वर्षो तक निकाला गया केयरटेकर के नाम ग्राम प्रधान की पत्नी के द्वारा सरकारी मानदेय की ग्रामीणों ने बात रखी। जिस पर पूर्व सचिव कुलदीप कुमार ने बताया की एक वर्ष पूर्व प्रधान के द्वारा अपने घर में लगाए गए केयरटेकर को हटा दिया गया और उनका मानदेय बंद कर दिया गया। वहीं गांव की गलियों में भरे पानी आदि के बारे में भी, साफ-सफाई जैसे कई समस्याओं को ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने रखा। इस मौके पर एडीओ समाज कल्याण अंकुश कटियार, सचिव कुलदीप कुमार,नई तैनाती पर ग्राम पंचायत में आए सचिव आनंद गंगवार, पंचायत सहायक रोजगार सेवक आदि लोग मौजूद रहे।

# कचहरी में शादी करने पहुंचे प्रेमी युगल को परिजनों ने पीटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ कचहरी परिसर में शादी करने पहुंचे एक प्रेमी युगल को युवती के परिजनों ने पहचान लिया। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और काफी देर तक कहासुनी होती रही। हालांकि समय रहते पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थिति को शांत कराते हुए युवक और युवती को फतेहगढ़ कोतवाली ले गई। जानकारी के अनुसार, मोहम्मदाबाद क्षेत्र की रहने वाली 18 वर्षीय युवती अपने प्रेमी के साथ फतेहगढ़ कचहरी पहुंची थी। दोनों का उद्देश्य विधिक प्रक्रिया के तहत विवाह करना बताया गया। इसी दौरान युवती के परिजनों को इसकी जानकारी मिल गई और वे भी कचहरी परिसर पहुंच गए। परिजनों के पहुंचते ही दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। कुछ समय तक स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। हालांकि आसपास मौजूद लोगों ने भी समझाने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद डायल-112 पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया। फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी तेज सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और युवक तथा युवती को सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली ले जाया गया। युवती की मां ने मैनपुरी जनपद के बेवर थाने में अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में गांव के ही एक युवक सहित तीन लोगों को नामजद किया गया था।

# मांगों को लेकर विद्युत संविदा कर्मचारियों का धरना जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



धरने पर बैठे संविदा कर्मचारी

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों और आउटसोर्स कर्मचारियों के हो रहे शोषण के विरोध में आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। संघ की जिला कार्यकारिणी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत नगरीय/वितरण मण्डल को ज्ञापन देकर पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन पर मनमानी और कर्मचारियों के हितों की अनदेखी के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आउटसोर्स कर्मचारियों की दुर्दशा को उजागर करते हुए कर्मचारियों का वेतन 18,000 निर्धारित न करना और वेतन भुगतान में भेदभाव करना। 11 केवी फीडरों पर पूरी गैंग 1 लाइनमैन, 1 पेट्रोलमैन, 2 अकुशल श्रमिक के स्थान पर मनमाने ढंग से केवल 1 कर्मचारी को तैनात करना। अकुशल श्रमिकों से एचटी/एलटी लाइनों, ट्रांसफार्मरों और ब्रेकरों पर कार्य कराया जा रहा है, जिसके कारण दुर्घटनाओं में कर्मचारियों की मौतें हो रही हैं। 15 मई 2017 के आदेश का उल्लंघन करते हुए प्रदेश भर से लगभग 25,000 आउटसोर्स कर्मचारियों को कार्य से हटा दिया गया है। जनपद में अप्रैल 2025 में हटाए गए 181 कर्मचारियों की अभी तक बहाली नहीं की गई है। समस्याओं को लेकर कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरु है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रामकिशन, जिला महामंत्री विष्णु चौहान, राजन शाक्य, शिवदत्त शाक्य, विष्णु सिंह, सुमित कुमार संटी, शशांक मिश्रा, प्रवल मिश्रा, अजय कुमार, धर्मेंद्र, बलराम सिंह, राजकुमार थापा, बांके लाल, गोविंद सिंह, शिव शंकर, शैलेंद्र कुमार, जसबेंद्र कुमार, बबलू कुमार, चौधरी अजीत सिंह, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

# रैली निकाल छात्राओं ने डायरिया के प्रति किया जागरूक

**▸ विश्व ओआरएस दिवस पर गोष्ठी का हुआ आयोजन**

**▸ दस्त आने पर बच्चों को दें ओआरएस का घोलः एसीएमओ**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व छात्रायें

विश्व ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन साल्यूशन) दिवस पर शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गयी। साथ ही रामानंद बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने जनजागरुकता रैली निकाल कर लोगों को डायरिया से बचने के उपाय भी बताए।

पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सर्वेश यादव ने कहा कि डायरिया से डरने नहीं बल्कि सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि इसका उपचार पूरी तरह संभव है। बच्चे को दिन में दो-तीन बार पतली दस्त हो तो ओआरएस का घोल और जिंक जरूर दें, क्योंकि यही इसका सही उपचार है। एसीएमओ ने कहा कि डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शून्य से पांच साल तक के बच्चों की डायरिया के कारण होने वाली मृत्यु दर को शून्य करना और दस्त प्रबंधन को बढ़ावा देना है। इसके लिए समुदाय में डायरिया के प्रति जनजागरूकता को बढ़ावा देना अति आवश्यक है। एसीएमओ ने कहा कि ओआरएस और जिंक सभी स्वास्थ्य इकाइयों और आशा कार्यकर्ताओं के पास उपलब्ध है अगर बच्चे को डायरिया की शिकायत है तो इन जगहों से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश माथुर ने ओआरएस का घोल तैयार करने की सही विधि के बारे में बताया। गोष्ठी में पीएसआई इंडिया के अमरीश ने स्टॉप डायरिया कैंपेन के दौरान जिले में आयोजित की जा रहीं गतिविधियों, जैसे- प्रचार वाहनों का संचालन, स्कूलों में आयोजित की जा रहीं गतिविधियों के बारे में चर्चा की। इसके साथ ही नगर पालिका द्वारा संचालित कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों के माध्यम से भी डायरिया से संबंधित जागरूकता संदेशों का प्रसारण कर कैंपेन में सहयोग किया जा रहा है। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबन्धक (डीपीएम) कंचन बाला, डीसीपीएम रणविजय प्रताप सिंह, शहरी स्वास्थ्य समन्वयक राजीव पाठक, डॉ. विवेक सक्सेना, डॉ. शोभा सक्सेना, रामानंद बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या रीता दुबे, संचारी की नोडल अध्यापिका फराना, पीएसआई इंडिया से अनुपम मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# एपी पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह आयोजित



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

एपी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को छात्र परिषद का भव्य अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान अभय सिंह को हेड बॉय और गंगा यादव को हेड गर्ल चुना गया। पुलिस अधिकारियों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बैज और सैश पहनाकर पदभार ग्रहण कराया।

कार्यक्रम में कायमगंज इंस्पेक्टर क्राइम बी0 यादव और कुआं खेड़ा चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय पहुंचने पर छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट कर अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों, प्रबंध समिति के सदस्यों और प्रधानाचार्य ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह के दौरान न्यूटन, गैलीलियो, रमन और आइंस्टीन हाउस के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट किया और अतिथियों को सलामी दी। मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर बी0 यादव ने कहा कि विद्यालयों में छात्र परिषद का गठन बच्चों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करता है और उनमें भविष्य के नेतृत्व के गुण विकसित करता है।

प्रधानाचार्या अंजलि पांडे ने कहा कि अतिथियों के आगमन से विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ता है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर अशोक रस्तोगी, प्रदीप रस्तोगी, आकाश रस्तोगी, देवेंद्र दुबे, महेंद्र राजपूत, अवनीश चतुर्वेदी, उमा गुप्ता, अनूप पांडे, उत्कर्ष, वर्षा, पल्लवी दीक्षित, अमित पांडे, ए0 आनंद वर्धन, विकास भारती, अंकुर यादव, अंजना राठौर मौजूद रहे।

# गंगा उफान पर, चेतावनी बिंदु तक पहुंचा पानी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



गंगा नदी

पहाड़ों और मैदानी इलाकों में हो रही लगातार बारिश के चलते जनपद में गंगा नदी का जलस्तर एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगा है। नरौरा बैराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद तराई (निचले) क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों की चिंताएं गहरा गई हैं और बाढ़ का खौफ फिर से मंडराने लगा है। सिंचाई खंड द्वारा शुक्रवार को जारी की गई आधिकारिक बाढ़ नियंत्रण रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी बिंदु के बेहद करीब पहुंच चुका है। सुबह 8 बजे पांचालघाट स्थित लोहिया सेतु पर गंगा का जलस्तर 136.40 मीटर दर्ज किया गया। बता दें कि यहाँ गंगा का चेतावनी बिंदु 136.60 मीटर और खतरे का निशान 137.10 मीटर निर्धारित है। नदी अब चेतावनी बिंदु से मात्र 20 सेंटीमीटर नीचे बह रही है। तराई इलाकों के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय नरौरा बैराज से छोड़ा गया पानी है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष की रिपोर्ट के मुताबिक, नरौरा से गंगा नदी में 1,63,181 क्यूसेक पानी का भारी डिस्चार्ज किया गया है। जब यह पानी जनपद पहुंचेगा, तो जलस्तर में और अधिक वृद्धि होना तय माना जा रहा है। जलस्तर बढ़ने की आशंका से कटरी और नदी किनारे बसे दर्जनों गांवों के लोग आशंकित हैं। वहीं, जिले की दूसरी प्रमुख नदी रामगंगा की स्थिति अभी नियंत्रण में है। ब्रह्मदत्त द्विवेदी सेतु पर रामगंगा नदी का जलस्तर फिलहाल बिलो गेज (गेज से नीचे) दर्ज किया गया है। रामगंगा नदी में खो, हरेली और रामनगर बैराजों से कुल मिलाकर मात्र 2888 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। गंगा के लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिलाधिकारी और बाढ़ नियंत्रण कक्ष पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गए हैं। सिंचाई विभाग के अधिकारी लगातार गेज मीटर पर नजर बनाए हुए हैं। तराई क्षेत्र के ग्रामीण, जो हर साल बाढ़ की विभीषिका झेलते हैं, अपनी फसलों और मवेशियों को लेकर चिंतित हैं और संभावित खतरे को देखते हुए सतर्क हो गए हैं।

# सीओ अमृतपुर के स्थानांतरण पर पुलिस लाइन में दी गई विदाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



विदाई समारोह के दौरान सीओ ऐश्वर्या उपाध्याय व एसपी आदि

क्षेत्राधिकारी अमृतपुर के स्थानांतरण के अवसर पर पुलिस लाइन सभागार में सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह सहित जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी अमृतपुर के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं जनहितैषी कार्यों की प्रशंसा की तथा नवीन तैनाती के लिए शुभकामनाएं दीं। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्षेत्राधिकारी अमृतपुर के स्थानांतरण के अवसर पर पुलिस लाइन सभागार में एक भव्य सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सहित जिले के कई आला अधिकारियों ने निवर्तमान सीओ को भावभीनी विदाई दी और उनके द्वारा क्षेत्र में किए गए कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि क्षेत्राधिकारी अमृतपुर का कार्यकाल बेहद शानदार और उपलब्धियों भरा रहा। उन्होंने क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपराध पर अंकुश लगाने और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने में उनकी कार्यशैली सराहनीय रही। आम जनमानस की शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण कर उन्होंने पुलिस के प्रति जनता का विश्वास बढ़ाया। एसपी ने निवर्तमान क्षेत्राधिकारी को उनकी नई तैनाती और उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएँ दीं। समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक और अन्य साथी अधिकारियों ने निवर्तमान सीओ को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस भावुक अवसर पर निवर्तमान क्षेत्राधिकारी ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मिले मार्गदर्शन के लिए उच्चाधिकारियों और पूर्ण सहयोग के लिए अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, जिले के अन्य क्षेत्राधिकारी, विभिन्न थानों के प्रभारी निरीक्षक और पुलिस लाइन के कई कर्मचारी मौजूद रहे।

## नाबालिग को भगा ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नाबालिग को भगा ले जाने व जानमाल की धमकी देने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली मोहम्मदाबाद प्रभारी निरीक्षक आमोद कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 जुलाई को वादी द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में दर्शाया कि प्रबल प्रताप उर्फ अशूं पुत्र गोविंद सिंह निवासी अरसानी कोतवाली मोहम्मदाबाद अपने तीन साथियों के साथ मिलकर मेरी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुनः बातचीत करने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था और आरोपी युव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## खबरें एक नजर में

### श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया आषाढ़ी पर्व



मितौली (खीरी)। सनातन धर्म सेवा समिति के संरक्षण में कस्ता कॉलोनी स्थित सिद्ध बाबा स्थान पर आषाढ़ी पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन भी किया गया। शाम को धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत मंचित धार्मिक नाटक आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक परशुराम तिवारी के नेतृत्व में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु शामिल हुए।

### क्रूजर डिवाइडर से टकराई, 15 श्रद्धालु घायल

लंभुआ (सुलतानपुर)। वाराणसी से अयोध्या दर्शन के लिए जा रही एक क्रूजर गाड़ी शुक्रवार तड़के लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के पाण्डेयपुर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-731 पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद बिजली के खंभे से जा भिड़ी। हादसे में वाहन चालक समेत 15 श्रद्धालु घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, मध्य प्रदेश के शिवड़ी क्षेत्र के श्रद्धालु वाराणसी से अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे थे। सुबह करीब 5:15 बजे क्रूजर का टायर फटने से चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे गाड़ी पहले डिवाइडर से टकराई और फिर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा भिड़ी। दुर्घटना में चालक साहिल समेत कल्लू झरिया, बतिबाई झरिया, रजनी, बलराम, गीता झरिया, लखन, मनिया बाई, कुद्दी लाल, नुखिया बाई, सगुन, सती बाई, जगराम और दिव्या सहित कुल 15 लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी धीरज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य कर सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे में क्रूजर वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। अपर पुलिस अधीक्षक बृज नारायण सिंह ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दुर्घटना के बाद यातायात सामान्य करा दिया गया है तथा वाहन को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम प्रीति जैन राजस्व टीम के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ पहुंचीं। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना और चिकित्सकों से बातचीत कर सभी को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस और प्रशासन को घायलों की हरसंभव सहायता सुनिश्चित करने के लिए कहा।

### पांच हजार की रिश्वत लेते जिला उद्योग विभाग का बाबू गिरफ्तार

कुशीनगर। जनपद में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन संगठन गोरखपुर की ट्रैप टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र में तैनात कनिष्ठ सहायक (बाबू) शैलेश कुमार कुशवाहा को ?5 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत स्वीकृत ऋण की सब्सिडी जारी कराने के एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है। गिरफ्तारी के बाद विभाग में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार अमन कश्यप पुत्र अनिलेश कश्यप, निवासी मंगल बाजार, कप्तानगंज, जनपद कुशीनगर ने एंटी करप्शन संगठन गोरखपुर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि उनकी पत्नी के खाते में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत स्वीकृत 9 लाख रुपये के ऋण पर मिलने वाली सब्सिडी जारी करने के लिए जिला उद्योग विभाग में तैनात कनिष्ठ सहायक शैलेश कुमार कुशवाहा रु.5 हजार रिश्वत की मांग कर रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन संगठन ने पूरे मामले का सत्यापन कराया। शिकायत सही पाए जाने पर ट्रैप टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की। शुक्रवार को जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र के कार्यालय में जाल बिछाया गया। दोपहर लगभग 12:25 बजे जैसे ही शिकायतकर्ता अमन कश्यप ने आरोपी कर्मचारी को रु.5 हजार दिए, पहले से मौजूद ट्रैप टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से रिश्वत की रकम भी बरामद कर ली गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शैलेश कुमार कुशवाहा पुत्र मुन्नी लाल, निवासी शेखपुर पोस्ट कुलगांव, थाना महाराजपुर, जनपद कानपुर नगर के रूप में हुई है। वह वर्तमान में जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र, कुशीनगर में कनिष्ठ सहायक (बाबू) के पद पर कार्यरत था। एंटी करप्शन संगठन के प्रभारी निरीक्षक शिव मनोहर यादव ने बताया कि कुशीनगर के उद्योग विभाग में तैनात कनिष्ठ सहायक के विरुद्ध रिश्वत लेने की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत का सत्यापन कर साक्ष्य जुटाए गए, जिसके आधार पर ट्रैप टीम ने आरोपी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई रविन्द्रनगर धूस थाना में की जा रही है।

### मिशन शक्तिः बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी



हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के पुरवा औसान सिंह के प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को एसआई रमाशंकर व हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे, महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण तहत बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला सशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर (आईजीआरएस) – 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102, अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101, आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओ को जागरूक किया जा रहा है।

### स्कूल से लौटते समय स्कूटी सवार दो छात्राएं घायल, रेफर

हलिया (मिर्जापुर)। लालगंज थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार दो छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। यह घटना शुक्रवार दोपहर बस्तरा गांव स्थित ओवरब्रिज के नीचे हुई, जब वे विद्यालय से छुट्टी के बाद घर लौट रही थीं। उनकी स्कूटी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर से टकरा गई।लालगंज थाना क्षेत्र के थरपरसिया गांव की 18 वर्षीय तनु मिश्रा और उसरी पांडेय गांव की 20 वर्षीय जागृति तिवारी लालगंज के एक निजी विद्यालय में इंटरमीडिएट की छात्राएं हैं। शुक्रवार को स्कूल से छुट्टी होने के बाद वे घर लौट रही थीं। बस्तरा गांव में वाराणसी-रीवा राष्ट्रीय मार्ग के ओवरब्रिज के नीचे अचानक खेत की जुताई के बाद एक ट्रैक्टर तेजी से सड़क पर आ गया। स्कूटी अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर के कल्टीवेटर से टकरा गई, जिससे दोनों छात्राएं सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों छात्राओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# कृषि मंत्री के निरीक्षण में सब 'ऑल इज वेल'

**ज़मीन पर किसानों की लंबी कतारें और कालाबाजारी के आरोप**

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।



प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गुरुवार को लखीमपुर खीरी के विभिन्न उर्वरक केंद्रों और बी-पैक्स समितियों का निरीक्षण कर अधिकारियों से खाद की उपलब्धता, स्टॉक और वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के बाद मंत्री की ओर से सोशल मीडिया पर लगातार कई पोस्ट साझा की गई, जिनमें दावा किया गया कि किसानों को निर्धारित सरकारी मूल्य पर समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही अधिकारियों को ओवररेटिंग, टैगिंग और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। लेकिन सवाल यह है कि क्या निरीक्षण वास्तविक स्थिति तक पहुंच पाया, या अधिकारियों द्वारा दिखाई गई फाइलों और रजिस्टरों तक ही सीमित रह गया? पिछले कुछ दिनों में धौरहरा तहसील और ईसानगर क्षेत्र से खाद वितरण को लेकर सामने आए कई मामले मंत्री के दावों से बिल्कुल अलग तस्वीर पेश करते हैं। किसानों का आरोप है कि जहां एक ओर सोशल मीडिया पर व्यवस्था सुचारु बताई जा रही है, वहीं दूसरी ओर कई समितियों पर खाद की कालाबाजारी, अनियमित वितरण, गलत रिकॉर्ड, ओवररेटिंग और पक्षपात के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। एक नहीं, कई मामलों ने खड़े किए सवाल पिछले दिनों लाखुन बी-पैक्स समिति से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें एक निजी घर से डीसीएम वाहन पर यूरिया की बोरियां लोड होती दिखाई दीं। हालांकि वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी, लेकिन किसानों ने आरोप लगाया कि समिति पर खाद नहीं मिलने के बावजूद निजी माध्यमों से खाद की आवाजाही होती रही। समिति सचिव ने वीडियो को पुराना बताते हुए आरोपों से इनकार किया।

इसके बाद सिंगावर बी-पैक्स समिति पर भी गंभीर आरोप लगे। किसानों का कहना है कि दिनभर लाइन में लगने के बावजूद उन्हें खाद नहीं मिली, कई दिन दौड़ते रहे कर्मचारी सिस्टम समझते रहे, फिर वहां के सचिव ने खमरिया बुलाया फिर वहां भी खाद नहीं मिली जबकि शाम 5:30 को चुनिंदा लोगों को ट्रॉली से यूरिया वितरित कर दी गई। इतना ही नहीं, गुरुवार 30 जुलाई को कई किसानों ने एसडीएम धौरहरा को नोटरी शपथपत्र देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इसी दौरान धौरहरा क्षेत्र में रात के समय 15 बोरी यूरिया से लदे ई-रिक्शा का वीडियो भी वायरल हुआ। किसानों ने आरोप लगाया कि दिन में स्टॉक खत्म बताया जाता है और रात में बड़े पैमाने पर खाद बाहर भेजी जाती है। अधिकारियों का जवाब सिर्फ इतना रहा कि जांच चल रही है। गलती से दूसरी समिति पहुंच गई खाद ईसानगर ब्लॉक में सिंगावर समिति के नाम आवंटित यूरिया की खेप लाखुन समिति में उतरने का मामला भी सामने आया। संबंधित अधिकारी ने इसे गलती बताया और बाद में समायोजन की बात कही। लेकिन किसानों का सवाल आज भी वही है कि यदि यह गलती थी तो दूसरी समिति में खाद कैसे उतर गई, वितरण कैसे हो गया और जिम्मेदारी किसकी तय हुई? खाद के लिए लाइन, दो किसान बेहोश सिसैया स्थित इफ्को केंद्र पर यूरिया लेने पहुंचे किसानों की लंबी कतार के दौरान दो किसानों के बेहोश होने का वीडियो भी सामने आया। किसानों का कहना था कि कई दिनों से सुबह से लाइन में लगने के बावजूद कई लोगों को खाद नहीं मिलती। किसानों का कहना है कि उन्हें किसी बयान या सोशल मीडिया पोस्ट से नहीं, बल्कि समय पर उचित मूल्य पर खाद मिलने से भरोसा होगा। क्या इन शिकायतों, शपथपत्रों और वायरल वीडियो की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाएगी, या फिर सब कुछ फाइलों और रजिस्टरों में ही ऑल इज वेल दिखता रहेगा।

## आर्थिक संकट से जूझ रहे परिवार को मिली राहत, स्वयं सेवकों ने पहुंचाई राशन किट

लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।



सदर तहसील क्षेत्र के रामापुर गांव में आर्थिक तंगी से गुजर रहे एक जरूरतमंद परिवार को स्वयंसेवकों द्वारा राशन किट उपलब्ध कराई गई। परिवार की स्थिति की जानकारी मिलने के बाद राहत सामग्री घर पहुंचाई गई, जिससे उन्हें तत्काल राहत मिली। जानकारी के अनुसार, परिवार के मुखिया राजेंद्र सिंह के पुत्र की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद परिवार आर्थिक संकट में आ गया और कच्चे मकान में जीवनयापन कर रहा है। सूचना मिलने पर संबंधित सेवा दल ने परिवार का सत्यापन कराया और सहायता उपलब्ध कराई। राशन किट में आटा, चावल, चना दाल, उड़द दाल, खाद्य तेल, चीनी, चाय पत्ती, दूध पाउडर, नहाने व कपड़े धोने का साबुन सहित अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री दी गई। सेवा कार्य संत रामपाल जी महाराज की अन्नपूर्णा सेवा के तहत किया गया। परिवार के सदस्यों ने सहायता मिलने पर सेवा दल और सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। स्वयंसेवकों ने बताया कि इस सेवा के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों तक समय-समय पर आवश्यक खाद्य सामग्री पहुंचाई जाती है।

## कृषि मंत्री ने मालपुर में किसानों से लिया फीडबैक, खाद संकट पर अधिकारियों को दिए निर्देश

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।



खरीफ सीजन में गन्ना और धान की फसलों के लिए उर्वरकों की बढ़ती मांग के बीच प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गुरुवार को लखीमपुर खीरी के बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र का दौरा कर किसानों से खाद की उपलब्धता को लेकर सीधा संवाद किया। इस दौरान किसानों ने खाद मिलने में आ रही दिक्कतों से अवगत कराया, जिस पर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मालपुर गांव पहुंचने पर निवर्तमान भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कृषि मंत्री का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद मंत्री ने किसानों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों ने समय पर खाद उपलब्ध न होने और वितरण में आ रही परेशानियों की जानकारी दी।

कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों को सरकारी निर्धारित दरों पर समय से उर्वरक उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खाद वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाए और किसी भी स्तर पर किसानों को परेशानी न होने दी जाए।

जिला प्रशासन ने भी स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सभी तहसीलों में खाद बिक्री केंद्रों का औचक निरीक्षण लगातार जारी रहेगा। यदि कोई विक्रेता निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली करता है या खाद के साथ अन्य सामान खरीदने के लिए दबाव बनाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि खाद वितरण से जुड़ी किसी भी अनियमितता की सूचना तत्काल कृषि विभाग अथवा प्रशासन को दें, ताकि दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा सके।

### इलाज के दौरान घायल युवक की मौत, एम्बुलेंस चालक पर लापरवाही का आरोप

बिजुआ खीरी। भीरा थाना क्षेत्र में गुरुवार को कार और बाइक की भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल युवक की लखनऊ ले जाते समय मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने एम्बुलेंस चालक पर जानबूझकर धीमी गति से वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए समय पर उपचार न मिलने की बात कही है। पुलिस ने मामले में तहरीर मिलने पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम हीरपुर निवासी सहजराम (35) पुत्र मोतीलाल गुरुवार दोपहर अपनी पत्नी को लेने मुर्गाहा जा रहे थे। दोपहर करीब दो बजे भीरा-पलिया मार्ग पर विवेकानंद एकेडमी के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सहजराम गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना पर पहुंची भीरा पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को विवेकानंद एकेडमी की बस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया। वहां से भी डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि ट्रामा सेंटर ले जाते समय एम्बुलेंस चालक ने वाहन धीमी गति से चलाया, जिससे रास्ते में हरगांव के पास सहजराम की मौत हो गई। उनका कहना है कि यदि समय पर अस्पताल पहुंचाया जाता तो उनकी जान बच सकती थी। उधर, हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस को कार की तलाशी में एक पहचान पत्र मिला, जिस पर अरुण कुमार रस्तोगी पुत्र अजय रस्तोगी निवासी टेहरा शहरी, थाना पलिया का नाम दर्ज है। हालांकि पुलिस का कहना है कि यह स्पष्ट नहीं है कि आईडी धारक ही वाहन चला रहा था या कोई अन्य व्यक्ति। दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। थानाध्यक्ष अमित पांडेय ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सफाई व्यवस्था ध्वस्त होने को लेकर व्यापारियों ने दिया ब्लॉक गेट पर धरना

**एसडीएम के आश्वासन पर व्यापारियों ने धरना खत्म किया**

महराजगंज, समृद्धि न्यूज़।



विकास खंड धानी अन्तर्गत स्थित ग्राम सभा कानापार के उर्फ़ रामनगर धानी बाजार में लंबे समय से बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर व्यापारियों का सब्र का बांध आखिर आज सावन मास के प्रथम दिन टूट ही गया। बताया जाता है कि आज गुरुवार को व्यापार मण्डल अध्यक्ष बलराम अग्रहरि महामंत्री अभिषेक अग्रहरि के नेतृत्व सभी व्यापारियों ने बाजार बंद का निर्णय लेते हुए ब्लॉक मुख्यालय के मुख्य गेट पर धरना-प्रदर्शन शुरू कर ध्वस्त सफाई व्यवस्था को लेकर विरोध जताया । देखते ही देखते बड़ी संख्या में व्यापारियों के धरने पर बैठने की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया और धरना स्थल पर उपजिलाधिकारी फरेंदा प्रेमशंकर पाण्डेय ,नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल के साथ पहुंच गए। उन्होंने व्यापारियों से समस्याओं की बिन्दुवार जानकारी लेते हुए धानी बाजार का स्थलीय निरीक्षण भी किया,बाजार में जगह-जगह गंदगी, कूड़े के ढेर और सफाई व्यवस्था की बदहाली देखकर व्यापारियों की शिकायत को सही ठहराया। इसको लेकर साथ मे मौजूद बीडीओ धानी माधुरी देवी को कड़ी फटकार लगाते हुए चार दिन के अंदर धानी बाजार की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चुस्त दुरुस्त कराने का सख्त दिशा निर्देश दिया,साथ ही साथ सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों की भूमिका की जांच कर ग्राम पंचायत सचिव के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए। उसके पश्चात व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी फरेंदा को अपना ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में व्यापारियों द्वारा उल्लेख किया गया था कि धानी बाजार में नियमित सफाई न होने से दुकानदारों और राहगीरों को दुकान खोलने व लगाने तथा आने जाने में दिक्कत होती है।

### एसडीएम लालगंज अजीत कुमार ने सावन के पहले दिन कोटार नाथ शिव धाम की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



हलिया (मिर्जापुर)। सावन माह के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां परखीं। एसडीएम लालगंज अजीत कुमार ने गुरुवार को कोटार नाथ शिव धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मंदिर परिसर में पैदल घूमकर सुरक्षा, सफ़ाई, पेयजल, लाइट और श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया। उनके साथ मंदिर समिति के पदाधिकारी और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। एसडीएम अजीत कुमार मंदिर परिसर में दुकानदारों और श्रद्धालुओं से बातचीत कर व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया है । परिसर में खिलौने और पूजा सामग्री की दुकानें सज गयी है ।एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सावन के पूरे महीने भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, बैरिकेडिंग कराई जाए, सफ़ाई व्यवस्था नियमित रखी जाए और एम्बुलेंस व प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध रहे। उन्होंने दुकानदारों से भी अपील की कि वे निर्धारित स्थान पर ही दुकान लगाएं और परिसर में साफ़-सफ़ाई बनाए रखें ।प्रशासन का कहना है कि सावन में जलाभिषेक के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए लगातार निगरानी रखी जाएगी ।इस दौरान राजस्व निरीक्षक अशोक दुबे, ग्राम प्रधान विनोद सिंह मौजूद रहे।

## पत्नी की हत्या के छह दिन बाद पति की संदिग्ध मौत

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।



श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के कुड़वा उर्फ मुड़कटिया गांव में पत्नी की हत्या के महज छह दिन बाद उसके पति की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। गुरुवार सुबह शिवनारायण का शव घर में मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

बताया जा रहा है कि बीते शुक्रवार सुबह शिवनारायण की पत्नी रुक्मिणी का खून से लथपथ शव घर के बाहर चारपाई पर मिला था। इस हत्याकांड ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अभी इस मामले की जांच चल ही रही थी कि छह दिन बाद शिवनारायण की मौत ने पूरे घटनाक्रम को नया मोड़ दे दिया। गुरुवार सुबह शिवनारायण के निधन की सूचना मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों के बीच उनकी मौत को लेकर अलग-अलग तरह की चर्चाएं होती रहीं। कुछ लोगों का कहना है कि अत्यधिक मानसिक तनाव के कारण उन्हें हृदयाघात हुआ होगा, जबकि कई ग्रामीण इसे संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत मान रहे हैं। पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।परिजनों के अनुसार शिवनारायण पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान थे और उनका इलाज गोरखपुर के एक निजी मनोचिकित्सक से चल रहा था। परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं। प्रारंभ में बड़े बेटे गुलशन और उसके ननिहाल पक्ष के लोग शव का पोस्टमार्टम कराने के पक्ष में नहीं थे। हालांकि मौके पर पहुंचे श्यामदेउरवा थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने परिजनों को समझाया कि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम आवश्यक है। इसके बाद परिजन सहमत हुए और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत के कारणों को लेकर कोई स्पष्ट निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारण सामने आएंगे। फिलहाल पुलिस सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई कर रही है। पत्नी की हत्या और उसके कुछ ही दिनों बाद पति की संदिग्ध मौत ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है। अब सभी की निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच पर टिकी हैं, जिससे इस रहस्यमयी घटनाक्रम की सच्चाई सामने आ सके।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना 207 जोड़ों का हुआ विवाह

सुलतानपुर। विकास खंड बल्दीराय परिसर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 207 जोड़ों का विवाह एवं निकाह संपन्न कराया गया। इनमें 205 हिंदू जोड़ों का वैदिक रीति-रिवाज से विवाह कराया गया, जबकि दो मुस्लिम जोड़ों का इस्लामी परंपरा के अनुसार निकाह संपन्न हुआ। समारोह में शहनाई की धुन, वैदिक मंत्रोच्चार और निकाह की रस्मों के बीच नवदंपतियों ने जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया। एक ही मंच पर दोनों धर्मों की परंपराओं के साथ आयोजित कार्यक्रम सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश देता नजर आया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रही है। इससे जरूरतमंद परिवारों को सम्मानपूर्वक बेटियों का विवाह कराने में सहायता मिल रही है। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर जिला परियोजना निदेशक अशोक कुमार सिंह, एसडीएम बल्दीराय प्रभात सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण, खंड विकास अधिकारी विमलेश चंद्र त्रिवेदी, एडीओ पंचायत दयावंत सिंह, एपीओ मनरेगा स्मिता सिंह, मनोज कुमार यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विशाल जायसवाल, आचार्य सूर्यभान पांडे, अवधेश दुबे, मुकेश अग्रहरि, राजधर शुक्ला, प्रधान मोहम्मद सम्मु, नायब तहसीलदार गुलाब सिंह, सीओ आशुतोष कुमार, थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार सिंह, आरजू नय्यर, एडीओ आईएसबी शिवकुमार, सचिव प्रदीप कुमार सिंह, एडीओ अरविंद कुमार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## दुबौली कमल सरोवर का अधिकारियों ने किया निरीक्षण संरक्षण के लिए मैरिज लॉन संचालन का प्रस्ताव

सुलतानपुर, समृद्धि न्यूज़।



लंभुआ क्षेत्र स्थित दुबौली कमल सरोवर के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण की दिशा में प्रशासन ने पहल शुरू कर दी है। धोपाप विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी द्वारा जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र के बाद मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को डीसी एनआरएलएम के.डी. गोस्वामी और खंड विकास अधिकारी लंभुआ ने कमल सरोवर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सरोवर का संचालन कर रहे स्वयं सहायता समूह की समूह सखी संगीता सिंह एवं अन्य सदस्य भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर रवीन्द्र त्रिपाठी ने अधिकारियों के समक्ष सुझाव रखा कि कमल सरोवर परिसर में स्वयं सहायता समूह को मैरिज लॉन संचालित करने की अनुमति दी जाए। उनका कहना था कि इससे होने वाली आय से समूह स्वयं सरोवर के रखरखाव, सफाई, हरियाली और सौंदर्यीकरण का कार्य नियमित रूप से कर सकेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रेरणा कैंटीन जैसी योजनाओं की अपेक्षा मैरिज लॉन का संचालन अधिक व्यावहारिक होगा, जिससे स्वयं सहायता समूह आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन सकेगा। इस प्रस्ताव का स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भी समर्थन किया। रवीन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि लाखों रुपये की लागत से विकसित दुबौली कमल सरोवर कभी जिले का प्रमुख आकर्षण था, लेकिन वर्तमान में इसकी स्थिति चिंताजनक है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सरोवर की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## पंचायत सहायकों व सचिवों को दिया स्वस्रोत राजस्व पोर्टल का प्रशिक्षण

भरावन, हरदोई। विकासखंड भरावन के सभागार में शुक्रवार को पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित स्वस्रोत राजस्व पोर्टल (ओएसआर) से सेवा वितरण के लिए पंचायत सहायकों व ग्राम पंचायत सचिवों को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख विनोद सिंह तोमर ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अरविंद कुमार व सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ध्रुव पांडे ने पंचायतों की आय के स्रोतों को बढ़ाने, ऑनलाइन सेवाओं के प्रभावी संचालन व पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ह्रस्क्र की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचायतों के विकास एवं बेहतर सेवा वितरण के लिए पंचायत सहायकों और सचिवों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण सत्र में रवीश खान व इतिशा गुप्ता ने प्रतिभागियों को ह्रस्क्र पोर्टल, राजस्व सृजन, ऑनलाइन सेवा वितरण तथा पोर्टल के संचालन संबंधी तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। इस दौरान सचिव स्वाती शुक्ला, अमर सिंह, अजय अवस्थी, सतीश गौड़, प्रिया प्रजापति, निधि यादव, सुशील कुमार मौजूद रहे।

## चिकित्सा में ध्यान पर विशेष व्याख्यान, मेडिकल छात्रों को बताए तनाव प्रबंधन के उपाय

सुलतानपुर, समृद्धि न्यूज़।



स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, दुबेपुर परिसर में भविष्य के चिकित्सकों को मानसिक रूप से सशक्त एवं तनावमुक्त बनाने के उद्देश्य से ÷मेडिसिन में ध्यान÷ आंतरिक शांति के लिए एक चिकित्सक की मार्गदर्शिका÷ विषय पर विशेष व्याख्यान एवं व्यावहारिक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रथम वर्ष के एमबीबीएस छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मुख्य वक्ता वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्षवर्धन घोरपड़े ने छात्रों को निर्देशित ध्यान का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नियमित ध्यान से तनाव कम करने, एकाग्रता बढ़ाने तथा मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायता मिल सकती है। उन्होंने कुण्डलिनी जागरण की अवधारणा तथा उसके वैज्ञानिक पक्ष पर भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. आलोक कुमार ने इंटरनेशनल सहज योग रिसर्च एंड हेल्थ सेंटर से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए तनाव प्रबंधन में कुण्डलिनी जागरण के सकारात्मक प्रभावों का उल्लेख किया। वहीं श्री जितेंद्र पठारे तथा डॉ. निन्के कुमार ने भी ध्यान और आत्म-साक्षात्कार की प्रक्रिया पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने बताया कि सहज योग, निर्मला देवी द्वारा प्रारंभ की गई एक अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक पहल है, जिसके माध्यम से आत्म-साक्षात्कार और ध्यान की तकनीक को विश्वभर में लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. डॉ. सलिल श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिभा, डॉ. अंशुमान, डॉ. सुशील, डॉ. राकेश एवं डॉ. शिवांगी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।